सुप्रभात

रांची, बुधवार

26.04.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 281




12 आशा भोसले व विद्या बालन को मिला लता स्मृति पुरस्कार

# जीवन रक्षा को मिली उड़ान

## झारखण्ड की जनता के लिए पहली बार

## एयर एम्बुलेंस सेवा




## सेवा का शुभारंभ - 28 अप्रैल 2023


**नागर विमानन प्रभाग से संपर्क करें**

+91 82105 94073

0651-4665515

airambulance.cad@gmail.com





## सेवा हेतु प्रमुख मार्गों पर दरें -

| सेक्टर | दर | सेक्टर | दर |
|---|---|---|---|
| रांची - नई दिल्ली | ₹5.00 लाख | रांची - हैदराबाद | ₹7.00 लाख |
| रांची - मुम्बई | ₹7.00 लाख | रांची - वाराणसी | ₹3.30 लाख |
| रांची - चेन्नई | ₹8.00 लाख | रांची - लखनऊ | ₹5.00 लाख |
| रांची - कोलकाता | ₹3.00 लाख | रांची - तिरुपति | ₹8.00 लाख |

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य मार्गों पर परिचालन हेतु यह सेवा ₹1,10,000 /- मात्र प्रतिघंटे की दर पर उपलब्ध रहेगी, यथा - रांची - चंडीगढ़, रांची - पटना आदि

**रांची तथा**
देवघर | दुमका
बोकारो | धनबाद
जमशेदपुर | गिरिडीह
एयरपोर्ट पर भी एयर एम्बुलेंस सेवा होगी उपलब्ध

**अधिकतम दो घंटे में**
एयर एम्बुलेंस उड़ान हेतु होगा तैयार।
आपातकालीन उपकरणों सहित चिकित्सक के साथ सेवा होगी उपलब्ध

**फ्लाइट रीशिड्यूल**
करने का भी विकल्प, बशर्ते प्रस्तावित रीशेड्यूल में किसी अन्य आवेदक का प्रोग्राम प्रभावित न हो रहा हो

**पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण**
एयर एम्बुलेंस सेवा।
एयर एम्बुलेंस सेल की सेवा 24X7 घंटे रहेगी उपलब्ध

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार


PRNO 295944 ( IPRD) 23-24

## अधिवक्ता फिर से करेंगे आंदोलन

**रांची।** अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग को लेकर राज्य के वकील फिर आंदोलन करेंगे। वकील राज्य सरकार से पिछले कई वर्षों से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को सिविल कोर्ट रांची के 3500 से अधिक वकीलों ने काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य किया। जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने बताया कि 17 अप्रैल को कार्यकारिणी समिति की बैठक में काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य करने का निर्णय लिया गया था।

## केंद्रीय शिपिंग मंत्री ने साहिबगंज में बने मल्टी मॉडल बंदरगाह का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/साहिबगंज।** केंद्रीय शिपिंग मंत्री शांतनु ठाकुर दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को साहिबगंज पहुंचे। केंद्रीय मंत्री बंगाल से सड़क मार्ग होते हुए पहुंचे और सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया। जिला प्रशासन की ओर से भी एडीसी और डीएसओ ने उनका अभिनंदन किया। केंद्रीय शिपिंग मंत्री वर्तमान में पश्चिम बंगाल के 24 परगना का निवासी हैं। अपने दौरे के क्रम में शाम को उन्होंने मल्टी मॉडल बंदरगाह का निरीक्षण किया। इस बंदरगाह का पीएम नरेंद्र मोदी ने 6 अप्रैल 2017 को शिलान्यास किया था। दो साल बाद हजारीबाग से इस पोर्ट का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया था। शांतनु ठाकुर निरीक्षण कर विभाग को रिपोर्ट सौपेंगे।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (खनन शाखा)

**Cat-II बालू घाटों का एम0डी0ओ0 चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र0 | बालूघाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) | Yearly Production as per EC limit (CUM) | e-Tender reference No | वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुम्हैना, कोनी, सिरोपक, नगवा | गावां | 324, 751, 325, 622, 123, 1038 | 49.24 | 537213.6 | GSA03/MDO/GRD/01-2023 | 26.04.2023 | 04.05.2023 | 06.05.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender Documents के अनुसार | उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह |
| 2. | हरहरा, एकसिया, पेकरा | गावां | 243/अंश, 1/अंश, 260/अंश | 20.00 | 272868.75 | GSA04/MDO/GRD/02-2023 | | | | | |

नोट : 1. जे0एस0एम0डी0सी0, राँची द्वारा Category - B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं जे0एस0एम0डी0सी0, राँची द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तें, एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
गिरिडीह।

PR 295879 Mines and Geology(23-24)D

### ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/14/Ranchi,Div-01/2023-24 दिनांक–25-04-2023

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Extension work of 1st Floor at OPD Complex RINPAS Hospital Kanke Ranchi Jharkhand | Rs.2,48,70,834.00 | 09 माह |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.05.2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय | 16.05.2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9031478851 | |
| 6 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9905899979 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR 295940 Building(23-24)D

### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई–निविदा**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 03/2023–24 दिनांक 24.04.2023

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंचायत सिरम के ग्राम जमडीह में विपिन कुजूर के घर से अखडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | पेशरार | 642300.00 | 1250.00 | 12900.00 | 03 (तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 03.05.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 09.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 10.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 10.05.2023/03:00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्कतानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 295895 Lohardaga(23-24)#D

### झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

47वीं औपबंधिक सूची जिला–राँची

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम की विवरणी | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–267 2. आवेदक–प्रभाकर तिर्की 3. पिता–स्व0 फिलिप तिर्की 4. ग्राम–कांके रोड पोस्ट–गांधी नगर 5. थाना–गोंदा प्रखण्ड–सदर रांची 6. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष 7. पहचान चिह्न–माथे पर कटे का निशान। | चुटिया थाना काण्ड सं0 260/87 | नहीं | कारण :– दि0 25.09.1987 को झारखण्ड बंद के अवसर पर नाजायज मजमा बनाकर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147, 148, 149 भा0द0वि0 पार्टी–आजसू जेल की अवधि–01 माह 03 दिन | कंडिका 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–327/23 2. आवेदक–समर बसु मल्लिक उर्फ संजय बसु मल्लिक 3. पिता–अजित बसु मल्लिक 4. ग्राम–हिन्दपीढ़ी पोस्ट–हिन्दपीढ़ी 5. थाना–हिन्दपीढ़ी प्रखण्ड–सदर 6. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | नहीं | नहीं | कारण–झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित पुस्तकों में नाम के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक–325/23 2. आवेदक–दयामनी बारला 3. पति–नेलसन बारला 4. ग्राम–न्यू गार्डेन, सिरम टोली पोस्ट–चुटिया 5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–सदर 6. लिंग–महिला आयु–60 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–चेहरे पर छाय का निशान। | नहीं | नहीं | कारण–झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित पुस्तकों में नाम के आधार पर। | कंडिका 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक–326/23 2. आवेदक–मुकुन्द नायक 3. पिता–स्व0 पुरन नायक 4. ग्राम–नायक मुहल्ला, चुटिया पोस्ट–चुटिया 5. थाना–चुटिया प्रखण्ड–सदर 6. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष 7. पहचान चिन्ह–ठुढ्ढी में कटे का निशान। | नहीं | नहीं | लोक कला–संस्कृति के माध्यम से झारखण्ड आन्दोलन के उत्साह को बढाना। | कंडिका 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक–324/23 2. आवेदक–संजय बसु 3. पिता–स्व0 सुनील कृष्णा बसु 4. ग्राम–कांके रोड पोस्ट–कांके 5. थाना–कांके प्रखण्ड–कांके 6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष 7. पहचान चिह्न–बांये आंख के बगल में दाग। | चाईबासा (मुफ्फ) थाना काण्ड सं0 24/93 | नहीं | कारण :– दि0 15.03.1993 को झारखण्ड बंद तथा दिनांक 16.03.1993 को अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–427, 120 बी भा0द0वि0 पार्टी–आजसू | कंडिका 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक–82/23 2. आवेदक–हीरालाल महतो 3. पिता–स्व0 महेश्वर महतो 4. ग्राम–सुण्डील पोस्ट–तुतकी नवाडीह 5. थाना–सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली 6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष 7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | झालदा थाना काण्ड सं0–08/88 जी0आर 661/88 | नहीं | कारण :– दिनांक 30.05.1988 को झामुमों के कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य परिवहन बस को तोड़फोड़ करने का आरोप धारा–147/427 भा0द0वि0 पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन | कंडिका 2(viii) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR295918 (Home)23-24*D


### झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सुप्रीम कोर्ट से संज्ञान लेने का किया आग्रह

# गैर-भाजपाई राज्य सरकारों को काम नहीं करने देना चाहती है केंद्र सरकार : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी द्वारा सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के निजी सचिव और सरकारी कर्मचारी उदय शंकर के घर छापेमारी पर झामुमो ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कोई भी सरकार चलती है, तो सीएम, मंत्री एवं उनके अफसरों-कर्मियों से हर दिन सैकड़ों लोग मिलने आते हैं, जो मिलने आते हैं, वे लिखित फरियाद लेकर आते हैं।




लोकप्रिय सरकार का यह दायित्व बनता है कि उनकी समस्या का समाधन करे, इसके लिए संबंधित अफसरों को फोन करे। हमलोगों को भी पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं के सैकड़ों फोन आते हैं, लोग आते हैं। हमलोग भी संबंधित अफसरों को समस्या के समाधान को लेकर फोन करते हैं। यह तो अजीब स्थिति बन गयी है। कोरोना खत्म होने के बाद जैसे ही सरकार अपने काम में जुटी, केंद्र सरकार एक साजिश के तहत जांच एजेंसियों को लगा दिया। ऐसा महौल पैदा किया जा रहा है कि सरकार कोई काम ही न करे। अब ऐसा लगने लगा है कि न केंद्र सरकार खुद काम करेगी और न गैर-भाजपाई राज्य सरकारों को काम करने देगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए कि अब तक कितनी बार गैर-भाजपाई सरकारों में सीबीआई, आइटी और ईडी की कार्रवाई हुई और कहां से क्या निकला।

### संघीय ढांचा को समाप्त करने पर तुला केंद्र

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र में आपकी बहुमत की सरकार है, आपके पास पावर है, अगर आप गैर–भाजपाई राज्य सरकारों को कहीं नहीं देखना चाहते, तो एक प्रस्ताव लाकर घोषित कर दें कि जब तक यह सृष्टि रहेगी, केंद्र से लेकर राज्यों तक केवल और केवल भाजपा की सरकार रहेगी। सारी समस्या ही खत्म हो जाएगी। केंद्र सरकार पूरे संघीय ढांचा को समाप्त करने पर तुली है। अब अति हो गया है, बर्दाश्त से बाहर है।

## सरकारी स्कूलों में सुबह 7 से एक बजे तक कक्षाएं

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में बुधवार से एक बार फिर सुबह 7 से 1 बजे तक कक्षाएं चलेंगी। इसे लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। शिक्षा सचिव ने डीइओ और डीएसई को सूचित किया है कि 26 अप्रैल से स्कूल की टाइमिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्कूल राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित समय के अनुसार कार्य करेंगे। बताते चलें कि झारखंड में अत्यधिक गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्कूलों की समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया था। यह आदेश 25 अप्रैल तक प्रभावी था।

## वन भूमि की खरीद-बिक्री मामले में केंद्र और राज्य जवाब दाखिल करे : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 27 जून को होगी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर आदि) और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि की खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है। इसकी जांच कराई जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से राज्य के जंगल की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक की तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमण कारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है।

## समर्पित कार्यकर्ताओं को बोर्ड और निगम में जगह मिले : सुनील सिंह

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व सचिव सुनील कुमार सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार के बोर्ड-निगम में पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जगह मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 8 बोर्ड निगम मिलने की संभावना है। इसमें वैसे कार्यकर्ताओं को जगह मिले, जिन्होंने कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ जिम्मेवारी निभाते हुए 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को 16 सीटों पर विजय दिलायी थी।

## बिना जांच हुए बन्ना पर कोई कार्रवाई न हो : हाजी मतलूब

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी मतलूब इमाम ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से आग्रह किया है कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर जल्दीबाजी में फैसला न लें। उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दलों खासकर भाजपा की साजिश है।

### सरयू राय ने सरकार पर साधा निशाना, कहा

## स्वास्थ्य मंत्री मामले में कार्रवाई नहीं होना संदेह पैदा करने वाला

**उदय चौहान**

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मंगलवार को कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के मामले में ईमानदारी से जांच होनी चाहिये। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वो स्वास्थ्य मंत्री के गलत कार्यों पर भी कार्रवाई नहीं करते। बन्ना प्रकरण में राज्य की राजनीति पूरी तरह गरमा गयी है। निर्दलीय विधायक ने मंगलवार को बन्ना गुप्ता के अश्लील वीडियो में शामिल महिला की पहचान भी उजागर की है। सरकार की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया जाना संदेह पैदा करने वाला है।



**बन्ना गुप्ता प्रकरण की हो ईडी जांच :** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में वे ईडी को जरूर पत्र लिखेंगे। यह मामला छोटा नहीं लग रहा है। यह मामला कहीं ना कहीं मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा हुआ है। हालांकि इस मामले को जांच करें या ना करें यह ईडी का काम है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार को पत्र लिखकर मंत्री बन्ना गुप्ता के अश्लील वीडियो चैट के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेकर मंत्री को मुख्य अभियुक्त बनाकर प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही है। पत्र में सरयू राय ने एसएसपी को सलाह दी है कि वीडियो चैट में मौजूद महिला से भी पूछताछ की जाये और उक्त महिला को उचित सुरक्षा मुहैया करायी जाये।

## मंजूर अहमद अंसारी बने प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुमोदन के बाद एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंजूर अहमद अंसारी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति के बाद रांची जिला महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली ने कहा कि मंजूर अंसारी के चेयरमैन बनाने से अल्पसंख्यक कांग्रेस मजबूत होगा। इन्होंने बोकारो जिलाध्यक्ष रहते हुए संगठन को काफी सशक्त किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय, शहजादा अनवर, सुलतान अहमद, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, अख्तर अली, डॉ राकेश किरण महतो, कुमार राजा, डॉ एम तौसिफ, तारिक अनवर, तौकिर अख्तर, रमजान, फिरोज ने बधाई दी है।

### खबर एक नजर में

#### सीएम ने शहीद गंगा नारायण सिंह को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमिज विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद गंगा नारायण सिंह जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और जीविका के लिए अंग्रेज शोषण के खिलाफ उनके विद्रोह और संघर्ष को हमेशा याद रखा जायेगा।

#### देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 जून की तारीख मुकर्रर की। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। वर्ष 2022 में फ्लाइट टेकऑफ करने को लेकर हुए विवाद के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर डीसी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए देवघर डीसी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

#### विनोद कुमार गंझू की बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी भोक्ता कंस्ट्रक्शन, चतरा के मालिक विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को एनआईए ने टेकओवर करते हुए केस दर्ज किया था। इसी के आधार पर ईडी ने भी विनोद कुमार गंझू के खिलाफ मनी लांड्रिंग का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया है।

#### हाइकोर्ट ने जेटेट परीक्षा पर सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने राज्य सरकार 4 सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 26 जून निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया है कि एनसीईटी की गाइड लाइन, राज्य सरकार के शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली–2019 के तहत कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष जेटेट परीक्षा आयोजन होना है लेकिन राज्य में वर्ष 2016 से जेटेट की परीक्षा नहीं ली गई है।

#### कर्नाटक में बनेगी भाजपा सरकार : अन्नपूर्णा



**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि कर्नाटक की जनता राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार चाहती है इसलिये, कर्नाटक में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। वह मंगलवार को कर्नाटक के चिकोडी जिले में निपानी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी शशिकला जोल्ले के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों ने महिलाओं को जो अधिकार और सम्मान दिया, वह अतुलनीय है। झारखंड की रघुवर दास के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में मात्र 1 रुपए के सांकेतिक शुल्क पर महिलाओं के नाम 50 लाख तक की संपत्ति के निबंधन की योजना का भी जिक्र किया।

#### विस्थापितों के हक में संघर्ष रहेगा जारी : वामदल

**रांची।** सीपीआई के पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा है कि राज्य में विस्थापन का मुद्दा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विस्थापन का तीसरा दौर शुरू हो गया है। ताजा मामला हजारीबाग जिले में एक निजी कंपनी को आवंटित गोंदलपुरा कोयला खदान का है जहां जिला प्रशासन द्वारा बुलाई गई जन सुनवाई में ग्रामीणों ने कोयला खदान के लिए जमीन दिए जाने से इंकार कर दिया। उसके बावजूद कपंनी ने किसानों और रैयतों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया। वहीं माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि राज्य में जल्द विस्थापित आयोग का गठन किया जायेगा और एक समय सीमा के अंदर विस्थापितों की समस्याओं का निदान किया जायेगा लेकिन यह काम अभी तक लंबित है। उन्होंने कहा कि झारखंड के जिन इलाकों मे विस्थापितों के संगठन आंदोलन कर रहे हैं उनको चिन्हित कर मई में उनकी संयुक्त बैठक आयोजित की जायेगी।

### उपभोक्ताओं को पांच किस्तों में बिजली बिल भरने की दी जायेगी जानकारी

# आज से शुरू होगा जेबीवीएनएल का कैंप

### कैंप में उपभोक्ता उठा सकते हैं किस्तों में बिल भरने का लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ऊर्जा मेला और ऊर्जा संवाद की तर्ज पर आज बुधवार से झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का आयोजन वन टाइम सेटलमेंट स्कीम-ओटीएस के तहत डीपीएस माफी के लिए किया जा रहा है। यहां उपभोक्ता स्कीम के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, स्कीम का लाभ भी उठा सकते हैं। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की मानें तो सरकार की ओर से लंबे समय से बिजली बिल बकायेदारों को बिजली बिल में छूट दी जानी है। इसके लिये कैंप का आयोजन कर लोगों को जानकारी दी जायेगी। उपभोक्ता चाहे तो अपना बिजली बिल पांच किस्तों में जमा करा सकते हैं। इसके तहत 25 अप्रैल को नारो बाजार नगड़ी, दोलैया लापुंग, हुरहुरी रातू, मंदरो मांडर, करकट चान्हो, उमेडंडा बुड़मू, खलारी, लोटा सिल्ली, सालटन अनगड़ा, तैमारा बुंडू, ओरमांझी ब्लॉक पीएसएस, उरगुप्तु कांके, ओरमांझी बाजार में कैंप का आयोजन किया जायेगा। रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की ओर से अन्य इलाकों में भी कैंप का आयोजन किया जायेगा। इसकी सूची जल्द तैयार की जायेगी।

### दिसंबर 2012 से उपभोक्ता ले सकते हैं लाभ

ओटीएस के तहत पांच किस्तों में उपभोक्ता बिजली बिल भुगतान कर सकते हैं। वहीं, डिले पेमेंट सरचार्ज (डीपीएस) माफी का भी लाभ उठा सकते हैं। दिसंबर 2012 तक के बिजली बिल बकाया होने पर उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इसका मतलब जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल दिसंबर 2012 से बकाया है, वो इसका लाभ उठा सकते हैं। इसकी वैधता 31 दिसंबर 2022 तक है। ऐसे में जनवरी 2023 के बाद से बिजली उपभोक्ताओं का बिल बकाया होने पर इसका लाभ नहीं ले सकते हैं। स्कीम एक अप्रैल से शुरू की गयी है और 30 जून तक स्कीम का लाभ उपभोक्ता ले सकते हैं।

### 1003 करोड़ रुपये माफ करेगी सरकार

जेबीवीएनएल के पास वर्तमान में लगभग 50 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें से 42 लाख घरेलू ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता है, जिनकी बिजली खपत एक से पांच किलोवाट तक है। ऐसे उपभोक्ता इस स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। सरकार डीपीएस मद में बकाया 1004.03 करोड़ रुपये माफ करेगी। डीपीएस माफ होने पर सरकार जेबीवीएनएल को सब्सिडी देगी। जिनका कनेक्शन काट दिया गया है, वो इसका लाभ ले सकते हैं। पिछले साल ओटीएस का लाभ लिया है, वो इसका लाभ नहीं ले सकते है।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
26.04.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 281



12 आशा भोसले व विद्या बालन को मिला लता स्मृति पुरस्कार

## गोस्सनर कॉलेज के दो छात्रों की रीमिक्स फॉल में डूबने से मौत

- मृतकों में एक गिरिडीह जिला बल में पदस्थापित मुकेश कुमार का बेटा
- दो बाइक से चार दोस्त गये थे रीमिक्स फॉल, दो बचाये गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/ खूंटी।** रीमिक्स फॉल में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गयी, जबकि दो साथियों को लोगों ने डूबने से बचा लिया। घटना खूंटी जिला के मारंगहादा थाना क्षेत्र की है। जिन छात्रों की डूब कर मौत हुई है, उनकी शिनाख्त बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र के सुधीर सिंह का पुत्र सौरव सिंह (20) और हजारीबाग के मुकेश नारायण का पुत्र अनुराग कुमार (20) के रूप में की गयी है। दोनों हजारीबाग जिले के सिंदूर थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं। लोगों ने जिन दो छात्रों को बचाया, उनमें से एक प्रिंस कुमार और दूसरा आलोक गुप्ता है। आलोक चुटिया थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। अनुराग के पिता मुकेश कुमार संतोष गिरिडीह जिला बल में एएसआई के पद पर पदस्थापित हैं, जबकि सौरव के पिता सुधीर सिंह सीआरपीएफ में हैं। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को सूचित कर दिया है। मृतक दोनों छात्र रांची के गोस्सनर कॉलेज के छात्र थे। खूंटी डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को चार दोस्त दो बाइक से रीमिक्स फॉल घूमने आये थे। चारों वहां नहाने लगे। इसी दौरान वे गहरे पानी में डूबने लगे। उन्हें डूबता देख स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन इनमें दो की मौत हो गयी।

## चुटूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने बस को मारी टक्कर
## जमशेदपुर पुलिस बल के जवान गणेश भगत समेत तीन की मौत

- हादसे में दो दर्जन घायल गंभीर रूप से जख्मी रिम्स रेफर
- बिहार के बख्तियारपुर से रांची जा रही थी बस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हादसे के बाद मचा कोहराम :** दुर्घटना के बाद कोहराम मच गया। अफरा-तफरी के माहौल में एनएचएआइ व पुलिस की टीम ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 14 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। बख्तियारपुर से बदौनी नामक यात्री बस रांची जा रही थी। ट्रेलर रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा था। ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर तड़प कर दूसरी लेन में जा कर बस से टकरा गया। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि दो लोगों को रिम्स में भर्ती किया गया है। इनमें सुशील कुमार का इलाज न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ सीबी सहाय की यूनिट में किया जा रहा है। सुशील की स्थिति नाजुक है। वहीं नवीन कुमार का इलाज सर्जरी विभाग के डॉ आरएस शर्मा की देखरेख में चल रहा है।

**रामगढ़।** चुटूपालू घाटी में मंगलवार की सुबह एक बस हादसे में जमशेदपुर पुलिस बल में पदस्थ एक पुलिसकर्मी गणेश भगत समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में करीब दो दर्जन लोग घायल हो गये हैं। गंभीर रूप से जख्मी लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची भेजा गया है। यह बस बख्तियारपुर (बिहार) से रांची जा रही थी। रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि यह हादसा एक ट्रेलर के ब्रेक फेल होने से हुआ। ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे लेन में पहुंचकर बस से टकरा गया। टक्कर के बाद दोनों वाहन घाटी में पलट कर खाई में गिर गये। दुर्घटना के बाद रांची-रामगढ़ लेन पर कई घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### सीएम ने दी बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क की सौगात, कहा
## अपने वीर सपूतों को याद रखना हम सबका दायित्व

- बोले, पार्कों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में करें मदद
- महान स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का किया अनावरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड वीरों, शहीदों और आंदोलनकारियों की धरती रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों पर नजर डालेंगे तो यहां के अनेकों वीरों और आंदोलनकारियों ने देश और राज्य के लिये अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हम अपने वीरों, शहीदों को याद करें, यह हमारा कर्तव्य और दायित्व बनता है। सीएम श्री सोरेन मंगलवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी में नवनिर्मित वीर कुंवर सिंह पार्क में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पार्कों को स्वच्छ और सुरक्षित करने में अपनी सार्थक भूमिका निभायें।

(शेष पेज 11 पर)

### पार्क में होगी वीर कुंवर सिंह की पूरी जीवनी

मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के हरमू वासियों को वीर कुंवर सिंह पार्क की सौगात देते हुए कहा कि यहां उनकी सिर्फ प्रतिमा ही नहीं होगी, बल्कि वीर कुंवर सिंह की पूरी जीवनी का जिक्र होगा। जो लोग यहां आयेंगे, उनके बारे में पूरी जानकारी लेकर जायेंगे। इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी को अपने वीरों, शहीदों, आंदोलनकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से अवगत कराना है।

### पीएम मोदी ने देश को दी पहली वाटर मेट्रो, कहा
## राज्यों का विकास ही देश की प्रगति का परिचायक

**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने मंगलवार को यहां देश के पहले वाटर मेट्रो सर्विस का उदघाटन किया। साथ ही केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी और विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इस मौके पर पीएम ने कहा कि सरकार सहकारी संघवाद पर ध्यान केंद्रित करती है। सरकार राज्यों के विकास को देश के विकास का सूत्र मानती है। राज्यों का विकास ही देश की प्रगति का परिचायक है।

केरल का विकास होगा तो भारत का विकास और तेज होगा। हम इस सेवा भावना के साथ काम कर रहे हैं। मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के लोगों की कड़ी मेहनत एवं विनम्रता उनकी विशिष्ट पहचान को परिलक्षित करती है। वे वैश्विक परिदृश्य को समझने में सक्षम हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### धीरे-धीरे किया जायेगा इसका विस्तार



देश की पहली वाटर मेट्रो परियोजना को पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखायी। अभी इसकी सेवाएं सीमित होंगी, लेकिन धीरे-धीरे इसका विस्तार किया जायेगा। जल संसाधन उपलब्ध होने के कारण यह सेवा सस्ती और सुगम होगी। अभी वाटर मेट्रो को दो रूटों पर चलाया जायेगा। कोच्चि वाटर मेट्रो पूर्ण रूप से शुरू होने पर कोच्चि के आसपास 10 द्वीपों को जोड़ा जा सकेगा। यह मेट्रो बैटरी द्वारा संचालित है। इसे पर्यावरण के अनुकूल माया गया है। श्री मोदी ने कोच्चि वाटर मेट्रो को मेड इन इंडिया परियोजना का हिस्सा बताते हुए इसके वास्ते बंदरगाहों के विकास के लिए कोच्चि शिपयार्ड को बधाई दी।

## संजय तिवारी की डिस्चार्ज अर्जी पर फैसला चार को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में 100 करोड़ रुपये मिड डे मिल घोटाले की राशि की मनी लॉउंड्रिंग के मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर बिल्डर संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना फैसला चार मई को सुनायेगी। आरोपी संजय तिवारी ने मामले में अपने आपको आरोप मुक्त का अनुरोध करते हुए 19 जनवरी को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी। मनी लाउंड्रिंग मामले में वह जेल में है।

(शेष पेज 11 पर)

## चार राज्यों में पीएफआइ के कई ठिकानों पर एनआइए की दबिश

- दरभंगा और मोतिहारी में कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के कैडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बार फिर से एनआइए ने बड़ा एक्शन लिया है। मंगलवार को एनआइए ने चार राज्यों यूपी, बिहार, एमपी, पंजाब और गोवा में संगठन से जुड़े संदिग्धों के 17 से ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी को लेकर एजेंसी की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

जांच एजेंसियों को विशेष इनपुट मिला था कि अभी भी पीएफआइ गैरकानूनी काम कर रहा है। जांच सूत्रों के मुताबिक बिहार में 12, उत्तर प्रदेश में दो और पंजाब के लुधियाना और गोवा में एक-एक स्थान पर छापेमारी की गयी। कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

(शेष पेज 11 पर)

## देश की आर्थिक गति तेज, पर कई खतरे भी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक, आइएमएफ और एशियन डेवलपमेंट बैंक ने इस साल भारत की इकॉनमी की दुनिया में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने का अनुमान जताया है, लेकिन वित्त मंत्रालय ने आगाह किया है कि देश की इकॉनमी के लिए कई संभावित खतरे हैं। मंत्रालय ने इनसे अलर्ट रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में मंगलवार को कहा कि भारत को कृषि उत्पादन में कमी, दामों में बढ़ोतरी और जियोपॉलिटिकल बदलावों जैसे संभावित जोखिमों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।

(शेष पेज 11 पर)

### न्यूज डायरी

#### पंजाब के पांच बार सीएम रहे प्रकाश सिंह बादल का निधन

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल (95) का मंगलवार शाम निधन हो गया। श्री बादल पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया।

#### सिसोदिया शराब घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता

**नयी दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में सीबीआई की चार्जशीट में अब डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का भी नाम जुड़ गया है। दाखिल की गयी पूरक चार्जशीट में सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल भी शामिल हैं।

#### केजरीवाल के घर के पास उड़ाया गया ड्रोन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में बड़ी चूक की खबर सामने आ रही है। आम आदमी पार्टी यानी 'आप' ने दावा किया है कि सीएम के घर के पास एक ड्रोन उड़ता नजर आया है। उनका घर नो फ्लाई जोन में है।

#### पीएलएफआइ के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** पुलिस ने हथियार के साथ चार पीएलएफआई के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनमें विष्णु मांझी, आयुष टेटे, अनिल बाड़ा और दर्शन अग्रवाल शामिल हैं। इनके पास से कई हथियार और मोबाइल भी बरामद किये गये हैं।

#### धनबाद में दिनदहाड़े चार लाख की लूट

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड पर मंगलवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने हथियार दिखाकर अनाज व्यापारी के कर्मचारी से 3.72 लाख रुपये लूट लिये। विरोध करने पर अपराधियों ने व्यापारी के साथ मारपीट भी की।

#### बंगाल में फिर हिंसा थाने में लगायी आग

**पश्चिम बंगाल।** उत्तरी दिनाजपुर के कालियागंज में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। गुस्साये लोगों ने कालियागंज थाने में आग लगा दी। भीड़ ने नाबालिग बच्ची की मौत से गुस्सा होकर यह कदम उठाया। कुछ दिन पहले भी इसे लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया था। अगलगी के बाद थाने के समीप पुलिस तैनात है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

## मातृभाषा में दी जा रही सरकारी स्कूलों में शिक्षा

- लोकल भाषा को प्राथमिकता देने की मुख्यमंत्री की पहल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विभिन्न अवसरों पर अक्सर कहते हैं कि देश के कई राज्य अपनी परंपरा, संस्कृति और भाषा को साथ लेकर अग्रणी राज्यों में शामिल हैं, लेकिन, झारखंड में यहां की स्थानीय भाषाओं को प्रमुखता नहीं दी गयी। यही वजह है कि झारखंड पिछड़ा रहा और सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लोगों को नहीं मिल पाया। स्थानीय भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक की संथाली, कुड़ुख, मुंडारी और खड़िया में कराने का निर्णय लिया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी सिंहभूम, साहिबगंज, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में इसे शुरू किया गया है, जिससे बच्चों को मातृभाषा आधारित शिक्षा प्राप्त हो सके। अगर स्थानीय भाषा में उन्हें योजनाओं की जानकारी दी जाती तो योजना का लाभ लोगों को जरूर प्राप्त होता। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य के सभी अधिकारी और कर्मचारी अब जोहार शब्द से अपना संवाद शुरू करने लगे हैं। सरकार स्थानीय भाषाओं का प्रचार-प्रसार कर रही है। सरकार की योजनाओं की जानकारी और उसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने को लेकर सरकार ने यह प्रयास शुरू किया है।

### अधिकारी लोकल भाषा में करें लोगों से संवाद

सीएम ने कहा था कि झारखंड में पदस्थापित होने वाले अधिकारियों को स्थानीय भाषा की जानकारी होनी चाहिए। जिससे वे अपनी बात लोगों तक सार्थक ढंग से पहुंचा सकें। ऐसा होने से लोग उनकी बातों को आसानी से समझकर उसपर अमल करेंगे। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्देश भी दिया है। स्थानीय भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक की पढ़ाई हो, संथाली, कुड़ुख, मुंडारी और खड़िया में कराने का निर्णय लिया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी सिंहभूम, साहिबगंज, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और गुमला में इसे शुरू किया गया है।



## स्पीड न्यूज

### झामुमो अध्यक्ष रंजीत ने डीडीसी और लोकपाल को सौंपा ज्ञापन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सेमरी पंचायत में मनरेगा नियमों की अनदेखी कर पशु सेड बनाने का आरोप झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने लगाया है। रंजीत सिंह ने इस संबंध में उप विकास आयुक्त तथा मनरेगा लोकपाल को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि सेमरी पंचायत में एकता कुमारी ,विजय प्रसाद, प्रियंका देवी, अवध प्रसाद, प्रीति सिद्धार्थ, प्रमोद प्रसाद तथा संजय प्रसाद को पशु सेड का लाभ दिया गया है जो कि ये सम्पन्न व्यक्ति हैं। सभी एक ही परिवार से आते है और आयकर दाता भी है। वहीं पशु सेड वाहन खड़ा करने के लिए गैरेज का काम आता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की राशि का दुरूपयोग करना है। उन्होंने इस मामले की जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग वरीय पदाधिकारी से किया है। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई करने की भी बात कही है।

### हाइवा के धक्के से व्यापारी की मौत

**नावाबाजार।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावाबाजार थाना क्षेत्र के बाना गांव के पास अज्ञात हाइवा के धक्का से छेना का व्यापारी लालमोहन यादव (35) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना सोमवार के रात करीब दस बजे की है। जानकारी के अनुसार मृतक लालमोहन प्रतिदिन शाम में घर से बाइक पर छेना लेकर मेदिनीनगर जाता था। मेदिनीनगर से रात में ही लौट जाता था। सोमवार को लालमोहन अपने साथियों के साथ लौट रहा था। इसी दौरान बाना होटल के उसका एक साथी होटल में गया था और लालमोहन सड़क के एकदम किनारे बाइक खड़ा कर बाइक पर ही बैठा था। इस दौरान मेदिनीनगर से हरिहरगंज तरफ जा रही एक हाइवा बाइक में धक्का मारते हुए बाइक सहित लालमोहन दो सौ फीट तक घसीटते हुए ले गया  जिससे लालमोहन की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। रात्रि होने के कारण हाइवा चालक ने हाइवा लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने तत्काल नावाबाजार थाना पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया। घटना के ग्रामीणों में काफी आक्रोश था।

### सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग

नावाबाजार के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम ने कहा है कि पड़वा मोड़ से नावाबाजार तक मुख्य का अतिक्रमण कर लिया गया है इस कारण लगातार दुर्घटना हो रहा है। पूर्व जिप सदस्य अनुज राम ने जिला प्रशासन से अतिक्रमण हटाने के साथ ही सड़क किनारे अवैध रूप से शराब बेचने वाले के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि अक्सर वाहन चालक सड़क किनारे के दुकानो होटलो में शराब पी लेते हैं जिससे दुर्घटना बढ गई है।

### राउमवि कमारु के शिक्षक संजीव तिवारी को ग्रामीणों ने बनाया बंधक



**सतबरवा।** राउमवि कमारु के शिक्षक संजीव तिवारी को ग्रामीणों ने मंगलवार को करीब एक घंटे तक उनके कार्यालय कक्ष में बंधक बनाकर रखा। कुछ घंटे बाद विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, शिक्षक गोविंद प्रसाद, बीपीओ मनोज तिवारी, एमडीएम प्रभारी विवेक सिन्हा, सीआरपी मो आसीफ, मुखिया संतोष उरांव, धीरज कुमार, पंसस प्रेमचंद उरांव के पहल पर शिक्षक को कमरे से बाहर निकाला गया। वहीं बंधक बनाए जाने की सूचना मिलने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार कमारू विद्यालय पहुंचे।वहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की। मौके पर उन्होंने कहा कि पलामू के हर स्कूलों में अब पढ़ाई से ज्यादा राजनीति हो रही है, जो शिक्षा और शिक्षण के प्रति गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेजें। स्कूलों में राजनीति ठीक बात नहीं है। राज्य सरकार बच्चों के शिक्षा के प्रति काफी कुछ कर रही है। एमडीएम से लेकर बच्चों के किताब, पठन-पाठन सामग्री, पोशाक, जूते और बैग हर साल मुहैया करायी जाती है ताकि छात्रों को पढ़ाई करने में कोई कठिनाई नहीं हो। पूर्व प्रभारी एचएम वर्तमान विद्यालय के शिक्षक संजीव तिवारी को बंधक बनाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डीएसई मनोज कुमार ने कहा कि कानून को किसी भी व्यक्ति को हाथ में लेने का अधिकार नहीं दिया जाएगा। शिक्षक को बंधक बनाया जाना घोर अपराध है। अगर इनसे कुछ शिकायत है, तो आपको उच्च अधिकारियों को सूचना देनी चाहिए थी ताकि जांच करके इन पर कार्रवाई किया जा सके। उन्होंने इस दौरान स्कूल के छात्रों व रसोइया से शिक्षक के उपस्थिति के अलावा विद्यालय में मिलने वाली एमडीएम की जानकारी ली। छात्रों ने स्कूल के शिक्षक के पक्ष में तथा एमडीएम मीनू के अनुसार मिलने की बात कही। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 156 छात्रों में मात्र 6 अभिभावक मौजूद थे। शिक्षक के एक साल तक के स्कूल पहुंचने का बायोमेट्रिक हाजिरी की जांच उपलब्ध कराने का निर्देश बीईईओ हरेंद्र तिवारी को दिया है। आरोप सही पाए जाने पर शिक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। कमारू गांव के ग्रामीणों नेआरोपी शिक्षक पर कई आरोप लगाए हैं जिसमें कहा गया है कि शिक्षक स्कूल में आने के बाद हमेशा मोबाइल में व्यस्त रहना, एसएमसी का अध्यक्ष का बाहर होना, स्कूल में ठीक ढंग से रंगरोगन नहीं कराया जाना तथा विद्यालय में होने वाली बैठक की सूचना ग्रामीणों को नहीं दिया जाना समेत कोरोना काल में कुकिंग कोस्ट की राशि मनमाने तरीके से बांटने का आरोप लगाया है। बताया गया कि बीते एक मार्च को ग्रामीणों के द्वारा स्कूल में हंगामा करके शिक्षक को इस विघालय से हटाने की मांग की गई थी। वहीं आरोपी शिक्षक संजीव तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा आरोप लगाने के बाद बुनियादी विद्यालय में अपना योगदान दिया था। उसके बाद आठवीं व नौवीं बोर्ड परीक्षा में वीक्षण कार्य किया उसके उपरांत विभागीय आदेश के बाद फिर से शनिवार को मूल विद्यालय में योगदान दिया हूं। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद और तथ्य से परे है। मैं प्रतिदिन समय पर स्कूल आकर छात्रों को इमानदारी पूर्वक शिक्षा देता हूं। एमडीएम मेनू के अनुसार नियमित रूप से बच्चों को दिया जाता है।

# सिटी बस में अब मात्र 5 रुपया ही लगेगा किराया : महापौर

- **अरुणा शंकर ने दिया छात्राओं एवं महिलाओं को शानदार तोहफा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, माननीय पार्षदगण, नगर आयुक्त रवि आनंद एवं सहायक नगर आयुक्त परितोष कुमार ने सामूहिक रूप से महिलाओं के लिए मेदनीनगर नगर निगम द्वारा संचालित होने वाली पिंक सिटी बस का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। महापौर ने कहा पिंक सिटी बस मेरा एक सपना था मैं चाहती थी हमारी काम करने वाली बहने, कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राएं और माताओं, बहनों को बाजार, अस्पताल आने जाने हेतु झारखंड मैं सबसे न्यूनतम दर पर महिला पिंक सिटी बस का परिचालन अपने निगम क्षेत्र में कराऊं जो सपना आज पूरा हो रहा। आज बस का उद्घाटन कर दिया गया एक मई से इसका परिचालक पूरे निगम क्षेत्र में शुरू हो जाएगा। महापौर ने बताया निगम ने 10 से 20 रुपया तक  दूरी के हिसाब से भाड़ा निर्धारित की है जबकि रांची में 10 से 25 रुपया तक का किराया लिया जाता है पर मुझे खुशी है की  मेरे कहने पर संवेदक ने मात्र 5 रुपया निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं आने जाने हेतु किराया लेना स्वीकार किया है जिसके लिए संवेदक बधाई के पात्र हैं। महापौर ने कहा अगर संवेदक को नुकसान होगा तो मैं स्वयं अपने निजी खर्च से हर माह उसकी भरपाई करूंगी। महापौर ने कहा प्रतिदिन शहर एवं गांव से पढ़ाई या नौकरी हेतु आने वाली हमारी बहनों का अगर मै आने-जाने मैं होने वाली खर्च महीने में 500 से 1000 रुपया भी बचा पाती हूं तो उनके लिए यह रुपया उनके कॉलेज और स्कूल के फीस या घर के दूसरे कार्यों मैं काम आ सकता, क्योंकि मैं एक महिला होने के नाते जानती हूं कि महिला कैसे एक एक रुपया जोड़कर घर के जरूरतों को पूरा करती। महापौर ने बस के बारे में बताया इस बस में दो महिला कंडक्टर, एक पुरुष ड्राइवर, एक पुरुष खलासी रहेगा। चारों बस में जीपीएस लगे हुए हैं आप अपने मोबाइल से बस को ट्रैकिंग कर सकते। सभी बसों में मोबाइल चार्जर की भी सुविधा दी गई है। महापौर ने बस के रूट के बारे में बताया एक बस चैनपुर शाहपुर विमेंस कॉलेज होते जीएलए कॉलेज जनता शिवरात्रि कॉलेज तक जाकर फिर  शाहपुर लौटेगा वहीं दूसरी बस मेडिकल कॉलेज से प्रारंभ होकर जीएलए कॉलेज विमेंस कॉलेज डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक से वापस लौटेगा तीसरा बस रांची रोड चियाकी से शुरू होकर विमेंस कॉलेज जीएलए कॉलेज डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक से वापस लौटेगा चौथा बस सिगरा बैरिया जीएलए कॉलेज विमेंस कॉलेज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए बैरिया फ्लाईओवर से सिगरा जाएगा। उपमहापौर मंगल सिंह ने सबको बधाई देते हुए कहा महापौर का यह सपना था महिला पिंक सिटी बस चले और मेरी भी चाहत थी कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले जिसकी आज मुझे खुशी है।

### मैं इतिहास मिटने से बचाने पर विश्वास रखती हूं : महापौर



मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर कई  चौक चौराहों का नाम अपने मुख्य एजेंडा मैं दे कर बोर्ड से पारित  कराया। नगर निगम बोर्ड की बैठक उपरांत महापौर शंकर ने बताया कि अब हमीदगंज विनय चौक का नाम  जरासंध चौक के नाम से जाना जाएगा। शिव मंदिर सिंगरा एन एच 75 समीप चौक का नाम शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक के नाम से नोटिफाइड किया गया है। जबकि लाल कोठा से महावीर मंदिर तक जाने वाले मार्ग का नाम भगवान महावीर  मार्ग से जाना जाएगा। महापौर ने कहा की शहर के जाने-माने संगीत शिक्षक स्वर्गीय राजाराम मिश्रा के आवास जाने वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय राजाराम मिश्र मार्ग के नाम से जाना जाएगा। वहीं रांची रोड से एन एच ए आई कार्यालय तक के मार्ग का नाम वीर सावरकर पथ होगा । महापौर ने कहा मैं इतिहास मिटाने नहीं इतिहास मिटने से बचाने में विश्वास रखती हूं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा हुई

## लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण करायें बीडीओ : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में दोड्डे ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली और लंबित पीएम आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने लंबित आवासों के कारणों से अवगत हुए बताया गया कि कहीं बालू की आपूर्ति ना होना तो कहीं तय मानक से बड़े आकार का घर निर्माण करना और लाभुकों का पलायन कर जाना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने जिले में लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु सबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर पीएम आवास से जुड़ी लाभुकों की समस्याओं को दूर करने के लिए अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जिले के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### पांडू पंचायत सचिवालय में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी

## संगठित हो कर समाज का करें निर्माण : जगदीश सिंह

**राजकुमार सिंह**





**पांडू पलामू।** पांडू के पंचायत सचिवालय में मंगलवार को क्षत्रिय जागृति मंच के द्वारा बाबू बीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक रामबेलास सिंह व संचालन प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने किया, मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय जागृति मंच के हुसैनाबाद पूर्व मुखिया जगदीश सिंह, विशिष्ठ अतिथि के रूप में जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सीबी रमण सिंह, उंटरीरोड मुखिया अशोक सिंह, युवा नेता अविनाश सिंह उर्फ सिंटू सिंह, गोविंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू बीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया वहीं उपस्थित अतिथियों को पगड़ी दे कर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया जगदीश सिंह ने कहा कि किसी भी संघ-संगठन को एकजुटता के साथ चलाने की जरूरत है जिससे एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके, उन्होंने कहा कि क्षत्रिय जागृति मंच अपने समाज के मजबूती के लिए सहयोग व सेवा भाव से कार्य करेगा। कहा कि पांडू में आयोजित बाबू बीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर हम सबों को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करने की जरूरत है। क्षत्रिय जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा की समाज को एकजुट हो कर कार्य करने की जरूरत है जिससे समाज में फैली कुरुतियां को दूर किया जा सके।

वहीं गोविंद सिंह ने मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया जगदीश सिंह को तलवार भेंट किया, वहीं मंच के संस्थापक प्रेमतोष सिंह को युवा समाजसेवी सिंटू सिंह ने तलवार भेंट कर सम्मानित किया, इस मौके पर मुख्य अतिथि जगदीश सिंह ने युवा समाजसेवी अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह को तलवार भेंट कर पांडू क्षत्रिय जागृति मंच के लिए जिम्मेवारी सौंपी।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कृष्णविजय सिंह उर्फ बुचुन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, शंभुशरण सिंह, ब्रजभूषण सिंह, श्यामसुंदर सिंह, अरविंद सिंह, बबलू सिंह, नीरज सिंह, अखिलेश सिंह, सिकन्दर सिंह, सुदर्शन सिंह, विजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, उदय सिंह, बिजय सिंह, मुन्ना सिंह, सुधीर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड की हुई बैठक

बैठक में सत्र 2023-24 के लिए 104 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव पारित

आजादी के बाद शहर को संवारने का सौभाग्य मुझे मिला : अरुणा शकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम का कार्यकाल 28 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इसके पूर्व निगम के अंतिम एवं 24 वा बोर्ड की बैठक महापौर अरुणा शंकर की अध्यक्षता में की गई।

इसमें निगम के 35 वार्ड में विभिन्न योजनाओं को संचालित कराने के लिए पार्षदों ने बैठक में प्रस्ताव रखा। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक में सत्र 2023-24 के लिए 104करोड़ रुपए का बजट तैयार कर ध्वनि मत से पारित किया गया। जिसे बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान किया। बैठक का संचालन करते हुए नगर आयुक्त सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि आप लोगों के कार्यकाल का यह अंतिम बैठक है। उन्होंने कहा कि बोर्ड की बैठक में जो भी योजना ली गई है उस पर भविष्य में काम चालू कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने 27 अप्रैल को भारत माता की प्रतिमा एवं गांधी उद्यान का अनावरण किए जाने की घोषणा किया। महापौर अरुणा संकर ने कहा कि नगर निगम के पांच वर्ष बीत चुके। इसमें दो वर्ष कोरोना काल में चला गया। जिसके तहत काम नहीं के बराबर किया गया। लेकिन विगत तीन वर्षों के कार्यकाल में नगर निगम के सभी वार्डों में विकास को फैलाया गया। जिससे क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम को विकास के पथ पर ले जाने के लिए निगम के कर्मी एवं पार्षदों ने साथ मिलकर चलने का काम किया। बैठक में पार्षदों ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जो योजना बनकर तैयार हो चुका है। उसका उद्घाटन कार्यकाल समाप्ति होने के पूर्व ही कराया जाए। बैठक में सह नगर आयुक्त परितोष कुमार, वार्ड पार्षद नवीन गुप्ता, धीरेंद्र पांडे, विवेकानंद त्रिपाठी, गोल्डी शुक्ला, कमर यासमीन नईमा बीबी, अहिल्या गुप्ता ,मनोज सिंह, प्रदीप अकेला समेत अन्य उपस्थित थे।

### चियांकी में बांझपन निवारण शिविर का आयोजन



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा निर्देशक पशुपालन विभाग के निदेर्शानुसार पलामू जिला मुख्यालय अंतर्गत सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना अंतर्गत पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन सदर मेदिनीनगर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, प्रखंड प्रमुख बसंती देवी ,जिला पशुपालन पदाधिकारी पलामू डॉ विद्यासागर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें डा उदय कुमार सिन्हा सहायक कुकुट विकास पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर डॉ अनुप विलियम लकड़ा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मानातु डॉ शशी सिन्हा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनीषा, डॉ दीनबंधु गुप्ता, डॉ तौफिक और पशुपालन कर्मी, कृत्रिम गभार्धान कर्मी उपस्थित। शिविर में बांझपन से जुझ रही मवेशियों का चिकित्सीय जांच एवं दवा का निशुल्क वितरण किया गया। 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने कहा इस तरह का आयोजन निरंतर होने से पशुपालकों को लाभ मिलेगा एवं कई तरह की बीमारियों से पशुओं को क्या दवा देना उसकी जानकारी पशु चिकित्सक द्वारा उपलब्ध कराने से लाभ मिलेगा। साथ ही साथ किसान पशुपालन के क्षेत्र में कैसे आत्मनिर्भर हो कर अपने एवं पूरे परिवार की आजीविका पा सकते हैं। पाठक ने कहा कि हमारे राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख जी कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे रहे हैं ताकि इस तरह से किसानों एवं पशुपालकों को ग्रामीण स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके एवं अपनी आमदनी को दिन प्रतिदिन बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई तरह के प्रखंड जिला एवं राज्य स्तर पर पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर के शिक्षित पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक एवं-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे सभी लोग अपने क्षेत्र में रोजगार पा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी इस तरह का शिविर का आयोजन निरंतर अपने प्रखंड क्षेत्र में कराते रहेंगे एवं जो भी समस्या आएंगे उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर विभिन्न गांव के किसान मोहन यादव राजू यादव भोला यादव राजूराम बबन ठाकुर अर्जुन ठाकुर सावित्री देवी शांति देवी जर्मनिया देवी के साथ कई अन्य पशुपालक, महिला एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संत मरियम स्कूल के छात्र आनंद को मिला राष्ट्रीय स्तर का स्पांसरशिप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर। प्रो एम एम एल लीग के तत्वाधान में मुंबई में आयोजित होने वाली नेशनल ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप जो कि 28 और 29 अप्रैल को मुंबई के मलाड स्थित मड आईलैंड में होने वाली है। इस चैंपियनशिप में कुल 21 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता के पूर्व इसके आयोजन से पहले धनबाद में कोच निमित्त साहनी द्वारा फाइटर सिलेक्शन ट्रायल सेमिनार का आयोजन किया गया था। सेमिनार में झारखंड से 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें से पलामू के आनंद कुमार का सिलेक्शन किया गया था। कोच निमित्त साहनी के द्वारा उन्हें इस टूर्नामेंट में पूरी तरह निशुल्क भाग करने के लिए स्पॉन्सरशिप की घोषणा की गई थी।**



**आनंद कुमार, डाल्टनगंज स्थित संत मरियम स्कूल के छात्र है जो इस प्रतियोगिता में एक स्पॉन्सर फाइटर की तरह पार्टिसिपेट करेंगे और प्रो एम एम ए लीग के बैनर तले इस नेशनल ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व भी करेंगे। छात्र की सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बधाई देते हुए कहा कि आनंद शुरूआती दौर से ही कराटे के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रयासरत रहा है।**

### दुपट्टे में झूलते हुए मिला प्रेमिका का शव, प्रेमी पर लगा हत्या करने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखण्ड थाना क्षेत्र के अलिमदद गांव में प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी पर अपने ही प्रेमिका को हत्या कर दुपट्टा से लटकाने की मामला प्रकाश में आया हैं इस सबन्ध में मृतिका की मां शोभा देवी पति अनिरुद्ध राम ने हुसैनाबाद थाना में अपने बेटी के प्रेमी एवं गांव के ही निवास राम पर हत्या करने का आरोप लगाया हैं आवेदन में मृतिका के मां ने कहा हैं की हमलोग घर पर नही थे मुझे देवर द्वरा सूचना मिली कि 23 अप्रैल की रात्रि में मेरी बेटी रंजू कुमारी घर में सोई हुई थीं एवं ठीक उसके बगल के रूम व आंगन में मेरे देवर उमेश राम सोए हुए थे तभी रात्रि में बगल के रूम से कुछ गिरने की आवाज मिली जब मेरे देवर व परिजनों ने दरवाजा खोलवाया तो दरवाजा नही खुला इसके बाद घर के पीछे से खिड़की के रास्ते निवास राम भागते हुए पकड़ लिया गया, लेकिन उसने हाथापाई कर किसी तरह छोड़ा कर भागने में कामयाब रहा। लेकिन उसका चप्पल घटना स्थल पर छूट गया। जिसे बरामद कर पुलिस को दी गयी हैं। जब रूम का दरवाजा खोला गया तो देखा कि मेरी बेटी मर चुकी थी मुझे पूर्ण विश्वास हैं कि मेरी बेटी को निवास राम ने हत्या कर उसी के दुप्पटा से फांसी से भेंटिलेटर में लटका दिया हैं। इधर निवास राम ने भी थाना को लिखित सूचना देते हुए अपने प्रेमिका के परिजनों के द्वारा मार कर हत्या करने का मामला दर्ज कराया हैं।

# कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर के आगमन की तैयारी को लेकर परशुराम सेना सक्रिय

### भागवत कथा व श्रीलक्ष्मी नारायण धनवर्षा यज्ञ 21 नवंबर से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के पलामू आगमन की तैयारी में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सक्रिय हो गई है। युवा वाहिनी के द्वारा मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी के प्रांगण का आज निरिक्षण किया गया। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने बताया कि ठाकुर जी महाराज का 21 नवंबर से भागवत कथा व लक्ष्मी नारायण धनवर्षा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि यज्ञ को प्राकृतिक स्वरुप देने के लिए युवा वाहिनी के द्वारा जून से ही फूल पौधा लगाने की योजना है जिससे यज्ञ के समय में सभी फूल पौधे अपनी नैसर्गिक खुबसूरती में सामने आऐं। इस दौरान युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि यज्ञ को ऐतिहासिक बनाने के लिए वृहद तैयारी की जा रही है।इसके लिए बहुत जल्द राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी एक बैठक आयोजित कर पूरे आयोजन के स्वरुप को सामने रखेगी।मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी के मैदान का निरीक्षण करने वालों में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे जिला विक्रांत त्रिपाठी, विभाकर नारायण पांडेय, मनु प्रसाद तिवारी, सतेन्द्र तिवारी, शैलेश तिवारी, रिंकू दूबे, मुरारी पांडेय, आनंद दूबे, बलराम पांडेय, अनील दूबे, गोरख पाठक, अशोक दूबे सहित कई सदस्य शामिल थे।

# मेदिनीनगर में खुला बजरंग सर्विसिंग एंड वाशिंग सेंटर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**उद्घाटन के मौके पर मौजूद लोग।**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के बैरिया बाजार समिति के पास बजरंग सर्विसिंग एंड वासिंग सेंटर खुला। विधिवत पूजा अर्चना के बाद सर्विसिंग सेंटर का का उदघाटन किया गया। प्रोपराइटर सह पड़वा प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शहर के लोगों की जरूरत को देखते हुए सर्विसिंग सेंटर खोला गया है। इसमें कुशल व अनुभवी मिस्त्रियों के द्वारा सभी तरह के चार पहिया वाहनों का कम से कम लागत में थ्री डी एलाइनमेंट सहित अन्य रिपेयरिंग किया जाएगा। पड़वा प्रखण्ड के उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु सिंह ने कहा कि इस तरह का सेंटर खुलना शहर के हो रहे निरंतर विकास को दशार्ता है। इस सेंटर के खुल जाने से वाहन मालिकों को अपने वाहन का सर्विसिंग कराने में सहुलियत होगी। मौके पर दिलीप सिंह, मुरमा पंचायत के पूर्व मुखिया उपेन्द्र नाथ सिंह, संतोष शुक्ला, महाराणा प्रताप सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, श्रीराम मेहता, अंशु सिंह, शिव दुबे, पूर्व जिप सदस्य मनोज सिंह, रामाधार सिंह, सोनू, मोनू, नीतीश, टीके सिंह, अनील मिश्रा, अजीत चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बन्ना गुप्ता को बदनाम करने की साजिश कर रही भाजपा : राकेश



जमशेदपुर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता के ऊपर लग रहे आरोपों के संदर्भ में कहा भाजपा राजनीति का स्तर इतना नीचे गिरा देगी ऐसा कट्टी लोगों ने सोचा नहीं होगा उन्होंने कहा किसी की छवि को इस तरह से धूमील कर देना बिना तथ्यों की सच्चाई की जांच किए यह भाजपा के व्हाट्सएप पहलवानों का कारनामा है। उन्होंने कहा कि बगैर वीडियो की सत्यता की जांच के भाजपा के नेताओं द्वारा आरोपो को कटघरे में खड़ा करना कहीं से उचित नहीं है । यह वीडियो बिल्कुल झूठी है और जिस तरह से इसे प्रचारित किया जा रहा है उससे यह प्रतीत होता है कि भाजपा निचले स्तर और घिनौनी राजनीति पर उतर आई है जो भविष्य के लिए और अच्छे लोगों को राजनीति करने के लिए आगे आने पर एक प्रश्न चिन्ह है ।

## चांडिल स्टेशन पर फिर टाटा-छपरा समेत कई ट्रेनों का होगा ठहराव

चांडिल। रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से कोरोना काल से पूर्व चलने वाली ट्रेन 18181/ 18182 टाटा-छपरा एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 12801/ 12802 पूरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव 27 अप्रैल से एवं नई ट्रेन 18185/18186 का ठहराव 1 मई से चांडिल स्टेशन में होगा। इस क्षेत्र के लोगों के द्वारा इन ट्रेनों के ठहराव को लेकर काफी दिनों से मांग की जा रही थी। आद्रा रेल मंडल डीआरयूसीसी के सदस्य दिवाकर कुमार सिंह ने बैठक में कई बार यह मांग उठा चुके थे। डीआरयूसीसी के सदस्य दिवाकर सिंह ने सांसद का आभार जताया।

## खड़े ट्रेलर के पीछे जा घुसी बाइक, चालक गंभीर रूप से जख्मी

गम्हरिया। कांड्रा-चौका मार्ग पर कांड्रा थाना अंतर्गत नीलांचल कंपनी से करीब 300 मीटर की दूरी पर रायपुर गांव के समीप खड़े ट्रक में पीछे से घुस जाने के कारण बाइक सवार मुनीराम मुर्मू नामक व्यक्ति घायल हो गया। वह रायपुर गांव का ही निवासी था। मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। उसके सर में गम्भीर चोटें आई है। मंगलवार शाम को हुई इस घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुनीराम बाइक से कांड्रा जा रहा था। जैसे ही वह मुख्य सड़क पर आया, विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज गति के ट्रक से बचने के चक्कर में वह बाइक समेत खड़े टेलर के नीचे जा घुस गया। उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## ईचागढ़ पुलिस ने अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को किया जब्त

चांडिल। ईचागढ थाना क्षेत्र के मिलन चौक के पास ईचागढ पुलिस ने अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को देख सभी ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। पुलिस अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के मालिक के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है। मालुम हो की रात के अंधेरे में बालू माफिया जंगलों में बालू का अवैध भंडारण कर मोटी रकम कमा रही है। इस तरह के अवैध बालू के उत्खनन से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व की चुना लग रहा है। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के बालू घाटों से रात के अंधेरे में बालू माफिया के द्वारा अवैध बालू उत्खनन कर जमशेदपुर सहित कई क्षेत्रों में ऊंची दामों पर बालू बेची जा रही है। जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण बालू माफिया के द्वारा इस तरह के अवैध बालू उत्खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। मालुम हो की एक दिन पूर्व ही चौका में पुलिस के द्वारा अवैध बालू लदे हाईवा को जब्त किया है। ईचागढ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने कहा अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**गम्हरिया।** आदित्यपुर-गम्हरिया रेलखंड पर बास्कोनगर रेलवे फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की सुबह हुई इस हादसे में युवक की दाहिने हाथ की कलाई कट गई। इसके अलावा शरीर के अन्य भागों में भी चोटें आई है। स्थानीय समाजसेवी ध्रुव प्रसाद सिंह द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए एंबुलेंस से एमजीएम अस्पताल भिजवाया गया। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

# अरका जैन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष मनाया गया

## बाजरे के अन्न में पोषक तत्व की भरमार, उत्पादन बढ़ाना जरूरी : डॉ एसएस रजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ नर्सिंग, द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हरिसुंदरपुर, सरायकेला-खरसावां, गमहरिया झारखंड में मिलेट्स का अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के लिए बाजरा की अप्रयुक्त क्षमता का उपयोग तथा पोषण और सतत कृषि के प्रति जागरूक करना था।





इस कार्यक्रम मे नर्सिंग छात्रों ने बाजरे के फायदे पर भाषण दिया। इस कार्यक्रम को इस बदलती जलवायु परिस्थितियों में अनाजों की खेती और उसकी उपयुक्तता के बारे में लोगों को जागरूक करना था। राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों और बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन का वितरण किया गया जो बाजरा से तैयार किया गया था। कार्यक्रम में कुल 30 बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम की संचालक एवं प्रधानाध्यापिका प्रो. जिनु एनी जोसेफ ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पीताम्बर ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

कुलपति प्रो. डॉ. सैयद सफदर रजी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा इस महत्वपूर्ण अनाज के लिए समर्पित इस वर्ष के अवसर के माध्यम से, विश्वविद्यालय ने अपनी विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी और अनुभवों को साझा करने का अवसर प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि बाजरे के अन्न में पोषक तत्व की भरमार है। देश को भूख और कुपोषण से मुक्ति दिलाने में बाजरा अहम भूमिका निभा सकता है। किसानों को बाजरा उत्पादन के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रोत्साहित करना सराहनीय कदम है। रजिस्ट्रार जसबीर सिंह धंजल ने इस महत्वपूर्ण वर्ष के महत्व को बताया और इसे समझाने के लिए उत्साह जताया साथ ही उन्होंने कहा इस वर्ष के अवसर पर, विश्वविद्यालय ने बाजरे के उत्पादन, उपयोग, एवं उससे जुड़ी तकनीकी विकास के विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

## रांची में राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल 23 से 25 जून तक : एनके सिंह





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मंगलवार को यहां स्थानीय होटल कैनेलाइट के सभागार में चित्रपट झारखण्ड द्वारा आगामी 23 से 25 जून, 2023 को रांची में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए चित्रपट झारखण्ड के अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय सिनेमा में आज अपने समृद्ध भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधार बनाने की नितान्त आवश्यक्ता है। इस अवसर पर आगामी चलचित्र महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और स्थानीय सांसद विधुतवरण महतो जी ने बताया कि झारखण्ड राज्य की भाषा संस्कृति और जनजातीय जीवन को केंद्र में रखकर यहां फिल्म बनाने की जरूरत है। चित्रपट झारखण्ड स्थानीय फिल्मकारों को आगे बढाने का काम कर रही है। इसमें सरकार हर सभव मदद करेगी। इस महोत्सव में जिसमें राज्य के फिल्मकार मात्र 250 तथा 100 रुपये का शुल्क भरकर प्रतिभागी बन सकते हैं। पोस्टर पर दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन करके पूरी जानकारी ली जा सकती है।

# वायरल वीडियो की होगी फॉरेंसिक जांच

## मंत्री बन्ना गुप्ता की शिकायत पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कर रही अनुसंधान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता वायरल वीडियो की जांच साइबर थाना बिसपुर की ओर से कोलकाता के फॉरेंसिक लैब में कराई जाएगी। जांच से पता चल पाएगा कि वीडियो एडिटेड है अथवा नहीं। मंत्री की शिकायत पर और सीनियर एसपी के निर्देश पर साइबर थाना विष्णुपुर में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

साइबर थाने की डीएसपी जयश्री कुजूर के निर्देश पर इंस्पेक्टर दीपक कुमार मामले की जांच कर रहे हैं। जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान जारी है। फिलहाल इस मामले में कुछ नहीं कहा जा सकता। दूसरी ओर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यालय की ओर से विवादित वीडियो में दिख रही महिला का एक वीडियो बयान जारी किया गया है वीडियो बयान में महिला कह रही है कि वह मंत्री बन्ना गुप्ता को किसी रूप में नहीं जानती है। वह छोटे-छोटे बच्चों की मां है और उसका अपना घर संसार है। इस वीडियो ने उसकी प्रतिष्ठा को बहुत ठेस पहुंचाई है।

### वीडियो में दिख रही महिला ने कहा वह मंत्री बन्ना गुप्ता को नहीं जानती



महिला का कहना है एक बार वह अपने पति से वीडियो कॉल पर अवश्य बात कर रही थी हो सकता है उसी समय का वीडियो हो किंतु मंत्री का वीडियो साथ में अटैच कर दिया गया है। इससे मेरी नीता और प्रतिष्ठा को धक्का पहुंचा है इसलिए प्रशासन को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

दूसरी ओर, विधायक सरयू राय ने चुटकी ली है कि जब महिला मंत्री को जानती नहीं तो मंत्री का कार्यालय उस महिला का विडियो कैसे जारी कर रहा है? दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के नेता विकास सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है कि खुद के लगे दामन के दाग को धोने के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पावर और पैसे का दुरुपयोग कर मामले की लीपापोती करवा रहे हैं । लेकिन यह दाग काजल से भी ज्यादा काली है मंत्री जितना ज्यादा इससे बचने का प्रयास करेंगे उतना ज्यादा पूरे बदन में कालिख लगते चले जाएगी। विकास सिंह ने कहा कि जिस महिला ने वीडियो के माध्यम से अपनी सफाई देते हुए कहा है की वें बन्ना गुप्ता को नहीं जानती है अगर यह वही महिला है जिसका अश्लील वीडियो वायरल हुआ है तो महिला को सर्वप्रथम वह मोबाइल एसएसपी को जा कर देना चाहिए और उन्हें मामले की जांच कर न्याय दिलाने की बात करनी चाहिए। महिला जब वीडियो के माध्यम से अपनी बातें को रख रही थी तो महिला पूरी तरह डरी हुई थी उसके हाथ और पूरा शरीर डर से कांप रहे थे ऐसा लग रहा था कि वह भारी दबाव में अपना बयान दे रही है। महिला ने वीडियो कहां बनाया यह भी एक जांच का विषय है। वीडियो में देखा जा सकता है, महिला इतनी डरी हुई है कि उसकी आवाज नहीं निकल रही है, हाथ कांप रहे हैं। सूबे के मुख्यमंत्री जी को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं उस महिला का नारको टेस्ट करवाना चाहिए जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो जाए।

## उड़नदस्ता दल ने विभिन्न बाजारों का किया औचक निरीक्षण



**जमशेदपुर।** अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के निदेर्शानुसार उड़नदस्ता दल के द्वारा विभिन्न बाजार में औचक निरीक्षण कर कुल 80 दुकान का ट्रेड लाइसेंस जांच किया गया बिना लाइसेंस के कुल 10 दुकानों पर 11000 जुर्माना आरोपित किया गया वही अतिक्रमण किए गए गिट्टी बालू सड़क पर रखने वाले कुल 10 दुकानदारों एवं लोगों से ?6000 जुमार्ना वसूल किया गया। इसके साथ ही तीन दुकानदारों से प्रतिबंधित प्लास्टिक क्रय विक्रय के लिए 3200 जुर्माना वसूला गया कुल 23 दुकानदार एवं लोगों का 20200 उड़नदस्ता दल के द्वारा जुर्माना वसूल किया गया।

## खबर एक नजर में

### टाटा मोटर्स के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने इपीएस-95 की मांग पर निकाला मार्च

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट से सेवानिवृत्त कर्मचारी टाटा मोटर्स एक्स इम्पलाइज एसोसिएशन के बैनर इपीएस-95 की मांग को लेकर एक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च टेल्को कॉलोनी से निकाली गई जो टाटा मोटर्स के मुख्य गेट तक पहुंची। यहां सेवानिवृत कर्मचारियों ने टाटा मोटर्स के प्लांट हेड के नाम प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मजदूरों ने कहा है कि वे लोग भी इपीएस-95 यानी पेंशन योजना का लाभ के हकदार हैं लेकिन अब तक कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। मजदूरों ने मांग की है कि संयुक्त फार्म जो भरने के लिए समय सीमा 3 मई निर्धारित की गई है उस समय सीमा के भीतर उनको जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराया जाए और फार्म भरने में उनकी मदद की जाए। प्रबंधन की ओर से एक अधिकारी ने आकर गेट पर उनका ज्ञापन लिया। मजदूरों ने कहा कि वे लोग अभी यहां ज्ञापन दे रहे हैं अगर उनकी मांगों को लेकर गंभीरता से पहल नहीं की गई तो वे लोग मुंबई स्थित टाटा मोटर्स के मुख्यालय जाएंगे और वहां भी आंदोलन करेंगे।

### पवन का प्रयास रंग लाया, भालूबासा स्लैग रोड हुआ जगमग



जमशेदपुर। भालूबासा स्लैग रोड जगमग रोशनी से खिल पड़ा। काफी दिनों से स्ट्रीट लाइट किसी कारण से खराब थी या बंद कर दी गई थी जिसकी शिकायत बस्ती वासियो ने पवन अग्रवाल से की। इसमे मुख्य रूप से हरिजन बस्ती,ब्रिज बिहारी बगान, गंगौत्री फ्लैट,पटेल नगर,नीति बाग कॉलोनी के लोगो को काफी परेशानी हो रही थी। लोगो की शिकायत के आलोक में पवन ने जुस्को इलेक्ट्रिक विभाग से शिकायत की परंतु कोई करवाई नही हुई। बाध्य हो कर जुस्को के वरीय महाप्रबंधक को तीन दिन पहले पवन अग्रवाल ने पत्र के माध्यम से जनहित से जुड़ी समश्या से अवगत कराते हुए जल्द समाधान का आग्रह किया। स्ट्रीट लाइट नही जलने के कारण आम लोगो के साथ महिलाओं को काफी परेशानी हो रही थी। अंधेरा का लाफ उठा कर छेत्र में छिनतई तथा अन्य आपराधिक घटनाएं काफी बढ़ गई थी। रात के समय लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही थी। अब इन सभी समस्याओं का समाधान हो गया। पवन ने जुस्को के अधिकारियों के प्रति आभार ब्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

### भाजपाइयों ने वीर गंगा नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



पोटका। प्रखंड के भाजपाइयों ने मंगलवार को वीर गंगानारायण सिंह की जयंती पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भूमिज मुंडा समाज कल्याण समिति जुड़ी में गंगानारायण के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया, तदुपरांत उन्हें श्रध्दा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि गंगानारायण सिंह आजादी के योद्धा थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए उलगुलान किया। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर गणेश कुमार सरदार, मनोज सरदार, विभीषण सिंह सरदार, ग्राम प्रधान अजित सरदार, कार्तिक सरदार,रबीन्द्र सरदार, हीरो सिंह,दिनेश सरदार, मोहन सरदार, सुजित गोप, चंद्रमोहन सरदार, मनोज सरदार (बुनूडीह), प्रकाश सरदार सहित अन्य उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका की 10 छात्राएं कोरोना संक्रमित

पोटका। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका की 10 छात्राएं कोविड के रैट टेस्ट में संक्रमित पाई गई। कोविड संक्रमित छात्राओं को विद्यालय में ही आइशोलेट किया गया। विद्यालय के कुल 395 छात्राओं का कोविड टेस्ट सोमवार को सीएचसी पोटका के चिकित्सा पदाधिकारी डा.सुकांत सीट ने टीम के साथ कोरोना का रैट टेस्ट किया। इनमें 385 छात्राएं कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव मिला जबकि 10 छात्राएं पाजीटिव मिली। पाजीटिव छात्राओं को ईलाज कर छात्रावास में ही अलग रखा गया है।

### आनंद मोहन की स्थायी रिहाई से जमशेदपुर के क्षत्रिय समाज में खुशी का माहौल



मिठाई बांटते क्षत्रिय समाज के लोग।

जमशेदपुर। मंगलवार को संध्या अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के झारखण्ड के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के नेतृत्व मे एवं जिलाध्यक्ष देवांशु शेखर के संचालन मे बिहार सरकार के द्वारा पूर्व सांसद आनंद मोहन को दिए गये स्थायी रिहाई की विशेष सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह के विशेष उपस्थिति मे सिदगोड़ा 28 नंबर चौक पर 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद आनन्द मोहन की रिहाई से न्याय को जीत मिली है। उनके रिहाई के लिए दिनांक 29 जनवरी 2022 को पटना गांधी मैदान में आयोजित होने वाली सिंहगर्जना रैली को सफल बनाने के उदेश्य से पिछले वर्ष जनवरी माह में उनके सुपुत्र शिवहर से विधायक चेतन आनन्द ने जमशेदपुर का दौरा किया था। उस वक़्त जमशेदपुर के क्षत्रिय समाज के प्रमुख राजनेता विधायक सरयू रॉय, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह, चन्द्रगुप्त सिंह, शंभू सिंह, अभय सिंह, समरेश सिंह, रोहित परमार आदि के साथ घंटो बैठक की और कार्यक्रम के सफलता के लिए उनका समर्थन मांगा था। इन सारे लोगों ने आनन्द मोहन के जल्द से जल्द रिहाई के लिए उन्हें पूर्ण समर्थन का भरोसा भी दिलाया था। इस मौके पर समरेश सिंह ने आनन्द मोहन जी के पुरे परिवार को शुभकामना देतें हुए प्रशननता जाहिर की एवं कहा कि हमारे समाज के अथक प्रयास का ही परिणाम है। मौके पर मुख्य रूप से रौनक सिसोदिया, श्रीकांत सिंह, राजेश सिंह, कृष्णमोहन सिंह, अनूप सिंह, सदानंद सिंह, मनीष सिंह, संतोष सिंह, प्रियांशु सिंह, हिमांशु सिंह, अनूप तिवारी,मुकेश गुप्ता, अजय पांडेय, पवन सिंह, मोनू सिंह, विवेक प्रसाद, असरफ अली आदि उपस्थित थे।

## मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल में 112 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग (टीएमएच) की डॉ. विनीता सिंह (मुख्य परामर्शदाता एवं सीएमआईएस) ने किया। कुल 112 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जमशेदपुर ब्लड बैंक, झारखंड की चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीता सिंह के मार्गदर्शन में जमशेदपुर ब्लड बैंक के डॉक्टरों की एक टीम ने रक्तदान करने में मदद की। स्कूल कैबिनेट और स्वैच्छिक रक्तदाता संघ, झारखंड के सुनील मुखर्जी और प्रदीप घोषाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। संजीव सिंह के नेतृत्व में वेस्टीज मार्केटिंग की टीम ने भी कैंप का समर्थन किया। डॉ. विनीता सिंह ने हर साल इस शिविर के आयोजन के लिए संस्था को सहयोग और बधाई दी।



## जवाहर नवोदय विद्यालय में एथलेटिक्स मीट शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय,सिजूलता के तत्वावधान में रांची संकुल स्तरीय एथलेटिक्स मीट-2023 का आयोजन आज से प्रारंभ हुआ। दो दिवसीय कलस्टर स्पोट्स में गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, पलामू, गढ़वा, रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां समेत 14 जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालय की टीमें भाग ले रही हैं। एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्सी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।



एथलेटिक्स मीट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते प्राचार्य संजय कुमार।

मीट के उद्घाटन समारोह में मेजबान जवाहर नवोदय विद्यालय,सिजूलता के प्राचार्य संजय कुमार उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना के साथ-साथ पूरे मनोयोग से खेलना चाहिए। जीवन में खेल बहुत जरुरी है क्योंकि इससे बच्चों का मनोरंजन के साथ-साथ मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। जवाहर नवोदय विद्यालय में आप सभी आगत छात्र-छात्राओं और अनुरक्षकों का स्वागत है। मीट के आयोजन में जवाहर नवोदिय विद्यालय, सिजूलता के शारीरिक शिक्षा एवं खेल शिक्षक पीके ठाकुर समेत तमाम शिक्षक एवं कर्मचारी पूरे मनोयोग से योगदान दे रहे हैं।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 12 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिवीजन 12 से 30 मई, 2023 तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 2023 आयोजित करने के लिए तैयार है। इस आयोजन का उद्देश्य शहर की युवा पीढ़ी में फिटनेस, वेलनेस और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता पैदा करना और उन्हें खेल गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

6 वर्ष से 19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, बास्केटबॉल, शतरंज, क्रिकेट, गोल्फ, हैंडबॉल, घुड़सवारी, कराटे, कबड्डी, रोलर स्केट/रोल बॉल, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, फुटबॉल, जुम्बा, योग, हॉकी (नवल टाटा हॉकी अकादमी में) और वॉलीबॉल जैसे विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। योग और जुम्बा बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खुला है। हॉकी में पंजीकरण के लिए 11 से 17 वर्ष की आयु का होना आवश्यक है। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए समर कैंप में अच्छी भागीदारी की उम्मीद है।

माता-पिता भी योग और जुंबा क्लासेज के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 25 अप्रैल, 2023 से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका हैं। कोई भी निम्न लिंक के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकता है। रजिस्ट्रेशन का समयः सोमवार से शुक्रवार सुबह 09:30 से दोपहर 01:00 और दोपहर 02:30 से शाम 05:30 के बीच; शनिवार सुबह 09.30 से दोपहर 01.00 बजे के बीच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में।

रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। खेलकूद के अलावा, कैम्प के दौरान माता-पिता, अभिभावकों और बच्चों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए, रोमांचक सत्र और गतिविधियाँ भी निर्धारित हैं। उनमें पोषण, हाइड्रेशन, आग और सड़क सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, ग्राफिटी वॉल पेंटिंग, साहसिक खेल जोन, हेल्दी फूड फेस्टिवल, पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी संबंधी गतिविधियों आदि पर ज्ञान साझा करने वाले सत्र शामिल हैं।

### कैंप का समय

बैडमिंटन और तैराकी के अलावा अन्य खेलों के लिए सुबह 6 बजे से 8 बजे तक

स्विमिंग - सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और शाम 4:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

बैडमिंटन- सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक

## धालभूमगढ़ : बाल विकास परियोजना के सभागार में समीक्षा बैठक



बाल विकास परियोजना के सभागार में बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता टोपनो की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक किया गया। उक्त बैठक में 28 से शुरू होने वाले 0 से 6 साल के बच्चों को अपने अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में होमोग्लोबिन जांच किया जाएगा, इससे संबंधित सभी सेविकाओं को अवगत कराया गया साथ ही सभी सेविका सहायिका को निर्देश दिया गया कि पोषण ट्रेकर एप्लीकेशन में अपना लोकेशन अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे एवम बाल विवाह के बारे में विस्तार जानकारी दिया गया तथा पूर्व की भांति सभी सेविका सहायिका को दीनदयाल उपाध्याय के ग्रामीण कौशल योजना के बारे मैं बताया गया।

# पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन एवं पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडीकैप्ड ने किया ऑटिज्म जागरूकता कार्यक्रम

ऑटिज्म के लक्षण और इससे पीड़ित बच्चों के लालन-पालन पर विशेषज्ञ ने दिये टिप्स

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा टाउन हॉल में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन और पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडीकैप्ड, जमशेदपुर (पीएएमएचजे) द्वारा संयुक्त रूप से ऑटिज्म जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी रोहित कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो तथा पूर्वी सिंहभूम जिले के प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी, पीएएमएचजे के पदाधिकारी, विशेष माता-पिता और विशेष बच्चों ने भाग लिया। पीएएमएचजे की सचिव पी बाबू राव ने संगठन के बारे संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि पीएएमएचजे जमशेदपुर का एक प्रतिष्ठित संगठन है जो पिछले 19 वर्षों से ऑटिस्टिक और मानसिक रूप से मंथर बच्चों के कल्याण और उत्थान के लिए लगातार काम कर रहा है। पीएएमएचजे के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कार्य के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डाला और उल्लेख किया कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग का कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि वह न्यूरो- विविध बच्चों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करें तथा उन्हें सम्मान एवं मयार्दा प्रदान करें। विशेष शिक्षिका पुष्पलता ने ऑटिज्म, ऑटिज्म के लक्षण, इसके निदान, विभिन्न प्रकार उपचार, ऑटिस्टिक बच्चों का पालन पोषण, उनसे कैसे व्यवहार करें, उनकी शिक्षा, भविष्य आदि बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। विशेष बच्चों की प्रतिभा और असाधारण क्षमताओं को अंकित करने वाले वीडियो प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ऑटिज्म के विभिन्न पहलुओं, इसके कारण एवं उपचार पर चर्चा की। अधिकारियों ने विशेष बच्चों से भी बातचीत की। सभी ने एकमत व्यक्त किया कि ऑटिज्म से संबंधित स्टिग्मा को निश्चित रूप से समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से कम किया जा सकता है, जिसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। सभी अधिकारियों ने पीएएमएचजे के कार्य की सराहना की। मौके पर उपाध्यक्ष डॉ निबेदिता कर, पीएएमएचजे के कोषाध्यक्ष अमृता कुलताज तथा अन्य मौजूद रहे।





जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारीगण।

# हरित विश्व व्यवस्था

दुनिया में महाशक्ति बनने के लिए कई गुणों की जरूरत पड़ती है। इनमें दो गुण विशेष हैं। पहला, ऐसा देश जो दुनिया के किसी भी हिस्से में सैन्य दखल की क्षमता रखता हो, और दूसरा यह कि जिसके पास दुनिया के किसी भी हिस्से में पमाणु मिसाइलें दागने की ताकत हो। अमेरिका की तुलना में चीन को अभी इतनी ताकत हासिल करने के लिए वक्त लगेगा। ऐसे में जिस नई वैश्विक व्यवस्था की संभावना बन रही है और जिसकी पूरी दुनिया को जरूरत है, वह हरित विश्व व्यवस्था की है। इसमें जो बाजी मार ले जाएगा, वही दुनिया का नया बादशाह बनेगा। लेकिन सवाल है कि यह क्षमता है किस देश के पास? अमेरिका इस श्रेणी से पहले ही से बाहर है। क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस संधि को नकारने के बाद अमेरिका कभी भी हरित विश्व व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकता, न ही दुनिया उसके नेतृत्व को स्वीकार करने वाली है। दूसरा देश चीन है। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में हरित उर्जा में अद्भुत क्षमता विकसित कर ली है। 2018 में सौर ऊर्जा के जरिए चीन ने एक सौ अस्सी गीगा वाट ऊर्जा उत्पन्न कर बड़ी-बड़ी बसें और ट्रक भी सौर ऊर्जा से चलाने में कामयाबी हासिल कर ली। पवन ऊर्जा में भी वह आगे है। लेकिन इतना कुछ होने के बावजूद हरित विश्व के रिकॉर्ड में चीन काफी नीचे है। लेकिन बाहरी दुनिया में वह जम कर कार्बन जनित आर्थिक व्यवस्था को अहमियत दे रहा है। पिछले कई सालों से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों में वह कोयले का जम कर इस्तेमाल कर रहा है। सबसे बड़ा कोल उत्पादक देश होने के बावजूद कोयले का सबसे बड़ा आयातक देश भी चीन ही है। इस कारण अगर भारत प्रयास करे तो इसका भौगौलिक और आर्थिक विकास के साथ रोजगार की दिशा में भी एक क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा।

# तमिलनाडु सबसे आगे


यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, अनुशासित और मर्यादित ढंग से वाहन चलाने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों को काफी कठोर बनाया गया। उनके उल्लंघन पर भारी जुमार्ने और दंड का प्रावधान किया गया। महानगरों में सड़कों पर कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई। मगर इन सबके बावजूद स्थिति यह है कि सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। शराब या दूसरे तरह के नशे करके वाहन चलाना, गति सीमा का ध्यान न रखना, लाल बत्तियों का उल्लंघन करना जैसे लोग शान की बात समझते हैं। यही वजह है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के मारे जाने की दर चिंताजनक है। जितने लोग कैंसर जैसे रोग से नहीं मरते, उससे अधिक सड़क हादसों की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा हमारे यहां सड़कों की दशा भी किसी से छिपी नहीं है। विचित्र है कि हर राजनीतिक दल और सरकार का जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होता है। उसमें सड़कों के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। तेज रफ्तार से चलने लायक सड़कों का निर्माण न सिर्फ आम लोगों के सुचारु आवागमन के लिहाज से जरूरी माना जाता है, बल्कि औद्योगिक विकास में भी इससे मदद मिलती है। अनेक निजी और विदेशी कंपनियों को भी शामिल किया गया। उन्हें सड़कें बनाने, उनका रखरखाव करने और टोल के जरिए अपनी लागत वसूलने का अधिकार दिया गया। इससे देश में राष्ट्रीय मार्गों का तेजी से विकास भी हुआ। मगर स्थिति यह है कि राजमार्गों पर गड्ढों और पशुओं, पैदल चलने वालों की वजह से दुर्घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर देश में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बेहतर है जहां केन्द्र राज्य ने मिलकर दुर्धटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

# मन की बात: भारत के पारम्परिक हथकरघा की आवाज



**स्वतंत्रता** से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का अभिमान- खादी। स्वतंत्रता के स्वदेशी की शान- खादी। वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत की पहचान- खादी।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल के मंत्र ने खादी को लोकल टू ग्लोबल कर दिया है। अब खादी सिर्फ फैशन का प्रतीक ही नहीं, बल्कि गरीबों की जिंदगी में बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है। भारत की राष्ट्रीय धरोहर खादी को स्वतंत्रता से पूर्व पूज्य बापू ने जहां अहिंसक आंदोलन का सबसे सशक्त माध्यम बनाया; उसी खादी को नए भारत के शिल्पकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत की नींव का सबसे शक्तिशाली स्तंभ बना दिया। प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम ने खादी को आत्मनिर्भर बनाने में सबसे अहम योगदान दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप 2021-2022 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कुल कारोबार रुपए 1.15 लाख करोड़ को पार कर गया, जो अपने आप में ऐतिहासिक है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात में कहा था, जब हम खादी का कोई उत्पाद खरीदते हैं तो हम उन लाखों बुनकरों के जीवन को प्रकाशमय बनाते हैं जो दिन रात मेहनत करते हैं। यह प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में, वर्तमान सरकार की ग्रामीण भारत के प्रति वचनबद्धता को दशार्ता है। यह उसी का प्रभाव है कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खादी के उत्पादों की स्वीकार्यता हाल के वर्षों में बढ़ी है तथा इसका लाभ जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले खादी कामगारों को मिला है। 1 अप्रैल, 2023 से खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने, खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है। वर्ष 2014 के बाद से अब तक पारिश्रमिक में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। स्वतंत्रता पश्चात खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वर्ष 1956 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना की गई। आयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन भारत सरकार की महत्वपूर्ण रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रहा है। 3 अक्टूबर 2014 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा अपने रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश के नागरिकों को खादी खरीदने के लिए की गई अपील ने, खादी क्षेत्र को पुनर्जीवित कर दिया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि यदि आप खादी का कोई भी उत्पाद खरीदते हैं, तो आप एक गरीब व्यक्ति के घर में समृद्धि का दीपक जलाते हैंह्व। जिसके परिणाम स्वरूप, एक सप्ताह के भीतर खादी की बिक्री में 125% की वृद्धि दर्ज की गई।



– मनोज कुमार

> 1 अप्रैल, 2023 से खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने, खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है। वर्ष 2014 के बाद से अब तक पारिश्रमिक में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। स्वतंत्रता पश्चात खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वर्ष 1956 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना की गई।

भारत में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैशन का एक विकल्प बना दिया है।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन और खादी फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' का मंत्र परिवर्तन का बड़ा माध्यम बना है। इसी तरह से ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए हनी मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 2017-18 से अब तक, 18 हजार से अधिक लाभार्थियों को 1.80 लाख मधुमक्खी-बॉक्स और मधुमक्खी कालोनी एवं कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कुम्हारों को 25 हजार से अधिक विद्युत चालित कुम्हारी चाक, चर्मोद्योग के अंतर्गत लगभग 3,100 कारीगरों को कौशल विकास में प्रशिक्षण तथा 1600 से अधिक को फुटवियर निर्माण के लिए उन्नत टूल्स किट प्रदान किए गए। इसी तरह से अगरबत्ती कारीगरों को प्रशिक्षण के उपरांत 1080 पैडल चालित मशीनों का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि आधारित एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, टर्नवुड क्रॉफ्ट, खादी प्राकृतिक पेंट, खादी फैब्रिक फुटवियर और हैंडमेड पेपर निर्माण योजना से ग्रामीण उद्योगों को नई पहचान मिली। कोरोना महामारी के दौर में गिरावट और बेरोजगारी में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई, उस कठिन दौर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से नए स्टार्टअप्स को रोजगार देने का कीर्तिमान बनाया। आपदा को अवसर के रूप में लेते हुए 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष, जो देशव्यापी लॉकडाउन से काफी हद तक प्रभावित था, के दौरान आयोग ने 2188.78 करोड़ रुपये संवितरित कर 5,95,320 रोजगारों का सृजन किया, जो वर्ष 2008 में योजना लॉन्च होने के बाद अब तक का उच्चतम स्तर था। आत्मनिर्भर भारत अभियान में एक लंबी छलांग लगाते हुए ने 2008 से विगत वित्तीय वर्ष 2021-22 में, ढटएऋढ योजना के अंतर्गत रुपए 19148.01 करोड़ रुपए मार्जिन मनी का संवितरण कर 64,30,618 लोगों को रोजगार प्रदान किया है।

पीएम द्वारा मन की बात कार्यक्रम में खादी को प्रोत्साहन देने से सामान्य दिनों में तो खादी की बिक्री बढ़ी ही है पिछले वित्त वर्ष में 2 अक्टूबर, 2022 को, नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित ह्यखादी इण्डियाह्न शोरूम ने लगभग 1 करोड़ 34 लाख रुपये के खादी-ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री की, जो किसी एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी बिक्री है। स्वतन्त्रता के 75वें वर्ष पर भारत सरकार के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दौरान खादी से बने राष्ट्र ध्वज की मांग में 75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से, खादी विशेष रूप से युवाओं के बीच लोकप्रिय ब्रॉड बन चुका है। यह देश के बड़े फैशन डिजाइनरों की प्रमुख पसंद है। वित्त वर्ष 2014-15 से 2021-22 में जहां खादी के उत्पादन में 191 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं बिक्री में 332 प्रतिशत का उछाल आया। जब कि इसी समयावधि में ग्रामोद्योग क्षेत्र के उत्पादन में 206 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बिक्री 245 प्रतिशत बढ़ गई। कोविड महामारी के दूसरे लॉकडाउन के दौरान ङश्कउ को 45 करोड़ रुपये की सरकारी खरीद का आदेश, खादी कारीगरों के लिए बड़ा प्रोत्साहन रहा। खादी के वस्त्र हों, हस्तशिल्प के उत्पाद या ग्रामोद्योग में बने खाद्य पदार्थ, इन वस्तुओं ने एक राष्ट्र के रूप में भारतवर्ष को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने के साथ ही आत्मनिर्भर भी बनाया है। यह उत्पाद न केवल विश्व स्तरीय हैं बल्कि प्रकृति के करीब भी।

## खास बात

### ऑपरेशन कॉवेरी



के खुशी

**भारत** ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार को ह्यआपरेशन कावेरी' शुरू किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारतीय जहाज और विमान भारतीयों को स्वदेश लाने के लिये तैयार हैं। जयशंकर ने अपने ट्वीट में कहा, ह्यसूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए आपरेशन कावेरी शुरू हो गया है। करीब 500 भारतीय सूडान के बंदरगाह पहुंच गए हैं। कई और रास्ते में हैं।'ज्ञात हो कि रविवार को भारत ने कहा था कि सूडान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की आकस्मिक योजना के तहत जेद्दा में 2 सी-130जे सैन्य परिवहन विमान तैयार रखे गए हैं। साथ ही, भारतीय नौसेना के एक जहाज को क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बंदरगाह पर रखा गया है। सूडान में, वहां की सेना और एक अर्द्धसैनिक समूह के बीच पिछले 10 दिनों से जारी भीषण लड़ाई में 400 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन करेंगे निगरानी

हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी' की निगरानी केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां युवम' सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केरल का बेटा (मुरलीधरन) फंसे हुए लोगों को वापस लाने के अभियान की निगरानी करेगा।

फ्रांस ने हिंसाग्रस्त सूडान से निकासी अभियान के तहत कुछ भारतीय नागरिकों सहित 28 देशों के नगरिकों को बाहर निकाला है। नयी दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास ने सोमवार को कहा, फ्रांस का निकासी अभियान जारी है। कल रात दो सैन्य विमानों से भारतीय नागरिकों सहित 28 देशों के 388 लोगों को बाहर निकाला गया है।' इस अभियान के दौरान बाहर निकाले गए भारतीयों की संख्या के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। विदेश में बसे भारतीयों को सदैव ही भारत सरकार सुरक्षा देने में सजग रही है। यूक्रेन हो या अफगानिस्तान भारतीयों को सुरक्षित लाया गया है।

# अहंकार से नाश

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हम** विश्व गुरु ऐसे नहीं थे। हमारे पूर्वजों ने सांस को लेकर जो जिज्ञासा थी उससे जो ज्ञान का उदय हुआ उससे पूरे ब्रह्माण्ड की काल को समझा गया। मैं कौन हूं? मैं कहा से आया? मैं कहां जाऊंगा? मेरा शरीर का अंत होगा पर अमरत्व क्या है? जैसे सवालों को लेकर जिज्ञासा का स्थल भारत ही है। फिर सांस की क्रिया प्रकिया कुभंक रेचक करके समाधि की अवस्था प्राप्त की। मनुष्य संसार में अपनी इच्छा का दास है और इसी इच्छा से सब कुछ का निमार्ण होता है लेकिन इसी इच्छा के कारण अपने मूल कार्य को भूल जाता है। संसार की वस्तु अर्जित कर वह अहंकार में बुरी तरह फसकर छूछूदंर हो जाता है। जबकि अहंकार से हटकर वह सुंदर हो जाता है। हनुमान ने सब कुछ किया पर जब राम जी ने कहा कि तुमने लंका जीत लिया तब हनुमान ने कहा कि यह सब आपकी कृपा का प्रतिफल है। उसी प्रकार जब श्री राम लंका से जीतकर अयोध्या जा रहे थे तब उन्होंने कहा कि मुनि वशिष्ठ की कृपा से ही यह सब संभव हो सका। दूसरी ओर रावण कहता रहा कि सब कुछ मेरे से है मैं त्रिलोक के स्वामी को भी वश में कर सकता हूं। हनुमान और राम ने जो कुछ किया वह गुरु को समर्पित किया गुरु के आदेश से किया। लेकिन रावण कभी गुरु सत्ता को स्वीकार नहीं किया।


भारत कभी औद्यागिक देश नहीं रहा और विश्व का पर्यावरण यूरोप और पश्चिमी देशों के कारण बिगड़ा है। भारत कृषि प्रधान देश है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**अद्वैत** वेदांत के सूत्रधार और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण के प्रणेता जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी को उनकी जन्म-जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनके आध्यात्मिक संदेशों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना समाहित है, जो युग-युगांतर तक देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी।

**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

## रोचक ट्वीट

**देश** काल वस्तु पदार्थ और अभिरुचियां प्रत्येक युग में बदलती रहीं किन्तु अक्षर विचार शाश्वत है ! आद्य काल में ताड़ पत्रों पर सहेजे गए सदग्रन्थ नित्य प्रासंगिक हैं। नोटबुक अथवा डायरी में लिपिबद्ध आत्मीय अभिव्यक्तियां जीवन की अमूर्त धरोधर हैं। **– स्वामी अवधेशानंदगिरी**





**जगदीश** शेट्टार जी को भाजपा ने टिकट क्यों नहीं दिया?क्योंकि उन्होंने 40% कमीशन नहीं खाया, और अगर भ्रष्टाचार नहीं किया तो भाजपा टिकट नहीं देती। भाजपा को ये 40 नंबर बहुत पसंद है, जनता इस बार उन्हें 40 सीट ही देगी। **–राहुल गांधी, पूर्व सांसद**

# समलैंगिक विवाह और भारतीय मान्यता

**डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी**

## सामयिक

**समलैंगिकता** का मुद्दा सदियों से भारत में विवादास्पद रहा है। समाज ने पारंपरिक रूप से विषम लैंगिकता को सामाजिक निर्माण के रूप में बरकरार रखा है। समाज ने इसके किसी भी विचलन को अस्वीकार्य माना है। इस संबंध में उभरी सबसे हालिया बहसों में से एक यह है कि क्या भारत में समलैंगिक विवाह की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। संस्कृति प्रधान देश में समलैंगिक विवाह को सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक मान्यताओं के दृष्टिकोण से अभिशाप या सामाजिक विकृति के रूप में माना जाता है। यह मामला इस समय उच्चतम न्यायालय में गूंज रहा है।


सांस्कृतिक दृष्टिकोणः भारतीय संस्कृति में धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक मान्यताएं गहराई से निहित हैं। हमारे यहां विवाह संस्था को पवित्र माना जाता है। इसे एक पुरुष और एक महिला के बीच पवित्र बंधन के रूप में देखा जाता है। जो भी इस मानदंड से विचलित होता है उसे अप्राकृतिक, अधार्मिक या राक्षसी के रूप में देखा जाता है। इसलिए भारत का अधिकांश समुदाय समलैंगिक विवाह की अवधारणा से न केवल घृणा करता है बल्कि इसका तिरस्कार भी करता है। भारत में समलैंगिक विवाह को अभिशाप के रूप में देखने की सांस्कृतिक धारणा इस तथ्य से और बढ़ जाती है कि भारतीय परंपरा में प्रजनन और परिवार की निरंतरता को जीवन के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में माना जाता है। समलैंगिक व्यक्तियों का विवाह बंधन में बंधने का विचार समाज की सांस्कृतिक प्रथाओं, विश्वासों और मूल्यों के ताने-बाने के विपरीत है।

सामाजिक दृष्टिकोणः भारत में समलैंगिक विवाह के मुद्दे को सामाजिक दृष्टिकोण से भी नकारात्मक रूप से देखा जाता है। समाज की संरचना में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका और जिम्मेदारी होती है। उसे समाज में व्यवस्था और संतुलन बनाए रखने के लिए पूरा करना होता है। भारतीय समाज में हमेशा एक प्रदाता, रक्षक और नेतृत्वकर्ता के रूप में पुरुषों और महिलाओं को महत्व दिया गया है। पुरुष और महिलाएं एक-दूसरे के सहायक की भूमिका में परिवार का पालन-पोषण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं। समलैंगिक विवाह की स्वीकृति पीढ़ियों से स्थापित सामाजिक संतुलन को बाधित करेगी। अराजकता और भ्रम का वातावरण बनेगा। स्वीकृत भूमिकाओं और सामाजिक पदानुक्रम खंडित होगा । इससे सामाजिक एकता टूटेगी और सामाजिक संरचना कमजोर होगी। अनैतिकता को बढ़ावा मिलेगा।

धार्मिक दृष्टिकोणः हिंदू धर्म स्पष्ट रूप से समलैंगिकता के किसी भी रूप की निंदा करता है। उसमें समलैंगिक संबंधों को घृणा की दृष्टि से देखा जाता है। समलैंगिक संबंध नरक का एक निश्चित मार्ग है। भारत में दूसरा सबसे प्रमुख धर्म इस्लाम भी समलैंगिकता को तिरस्कार के साथ देखता है। उसमें समान लिंगी विवाह सख्त वर्जित है। भारतीय समाज समलैंगिक विवाह को कभी स्वीकार नहीं कर सकता। सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक मान्यताएं भारतीय लोकाचार का अभिन्न अंग हैं। यह लोकाचार ऐसे विवाह को अस्वीकार्य करता है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि नीति निमार्ता, नागरिक समाज और अन्य हितधारक इस मामले में समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाएं।

(लेखक, मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स इंदौर के प्रोफेसर एवं समूह निदेशक हैं।)

## कॉटून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**–राजेश जमशेदपुर**

### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# युगांडा से सूडान तक भारतीय विदेश नीति

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां के हालात बद से बदतर हैं। वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए सारा देश चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं । मतलब यह कि अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है।

भारतीय ही युगांडा की अर्थव्यवस्था की जान थे। पर सनकी अमीन कभी भी और कुछ भी कर देता था। उसके फैसले से वहां दशकों से रहने वाले भारतवंशियों के सामने बड़ा भारी संकट खड़ा हो गया था । तब ब्रिटेन ने उन भारतीयों को अपने यहां शरण दी थी। तब हमारी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने उन भारतवंशियों के लिए कुछ नहीं किया था। ऐसा उन्होंने क्यों किया यह लोगों को अचम्भे में डालने वाला था क क्योंकि, वे कोई कमजोर प्रधानमंत्री तो थी नहीं क उस समय बांग्लादेश की आजादी और पाकिस्तान के 93000 सैनिकों के आत्मसमर्पण के बाद उनके शोहरत का डंका बज रहा था क लेकिन, उन्होंने कोई ठोस कदम नहीं उठाए क पता नहीं क्यों ?भारतीय युगांडा में लुटते-पिटते रहे। हमने घड़ियाली आंसू बहाने के सिवा कुछ नहीं किया था। उन भारतीयों को हमसे अभी तक गिला है। और होना भी चाहिए । क्या हम सात समंदर पार जाकर बस गए बहादुर उद्योगपति भारतीयों से सिर्फ यही उम्मीद रखें कि वे भारत में आकर निवेश करें?

भारत की बदली हुई विदेश नीति के चलते ही हमने टोगो में जेल में बंद पांच भारतीयों को सुरक्षित रिहा करवाया था। ये सब के सब केरल से थे। टोगो पश्चिमी अफ्रीका का एक छोटा सा देश है। भारत सरकार 2015 में यमन में फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाई थी। वह अपने आप में एक मिसाल हैक भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा से इन्हें पहले जिबूती ले जाया गया था। जिबूती से इन लोगों को चार विमानों से भारत वापस लाया गया। उस समय यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने सैन्य कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें हजारों भारतीय फंस गए थे ।

अब भारत सरकार के सामने सूडान से भारत के नागरिकों को लाने की बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी खुद सूडान से भारतीयों को वापस लाने के काम पर लगातार नजर रख रहे हैं। सूडान में चल रहे गृह युद्ध में कुछ भारतीयों के हताहत होने की भी खबरें हैं। सूडान में 3000 से अधिक भारतीय इस समय फंसे हुए हैं। राजधानी खार्तूम में संघर्ष की वजह से इनकी निकासी में मुश्किल आ रही है। बहरहाल, यह दुखद है कि भारत के मित्र देश सूडान में इतना गंभीर आतंरिक संकट चल रहा है। भारतीय विशेषज्ञ सूडान के वानिकी क्षेत्र के विकास में सन 1910 से सक्रिय हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू भी 1938 में सूडान गए थे। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन ने 1953 में पहले सूडानी संसदीय चुनावों का निरीक्षण किया। 1957 में स्थापित सूडानी चुनाव आयोग ने भारतीय चुनाव कानूनों और प्रथाओं से प्रेरणा प्राप्त की। भारत ने फरवरी 1954 में स्थापित सूडानीकरण समिति को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिसे स्वतंत्रता के बाद सूडानी सरकार में ब्रिटिश कर्मचारियों की जगह लेने का काम सौंपा गया था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात की चपेट में आकर मवेशी की मौत



**कैरो।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत के टाटी में मंगलवार को बारिश तूफान के साथ हुई वज्रपात से किसान मेहंदी उराईन पति धधुआ उरांव के भैंसे की मौके पर ही मौत हो गयी। वह अपने मवेशी को खेत में बांध कर रखा था तभी अचानक वज्रपात हो गयी। जिससे भैंसा मर गया। इस घटना से किसान को काफी नुकसान हुआ है। साथ ही खेती -बारी से जीवन गुजारना मुश्किल हो गया है। सीओ कमलेश उरांव ने कहा कि विधिवत आवेदन के बाद कार्यवाही होगी।

### हर प्रखंड में लगेगा बिल माफी मेला

**लोहरदगा।** विद्युत विभाग शुद्ध ब्याज माफी योजना 2023 के तहत जिले में ओटीएस मेला लगा रहा है। ओटीएस मेला से जिले के बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल से ब्याज राशि माफ कर मूलधन की बकाया राशि जमा ली जायेगी। 26 अप्रैल को सेन्हा प्रखंड कार्यालय परिसर, 27 को भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव, किस्को प्रखंड में 28 को पतरातू पावर हाउस में और 29 को कुडु प्रखंड कार्यालय परिसर में ओटीएस मेला लगेगा। कार्यपालक विद्युत अभियंता दीपक खलखो ने कहा कि विभाग बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के तौर पर यह मेला लगा रहा है, जिसका लाभ उपभोक्ता उठा सकते हैं। ऊर्जा मेला कैंप पहुंच ब्याज माफी कराकर मूलधन जमा करें।

### सीएम स्वास्थ्य योजना में आये 200 आवेदन



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शिविर लगा, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के 18 पंचायत के लोगों ने आवेदन दिया। इस दौरान 207 आवेदन प्राप्त हुए जिसे स्वीकृत करते हुए जिला भेजा गया। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत बीमारी के अनुसार रोगियों को 3000 से लेकर 10000 तक की राशि दी जा रही है। मौके पर विनोदानंद पाठक, अशोक कुमार, चांदनी देवी, रानी उरांव, विनीता कुमारी व अंगणी उरांव थे।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्लेसमेंट प्रोग्राम



**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में बिहाइव डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव लगाया। जिसमें करीब 13 छात्रों ने भाग लिया। कंपनी के एचआर अनिमेष विश्वास ने पीपीटी से छात्रों से संवाद किया। जिसके बाद सभी छात्रों ने रिटेन टेस्ट और तकनीकी साक्षात्कार दिये। चयनित छात्रों की मेधा सूची 26 को प्रकाशित होगी। सभी चयनित छात्रों को अंतिम साक्षात्कार के लिए इसी माह रांची बुलाया जायेगा। इस ड्राइव में कॉलेज के प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी अजीत शुक्ल, प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज सौरभ सुमन, ब्रोतिश पालित, इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के लेक्चरर हरप्रीत सिंह आदि भी थे।

### चैनपुर में लगा सीएम स्वास्थ्य योजना शिविर



**चैनपुर।** प्रखंड के कौशल विकास केंद्र के सभागार में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता शिविर लगाया गया। जिसमें नोडल पदाधिकारी चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर सिंह भी थे। उन्होंने लोगों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के करीब 41 लोगों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। जिसमें 11 लोगों के आवेदन का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। इसका लाभ लेने के लिए चिकित्सा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं राशन कार्ड की फोटो कापी जमा करना होगा। मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजमोहन खलखो व ब्लॉक स्टाफ थे।

### आप स्वस्थ तो देश स्वस्थ : डॉ दीपक



**गुमला।** विश्व मलेरिया दिवस पर झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी एवं कार्तिक उरांव बीएड कॉलेज ने प्रशिक्षु शिक्षकों के बीच मलेरिया को लेकर जागरूकता फैलायी। संस्था के सचिव डॉ दीपक प्रसाद ने कहा कि आपके अच्छे स्वास्थ्य से ही देश स्वस्थ रहेगा। मलेरिया से बचने के लिए हमें सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि मलेरिया दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य उसकी रोकथाम करना है। जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से मनुष्य में जानलेवा हो सकती है। इससे जान जाने की पूरी संभावना बनी रहती है। मलेरिया अधिकांशत बरसात के दिनों में ज्यादा प्रभावी होता है क्योंकि जब वातावरण में नमी होती है पानी इकट्ठा होते हैं उसमें मच्छर पनपते हैं। जिसे इस रोग का प्रकोप बढ़ता है। बीएड संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद ने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की मलेरिया से हमें बचाव करना चाहिए। साफ कपड़ों का इस्तेमाल करना चाहिए हाथ पांव को ढक कर रखना चाहिए। वहीं बीएड के प्रशिक्षु शिक्षकों ने दो लघु नाटकों का प्रदर्शन किया। जिसकी परिकल्पना एवं निर्देशन डॉ दीपक प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएड संकाय के सभी प्राध्यापक डॉ दीपक प्रसाद, डॉ राकेश प्रसाद, डॉ मनोज कुमार, मनोज कुमार, राजेश रंजन, अनुतलन मींज, मंती कुमारी, सिलास डहंगा एवं कॉलेज परिवार के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# नवंबर तक विशुनपुर-घाघरा को कुपोषणमुक्त बनाने का चले अभियान : उपायुक्त

- सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ डीसी ने की समीक्षा बैठक
- सीएसआर के तहत किये गये कार्यों का 30 अप्रैल तक उद्घाटन कराने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया।

पूर्व में दिये गये निर्देश के आलोक में प्रबंधक (सीएसआर) हिंडाल्को कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में शिक्षा, स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि क्षेत्रों में कार्य किया गया है। बैठक में उपस्थित संबंधित प्रखंडों के अंचल अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीएसआर अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की योजना पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के बचे हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं सीएसआर अंतर्गत पड़ने वाले स्वास्थ्य केंद्रों की मरम्मत एवं रंग रोगन करने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया। सभी संबंधित अस्पतालाओं में एक मई से पूर्व अच्छे डॉक्टर्स की



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

नियुक्ति एवं उनके रहने की व्यवस्था करने की भी बात कही।

साथ ही उन्होंने सीएसआर अंतर्गत हुए सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करते हुए 30 अप्रैल तक सभी जगहों का उद्घाटन करवा लेने का निर्देश दिया। उन्होंने हिंडाल्को द्वारा प्रत्येक सप्ताह सैम मैम बच्चों के बीच रागी लड्डू का वितरण कराने निर्देश दिया। उन्होंने विशुनपुर एवं घाघरा को नवंबर माह तक कुपोषण मुक्त घोषित करने हेतु अभियान चलाते हुए प्रत्येक परिवार का सर्वे कर सैम मैम बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ झारखंड सरकार अनुमोदित सैम किट का वितरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमित रूप से यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषण किट का वितरण कराने का निर्देश दिया। विशुनपुर के 45 टीबी मरीजों में से अब तक 9 टीबी मरीज बिल्कुल स्वस्थ हो चुके हैं। जल्द ही सभी टीबी मरीज भी दुरुस्त होने के कगार में हैं।

**हिंडाल्को और सीओ के समन्वय से बनेगा प्रस्ताव**

उपायुक्त ने दोनों ही प्रखंडों को टीबी और कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में हिंडाल्को और अंचल अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। इस दौरान घाघरा सीओ ने प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी में एक अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति करते हुए वहां प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का मार्गदर्शन करने हेतु क्लास करवाने का प्रस्ताव रखा। जिसपर उपायुक्त ने हिंडाल्को को उनके पे रोल पर एक बेहतरीन शिक्षक नियुक्त करते हुए घाघरा एवं विशुनपुर के प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी के बच्चों का क्लास करवाने का निर्देश दिया ताकि बच्चों को जिले से बाहर जाने की जरूरत न पड़े। उपायुक्त ने सीएसआर क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले विद्यालयों के बाउंड्री लाइन करवाने, तालाब जीर्णोधार एवं निर्माण, तालाबों के पास सोलर पंप लगाने, लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा देने को कहा। इसके अलावा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन, जिला उद्यान पदाधिकारी, जीएम डीआईसी, अंचल अधिकारी घाघरा, विशुनपुर हिंडालको लोहरदगा प्रबंधक के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जनता दरबार : उपायुक्त ने दिये समाधान के निर्देश

# प्रेमसंस मोटर को रियाडा कंपनी से भूमि देने पर ग्रामीणों का रास्ता बंद

- एसडीओ को डीसी ने ग्रामीणों की सहायता करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को अपने सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या सुनी और उसके समाधान हेतु अधीनस्थ पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में कामडारा थाना क्षेत्र के गाढ़ा गांव निवासी रोशन गुलाब ने उपायुक्त को आवेदन देते हुए बकाये मानदेय की भुगतान की मांग की। उसने कहा कि



जनता दरबार में समस्या सुनते उपायुक्त सुशांत गौरव।

वह पिछले तीन वर्षों से गाढ़ा जंगल में बांस के पौधों की वह पहरेदारी कर रहा है। परंतु उसे 12 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिसपर उपायुक्त ने जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित करते हुए आवश्यक जांच उपरांत जल्द से जल्द मानदेय भुगतान करवाने का निर्देश दिया। चैनपुर निवासी दिनेश कुमार ने अपने जमीन विवाद मामले से उपायुक्त को अवगत करवाते हुए कहा कि मेरे जमीन को बलपूर्वक कब्जा कर लिया गया है। गरीब होने के कारण वे केस लड़ने में असमर्थ है। उसने उपायुक्त से सहायता की गुहार लगायी। जिसपर उपायुक्त ने एसडीएम चैनपुर को मामले की जांच करते हुए लॉ एंड ऑर्डर के तहत आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

**खास बातें :** वहीं डोकापाट चैनपुर के असुर जनजाति से आने वाले हेलारी असुर ने रोजगार की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने जेएसएलपीएस डीपीएम को आवेदन अग्रसारित करते हुए संस्था अंतर्गत योग्यता के अनुसार कार्य देने को कहा। गुमला प्रखंड क्षेत्र के पुगु करमडीपा के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से रियाडा की जमीन से अवागमन कर रहे हैं।

# लोहरदगा : ताला तोड़कर सिविल कोर्ट में चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के व्यवहार न्यायालय में चोरों द्वारा सेंध लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंगलवार की सुबह लोहरदगा के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट रूम का ताला टूटा और कुंडी उखड़ा मिलने पर हड़कंप मच गयी। मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट मॉर्निंग चल रहा है जिसे लेकर सुबह पौने सात बजे कर्मचारी जब पहुंचे तो ताला टूटा देख इसकी सूचना न्यायिक और पुलिस अधिकारियों को दी।

सूत्रों के अनुसार कोर्ट रूम से कोई भी चीज गायब नहीं है। घटना की सूचना पर जिले के एसपी आर रामकुमार, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे। स्निफर डॉग की भी मदद ली गयी। हालांकि अबतक इस मामले का खुलासा नहीं किया जा सका है।



घटना की सूचना पर जांच करने पहुंची पुलिस।

**खास बातें :** उल्लेखनीय है कि लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में ही कोर्ट का नया पांच तल्ला इमारत बन रहा है। निर्माण कार्य चलने की वजह से बाउंड्री वॉल तोड़ी गयी है और गेट बनाया गया है। मजदूरों और निर्माण कार्य से जुड़े अन्य लोगों का आना जाना लगा रहता है। सीसीटीवी फुटेज मे एक युवक को इसी तरफ से कोर्ट परिसर में रात के वक्त घुसता हुआ देखा गया। इसकी पहचान सिविल कोर्ट के बगल के मोहल्ले रघु टोली के निवासी के रूप में हुई है जिसे हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। कोर्ट रूम का ताला तोड़ने का मकसद चोरी करना, या फिर कुछ और रहा होगा इसकी भी पड़ताल पुलिस कर रही है। हालांकि कोई भी अधिकारी इस पर कुछ भी कैमरे पर बोलने को तैयार नहीं हुए। हालांकि एसपी आर राम कुमार ने कहा कि अभी घटना की जांच करने दीजिये। फिर ही कुछ बोला जा सकता है। बहरहाल इस घटना ने कोर्ट की सुरक्षा को लेकर एक नया सवाल खड़ा कर दिया है।

### गुमला : रक्तदान कर मरीज की बचायी जान

**गुमला।** सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के सक्रिय कार्यकर्ता गुलशन कुमार ने आपातकालीन स्थिति में ब्लड डोनेट कर अस्पताल में इलाजरत मरीज की जान बचायी। गुलशन ने पांचवीं बार रक्तदान किया है। बताया कि रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज की सहायता कर बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। मौके पर विकास सिंह, मुन्ना बड़ाईक, यश राज सिंह, लैब टेक्नीशियन संगीता कुमारी रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### गुमला : सुड़ी समाज की बैठक 30 को

**गुमला।** सुड़ी समाज गुमला की आम बैठक 30 अप्रैल को गुमला बस स्टैंड स्थित सुड़ी धर्मशाला में रखी गयी है। जिलाध्यक्ष सूरज साहू ने वर्तमान कमेटी, पूर्व कमेटी, सम्मानित संरक्षक, महिला कमेटी व युवा कमेटी के साथ समाज के सभी प्रखंड की प्रखंड कमेटी में तमाम पदाधिकारी, सदस्य व समाज के सभी लोगों से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है। कहा कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। इसी निमित नयी कमेटी का चयन व विस्तार के उद्देश्य से यह बैठक रखी गयी है। ताकि नई ऊर्जा के साथ समाज के लिए बेहतर कार्य किया जा सके।

### संयुक्त सचिव ने लिया योजना का जायजा



**लोहरदगा।** राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल के सदस्य जितेंद्र कुमार देव, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग और मुकेश कुमार प्रशाखा पदाधिकारी, ग्राविवि ने प्रखंड कैरो के पंचायत गजनी एवं सढ़ाबे में मनरेगा से कार्यान्वित योजनाओं, पीएम आवास (ग्रामीण), जेएसएलपीएस एवं जल छाजन से निर्मित अमृत सरोवर योजनाओं का निरीक्षण एवं दस्तावेज की जांच की। निरीक्षण में संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ पंचायतस्तरीय कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इससे पूर्व बीडीओ व अन्य पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की गयी व जरूरी निर्देश दिये गये।

### पीएम से सम्मान पा लौटे डीसी, सम्मानित हुए



**गुमला।** सिविल सर्विस डे पर पीएम के हाथों अवार्ड लेकर दिल्ली से लौटे उपायुक्त सुशांत गौरव के स्वागत का सिलसिला जारी है। मंगलवार को समाजसेवी अनिल कुमार व सेवानिवृत शिक्षक हफीजुर्र रहमान ने उनका स्वागत किया। अनिल कुमार ने कहा कि गुमला में ऊर्जावान व योग्य उपायुक्त मिलने से जिले का नाम राज्य ही नहीं पूरे देश में रोशन हुआ है। उपायुक्त के मार्ग दर्शन में जिला तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है।

## मनरेगा मजदूरों का आंकड़ा नहीं बता सके पंचायत सेवक, लगी फटकार

- कनीय अभियंता ने योजनाओं के निरीक्षण की नहीं दी जानकारी
- समीक्षा के दौरान कर्मियों की लापरवाही से नाराज दिखे बीडीओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने मंगलवार को प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित सभी विभाग के कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में विभाग वार चल रहे योजनाओं का समीक्षा किया गया। इस दौरान आदर पंचायत के पंचायत सचिव विजय कुमार सिंह से मनरेगा में काम कर रहे मजदूरों की जानकारी बीडीओ से मांगी गई तो पंचायत सेवक ने कुछ भी जवाब नहीं दिया। जिस पर बीडीओ ने पंचायत सेवक को जमकर फटकार लगाते हुए एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। वहीं कनीय अभियंता रंजीत कुमार से योजनाओं के निरीक्षण की बात पूछने पर नहीं बताने के कारण उसे भी फटकार लगायी और सभी कर्मियों को निर्देश दिया है कि बैठक से पूर्व सभी जानकारी हासिल करने के बाद ही बैठक में शामिल हों।

## लोहरदगा : पत्नी लापता, पति ने सेन्हा थाना में दर्ज कराया सनहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार निवासी पंकज खेरवार ने पत्नी के लापता की अर्जी सेन्हा थाना में देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान से मदत का गुहार लगाते हुए कहा कि 15 अप्रैल को मेरी 22 वर्षीय पत्नी नेहा देवी समय लगभग 2 बजे किसी को बिना बताये घर से निकली थी। जो देर शाम तक लौट कर वापस घर नही आई और आज तक कोई सुराग भी नही मिला रहा है। आगे बताते हुए कहा कि पत्नी के लापता के उपरांत आसपास एवं सगे संबंधि में छानबीन किया परंतु कही पता नही चला। सभी पहलू पर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी से प्रशासनिक मदद का गुहार लगया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा महिला के लापता की आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर टेक्निकल सेल के माध्यम से जांच पड़ताल आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही पति के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर लापता महिला का रंग-गोरा ऊंचाई 4 फिट 6 इंच पहनावा भूरा रंग का साड़ी पैर में हवाई चप्पल है। महिला का हुलिया बताते हुए कहा जिस किसी सज्जन व्यक्ति को इस महिला के बारे पता चले या कही भी दिखे तो स्थानीय थाना को सूचना देते हुए प्रशासन को सहयोग करने का अपील की गयी है।

## सेंटर ऑफ एक्सलेंस चयन में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पदक विजेता कई खिलाड़ियों ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार रांची ने नव सृजित सेंटर फॉर एक्सेलेंस एथलेटिक्स (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एव बालिका आयु वर्ग 16 से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन शिविर मंगलवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुरू किया। जिसमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा सिमडेगा जिले के खिलाड़ियों ने बैट्री टेस्ट एवं स्किल टेस्ट में भाग लिया। जिसमें खिलाड़ियों के बैट्री टेस्ट अंतर्गत ऊंचाई, वजन, 30 मीटर ,10 मीटर, 66 सटल रनिंग, बॉल थ्रो, 800 मीटर, वर्टिकल जंप, स्किल समेत कई तरह के टेस्ट लिये गये। अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी।

### महुआ चुननेवाले लगा रहे हैं जंगलों में आग

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड क्षेत्र के हड़सरी जंगल में महुआ चुनने वालों ने सुखे पत्तों पर आग लगा दी। आग लगने से स्थिति भयावह हो गया। लोगों ने बताया कि महुआ चुनने वाले ग्रामीण प्रत्येक वर्ष इस तरह की गलती कर देते हैं और दिन प्रतिदिन जंगलों में महुआ चुनने को लेकर लोग आग लगा रहे हैं। ग्रामीण जंगल-झाड़ियों में महुआ चुनने के दौरान आग लगाकर छोड़ देते हैं। इससे आग धीरे-धीरे जंगलों की ओर पहुंच जाती है और वह विकराल रूप ले लेती है। आग लगने से जंगल के पेड़-पौधे और जड़ी-बूटियां भी राख हो जाते हैं।

## पेयजल संकट से निपटने को धरना देगा जेएनडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) गुमला जिले भर में पेयजल की समस्या से जूझ रहे गांव से लेकर शहर तक के लोगों के लिए 4 मई को धरना जिला मुख्यालय में देगा। विदित हो कि पेयजल व स्वच्छता विभाग गुमला से घाघरा, बिशुनपुर, गुमला, सिसई, पालकोट, चैनपुर, जारी सहित जिले के लगभग सभी प्रखंडों में अरबों की लागत से छोटी-बड़ी पेयजल टंकी बनी है। लेकिन उचित रखरखाव और प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य नहीं होने से कहीं पानी का संकट तो कहीं पाइप लाइन लीकेज जैसे समस्या के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है। जिसपर विभाग का बिल्कुल ध्यान नहीं है। गर्मी में लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हो, इसके लिए जेएनडी पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल गुमला के कार्यपालक अभियंता को 3 अप्रैल को लिखित सूचना देने के बाद भी पेयजल टंकी दुरुस्त नहीं किया गया। बाजारू सामान से बनी पेयजल टंकी की वजह से अधिकतर गांव मुख्यमंत्री नल जल योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

# जागरूकता ही है मलेरिया से बचाव का उपाय : अरुण राम

- विश्व मलेरिया दिवस पर राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण राम ने बतलाया कि 25 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मलेरिया के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस विद्यालय में भी जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया जाता है, ताकि सभी अपने घर के आस पास एवं समाज को इसकी महत्ता को समझा सके और इससे बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने बतलाया कि मलेरिया का मुख्य कारण जगह जगह पानी का जमाव होना है। पानी का जमाव नहीं होने दें, जमे हुए पानी में ही मच्छर अंडे देती हैं। जमा पानी के गड्ढे को हो सके तो भर कर निजात पायें। नहीं तो जला हुआ मोबिल अथवा मिट्टी के तेल के दो चार बूंद डाल इसके प्रकोप को कम कर सकते हैं।



**खास बातें :** स्वास्थ्य विभाग से आये हुए एम पी डब्ल्यू मनीष कुमार ने बतलाया कि मादा मच्छर एनोफेलीज के काटने से मलेरिया होता है। नॉर्मल मलेरिया होने पर व्यक्ति जल्दी रिकवर हो जाता है, वहीं गंभीर रूप से मलेरिया होने पर मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है, मलेरिया में दवाओं के साथ अगर खानपान सही रखा जाये तो शरीर को ताकत मिलती है फिर मरीज जल्दी स्वस्थ हो सकता है।

## विकास योजना को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा

# दो दिनों के अंदर पंचायतों में शुरू करें आम की बागवानी का कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बैठक की गयी। प्रखंड कार्यालय सेन्हा में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का जिला में राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल जांच कमेटी का आगमन है। जिस निमित जेएसएलपीएस, मनरेगा तथा पीएमएवाई द्वारा संचालित विकास कार्यो का निरीक्षण होना है। जिसके लिए बीडीओ ने सहायक अभियंता, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि सेवंथ रजिस्टर, योजना अभिलेख पंजी, जॉब कार्ड व कार्य स्थल का पूर्व में अद्यतन जांच करने को कहा। साथ ही वितीय वर्ष 2023-24 की मनरेगा योजना से बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम बागवानी का कार्य को दो दिनों के अंदर सभी पंचायतों में कार्य प्रारंभ करने का निर्देश देते हुए कहा गया कि मनरेगा योजना कार्य मे अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया गया। मौके पर बजपीओ मनरेगा निलेंद्र कुमार, अभियंता संजीत कुमार पंचायत सचिव भैया भगत, सुजीत उरांव, आनंद सिंह, अधीश खाखा, महिपाल उरांव, ओमप्रकाश साहू, रोजगार सेवक कृष्णा राम, देवेंद्र कुमार, रेखा कुमारी आदि थे।



स्पीड न्यूज

### डीएवी में नये प्राचार्य ने दिया योगदान

**भवनाथपुर।** डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में राजेंद्र सदवेया ने 19वें प्राचार्य के पद पर योगदान दिया। कुशल अनुशासन, प्रबंधन और दूरदर्शिता के लिए जाने जाने वाले प्राचार्य के योगदान से अभिभावकों एवं बच्चे शिक्षा के स्तर में सुधार के प्रति उत्साहित है। प्राचार्य सदवेया इसके पूर्व दिल्ली के सीएमसी में कार्यरत थे। विद्यालय के चेयरमैन सह सेल आरएमडी भवनाथपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने नए प्राचार्य को बधाई दी और विद्यालय के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। मौके पर श्री सदवेया ने कहा कि डीएवी पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देने के लिए जाना जाता है और किसी भी कीमत पर इसे जारी रखने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। सभी शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य और विद्यालय अनुशासन के प्रति पूरी तरह ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दी गई। संबोधन के बाद पूरे विद्यालय परिसर की जांच की गई और सारी चीजों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर शिक्षक शौकत अली, सूरज सिंह, लक्ष्मण शास्त्री, पी कुमार, एके वर्मा, दिलीप कुमार, जेएस तिवारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर निकली प्रभातफेरी

**भवनाथपुर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कर्मियों एम्पीडब्लू एवं बीटीटी ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी अस्पताल परिसर से मुख्य पथ होते हुए कपूरीं चौक तक निकली। मौके पर एमटीएस प्रभारी विद्यानंद प्रजापति ने बताया कि मलेरिया के बचाव इसके उन्मूलन को लेकर प्रभात फेरी के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। कहा कि सरकार का 2023 तक मलेरिया को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य है। प्रभात फेरी में उपेंद्र साह, सत्यनारायण सिंह, धर्मजीत पासवान सहिया फुलपति देवी, सुनीता देवी, सुषमा देवी शामिल थी।

### जल जीवन मिशन की समीक्षा हुई

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में मंगलवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जल से संबंधित आ रही समस्याओं का निदान करने हेतु सभी संवेदक को निर्देश दिया गया की वे अपने अपने क्षेत्र के जलापूर्ति योजना को चालू करवाये। साथ ही ग्राम स्तर पर चापाकल मरम्मत एवं पानी की व्यवस्था करे।

### स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बीएड सत्र 2022-24 के स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्रामीणों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. बीसी स्वेन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत को साफ बनाना है एवं लोगों में जागरूकता लाना है कि जैसे सभी अपने घर को हमेशा स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार अपने शहर व गांव को भी स्वच्छ रखना चाहिए।

# मलेरिया घातक बीमारी : डॉ कुमार

## कोडरमा में विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता तथा जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार की उपस्थिति में सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ मनोज कुमार ने बताया की मलेरिया एक घातक बीमारी है जो संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छरों के काटने से होती है। यह प्रायः चार प्रकार के होते है तथा हमारे क्षेत्रों में विशेष कर दो प्रकार के पाये जाते है। पहला प्लाजमोडियम भाइवैक्स तथा दुसरा प्लाजमोडियम फैल्सीफेरम जिसे मस्तिष्क बुखार भी कहा जाता है। इसे फैलाने वाले मच्छर साफ जमे हुए पानी में पनपते हैं। इससे बचाव के लिए घर के आस-पास के गड्ढों, टुटे-फुटे बर्तनों, पुराने टायर, गमला, फ्रिज, कुलर आदि में बारिस का पानी जमा ना होने दें, हमेशा साफ-सफाई पर ध्यान दें। सोते समय हमेशा मच्छरदानी का प्रयोग करें। वर्तमान समय में अन्यत्र बारिस होने से इसका खतरा बढ़ सकता है। इसके बचाव हेतु प्राप्त गाइडलाईन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून पुर्व डीडीटी कीटनाशी का छिड़काव भी किया जाना है। जिसका माइक्रोप्लान जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से माँग की गई है। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वैक्टर जनित रोग संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि चालू वर्ष में मलेरिया की रोकथाम एवं इसकी उपचार तथा इससे बचाव के लिए आज से ही विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम की शुरूआत हो जाती है। जैसे कि प्रशिक्षण कार्यक्रम, जन-जागरुकता कार्यक्रम, किटनाशी छिड़काव आदि। वहीं उन्होने बताया कि वर्ष 2021 की अपेक्षा 2022 में मलेरिया में कमी पायी गयी है तथा वर्ष 2023 में अब तक मलेरिया के कुल 2 मरीज संक्रमित पाये गये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मियों को मलेरिया तथा अन्य बिमारियों से बचाव हेतु आवश्यक निदेश दिये। मौके पर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, विनीत अग्निहोत्री, एफलए शंभु कुमार, ललन कुमार राणा, सिद्धांत ओहदार, दीपेश कुमार, हिमांशु कुमार, मुकेश राणा, आदित्य कुमार, सागर कुमार आदि मौजूद थे।

### 15.40 लाख की लागत से बनने वाले तालाब की रखी गयी आधारशिला

**डोमचांच (कोडरमा)।** जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने सोमवार को प्रखंड अंतर्गत पुनाडीह पंचायत के तारटांड में अमृत सरोवर के तहत लगभग 15 लाख 40 हजार की लागत से बनने वाले तालाब की आधारशिला रखी। वहीं उन्होंने बताया कि जिला परिषद मद से पूरे जिले में अमृत सरोवर के तहत फिलहाल 10 तालाब निर्माण जारी है। पानी की उपलब्धता और पानी की किल्लत किसी भी देश की प्रगति व गति को निर्धारित करती है। जल ही जीवन का आधार है, इसलिए जल को बचाना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि तालाब का निर्माण हो जाने से जलस्तर बढ़ने के साथ साथ जल संचय व जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बीते कुछ साल में देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में बढ़ती हुई गर्मी में पानी बचाने की हमारी जिम्मेदारी को उतना ही बढ़ा रही है।

## एक नजर में

### मेरौनी की टीम लंगड़ी को दो रनों से पराजित कर बना चैंपियन

**भवनाथपुर।** युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच लंगड़ी क्रिकेट क्लब और मेरौनी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मेरौनी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 123 रन बनाई। वहीं लंगड़ी टीम 11.5 ओवर मे सभी विकेट खोकर 121 रन ही बना पाई। मेरौनी टीम दो रनों से जीतकर फाइनल मैच के विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच मेरौनी टीम के शरद को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मेरौनी टीम के आकाश कुमार को दिया गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार लंगड़ी टीम के आरिफ को दिया गया। टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, शिक्षक बल्लू सिंह ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को 31 हजार रुपया एवं ट्रॉफी विजेता टीम के कप्तान को दिया। विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, भवनाथपुर पंचायत कि मुखिया बेबी देवी संयुक्त रूप से उपविजेता को 16 हजार रुपया एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम के कैप्टन को दिया। मैच के अंपायर की भूमिका चंचल कुमार एवं पंकज विश्वकर्मा जबकि स्कोरर की भूमिका नीतीश कुमार ने निभाई। मौके पर क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपनो, सुधीर कुमार, सोमनाथ यादव, प्रेम यादव, ओम नारायण यादव, धनंजय यादव, सोनू रावत, अनूप गुप्ता, अर्पित सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### जुगाड़ की लिफ्ट गिरने से युवक की मौत

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के चट्टी गांव स्थित नाजीर स्टील दुकान में जुगाड़ वाली लिफ्ट गिरने से लिफ्ट में सवार तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कान्हाचट्टी राजपुर गांव निवासी श्रीराम केशरी पिता अरूण केशरी के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान सहजाद और मुजाहीर के रूप में हुई है। पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। चट्टी गांव में नाजीर स्टील नाम का फर्नीचर दुकान में जुगाड़ की लिफ्ट लगा रखीं है, जो चारों ओर से खुली है। जिसमें वह फर्नीचर का सामना को ऊपरी मंजिल पर ले जाते हैं। मंगलवार को श्रीराम केशरी, सहजाद और मुजाहीर लिफ्ट से सामान ऊपर ले जा रहा था और अचानक तार टूट गई और तीनों लिफ्ट के साथ नीचे आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। श्रीराम केशरी और सहजाद को हजारीबाग रैफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान श्रीराम केशरी की मौत हो गई। इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी कोई आवेदन नहीं आई है। जुगाड़ वाली लिफ्ट लगाने के आरोप में केस दर्ज करेगी।

### बंशीधर महोत्सव का आयोजन 3 व 4 मई को

**गढ़वा।** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2023 का आयोजन आगामी 3 व 4 मई को किया जाएगा। मंगलवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में श्री बंशीधर महोत्सव आयोजन के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर ने जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक आयोजित की। इस बैठक में राज्य सरकार प्राप्त निर्देश के आलोक में तीन व चार मई को काफी धूमधाम एवं भव्य तरीके से महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया।जानकारी देते हुए डीसी श्री जमुआर ने बताया कि महोत्सव के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आमजनों को पास की अनिवार्यता नहीं होगी। महोत्सव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियो को व्यापक रूप से बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, पार्किंग की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था, मेडिकल कैम्प, भोजन आदि की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही कार्यक्रम में आमजनों का प्रवेश के लिए पास की अनिवार्यता नही रखने का निर्णय लिया गया। डीसी ने बिना पास के आमजनों को फ्री एंट्री कराने का निर्देश दिया।

### मलेरिया से बचाव के लिए निकाली गयी रैली

**गढ़वा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को मलेरिया से बचाव के लिए सदर अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई। रक्त कोष प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार, गढ़वा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह एवं मलेरिया सलाहकार अरविंद द्विवेदी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सदर अस्पताल से निकलकर रंका मोड़ पहुंची। वहां से पुनः सदर अस्पताल आकर समाप्त हो गई। रैली में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि मलेरिया दिवस का उद्देश्य है जन समुदाय को मलेरिया से मुक्त एवं बचाव के प्रति जागरूक करना। उन्होंने कहा कि सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें, विशेषकर छोटे बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष बचाव करें। बुखार, मलेरिया हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क अवश्य करें। मौके पर उपयुक्त पदाधिकारियों के संजय कुमार, सतीश कुमार,आदि लोग मौजूद थे।

### मंजु देवी एवं कंचन देवी का सहिया पद पर चयन

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग गांव में दो स्वास्थ्य सहिया का चयन श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक डा. सुचित्रा कुमारी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को किया गया। जिसमें मंजु देवी एवं कंचन देवी को सहिया पद पर चयन किया गया। मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित सहिया चयन में छह उम्मीदवारों ने अपने अपने कागजात प्रस्तुत किए। जिसमें सभी के कागजात नियमानुसार जांच के बाद बहुमत के माध्यम से चुनाव कराने के लिए तय किया गया। जिसके बाद हुए चुनाव में मंजू देवी पति शिव कुमार साह को 110 मत, कंचन देवी पति ललन राम को 91 मत, रुचि देवी पति ब्रजेश कुमार राम को 39 मत एवं बसंती देवी पति उमेश राम को 29 मत प्राप्त हुए।

### प्राचार्य को हटाने का निर्देश

**इटखोरी।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा कुमार विकास ने इटखोरी के भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुलार हजाम को प्राचार्य के पद से हटाने का निर्देश जारी किया है। इस आशय का एक विभागीय पत्र कुलसचिव ने भद्रकाली महाविद्यालय की शासी निकाय के सचिव डा प्रदीप कुमार सिंह को भेजा है। पत्र में डा दुलार हजाम की जगह डा सुरेंद्र कुमार को भद्रकाली महाविद्यालय का प्राचार्य बनाने का भी आदेश जारी किया गया है।

## जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्तरीय पर्यावरण समिति आदित्य रंजन की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में पर्यावरण के संरक्षण एवं जिले में फैले कचरे के उठाव समेत अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद झुमरीतिलैया को निर्देश दिया गया कि ससमय साफ-सफाई के साथ-साथ कचरा का उठाव, डंपिंग, शहरी क्षेत्रों में मशीनों द्वारा नाली की सफाई, निर्यात प्रबंधन समेत अन्य कार्य किया जाए। ई-वेस्टेज को लेकर उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहां की जिले के सभी बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप पर एक बॉक्स लगवाना सुनिश्चित करें, जहा लोगों द्वारा ई वेस्ट डंप किया जा सके। वहीं उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सम्बंधित पदाधिकारी सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि किन-किन क्रशर में स्प्रिंकलर सिस्टम लगा हुआ है एवं सही ढंग से चल रहा है। 10 दिनों के भीतर इसका रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करें। इसके अलावे उपायुक्त ने 15 दिनों के भीतर नगर पंचायत कोडरमा व डोमचांच एवं नगर परिषद झुमरीतिलैया क्षेत्र के सभी पेड़ो से कील एवं पोस्टरों को निकलवाने का निर्देश दिया। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला उद्योग समिति व वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की बैठक हुई संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला उद्योग समिति एवं वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में समिति सदस्य एवं जिले में कलाकंद बनाने एवं बेचने वालों को आमंत्रित किया गया किया था, जिसमें आलू चिप्स का यूनिट लगाने के लिए संसाधन, स्थान एवं उसमें उपयोग होने वाले जरूरी संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें कुछ स्वयं सहायता समूह विभिन्न प्रखंडों में काम कर रहे एफपीओ के द्वारा इस काम को आगे बढ़ाने का विचार हुआ। साथ ही जिले के प्रसिद्ध मिठाई कलाकंद को वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के रूप में चिन्हित किया गया एवं उसे जिले के बाहर अन्य राज्यों एवं विभिन्न हिस्सों में इसकी पहचान बनाने के लिए जो जरूरी कदम उठाए जाने हैं, उस पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिस पर विभिन्न प्रतिष्ठानों से आए हुए व्यवसायियों ने अपनी राय रखी। मिठाई के ज्यादा समय तक स्वादिष्ट एवं सुरक्षित रखने के लिए जो जरूरी उपाय है, उसके बारे में निमार्ता एवं विक्रेता के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में रूबेला वैक्सीनेशन को लेकर कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेशानुसार बच्चों को लगने वाले रूबेला वैक्सीनशन हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को टीका लगवाना अनिवार्य है। यह टीका किसे और क्यों लगवाना है इन बातों की विस्तृत जानकारी देने के लिए डॉ. एन के साहा एवं उनकी सहयोगी टीम के सदस्य मनोज कुमार, संजीव कुमार और नीलम तिग्गा उपस्थित थे। वहीं डॉ. साहा ने बड़े ही सहज ढंग से इस वैक्सीन की महत्ता के बारे में विद्यालय परिवार को जानकारी दी और बताया कि 9 माह से 15 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को यह टीका लेना अनिवार्य है। पूर्व सूचनानुसार कई अभिभावकों ने भी इस जागरुकता कार्यक्रम में भाग लिया और चिकित्सकों के बातों को ध्यान से सुना और समझा। मौके पर सम्पा सिंह, निखर कुमार, शिक्षक-शिक्षिका भी मौजूद थे।

## कुष्ठ सेल्फ केयर असेसमेंट कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में कुष्ठ सेल्फ केयर असेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। जिसमे रांची से एनएलआर के राज्य कुष्ठ समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती द्वारा सभी कुष्ठ के ग्रेड 2 मरीजों एवं इस ग्राम की सहिया को प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। कुल 23 मरीजों की जांच की गई। जिसमे 1 मरीज को सर्जरी के लिए चयन किया गया। वहीं काशीनाथ चक्रवर्ती ने बताया की कुष्ठ के कारण जिनके हाथ या पैर में घाव एवं विकलांगता हो गया है, उन्हे सेल्फ केयर का अभ्यास करने की जरूरत है। इस अभ्यास में मरीज को आधा घंटा तक पैर या हाथ को पानी में डूबा कर रखना है। उसके बाद मोटी एवं सख्त त्वचा को रगड़ कर साफ करना है। बाद में भी हाथ या पैर में तेल लगाना है। जिसे त्वचा बहुत देर तक मुलायम रहती है। इस अभ्यास को हमेशा प्रतिदिन करना है। कुष्ठ के मरीजों को गर्म चीज को नहीं छूना है या सावधानी रखना है। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन ने हाथ एवं पैर के व्यायाम का अभ्यास कराया ताकि मरीजों को हाथ पैर में क्ला एवं फुट ड्रॉप नही हो। साथ ही फाइलेरिया से होने वाले हाथी पांव के मरीजों को भी सेल्फ केयर का अभ्यास कराया गया। मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, जावेद अंसारी, मुकेश कुमार, जय प्रकाश सिंह, बेगम साहिदी आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विश्व मलेरिया दिवस पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मलेरिया विभाग के डॉक्टर मुकेश कुमार के द्वारा बताया गया कि मादा एनोफि्लज मच्छर के काटने से मलेरिया बीमारी होती है। भारत में दो प्रकार के मलेरिया रोग होते है। जिसमे पहला प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम और दूसरा प्लाज्मोडियम वाइवेक्स है। दोनों खतरनाक होते हैं। यह मच्छर सूर्यास्त के बाद काटते है। इसकी रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, किरासन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। भारत में मलेरिया का संक्रमण 65% प्लाजमोडियम वाइवैक्स तथा 35 प्रतिशत प्लाजमोडियम फैल्सीपैरम के कारण होता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में मलेरिया ज्यादा होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है।

### मृतक की पत्नी ने मामला दर्ज कराया

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सकरी नदी से शनिवार को बरामद हुए धरमपुर निवासी मनोज शर्मा के शव मामले में मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने सतगांवा थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या किए जाने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की रात उनके पति बासोडीह बाजार से सैलून दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इस दौरान माधोपुर पुल के समीप अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर दिया गया और साक्ष्य छिपाने को लेकर नदी में गाड़ दिया था।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी शासी समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक डीसी अबू इमरान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक समाप्ति के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए चतरा के राजद विधायक सह झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता,सिमरिया के बीजेपी विधायक किशुन कुमार दास, बड़कागांव के कांग्रेस विधायक अम्बा प्रसाद एंव बिजेपी के चतरा सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर ने कहा कि बैठक का एजेन्डा अति सराहनीय एंव महत्वपूर्ण है। डीसी अबू इमरान की नेतृत्व में जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही सवार्गीण विकास, पूर्ण रूप से प्रशंसनीय है।जिले में निर्माण कार्य शबाब पर है।बड़े पैमाने पर जनकल्याणकरी योजनाएं चलाई जा रही है। स्किल डेवलपमेंट के लिए योजनाएं शामिल हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जिले में विकास का बयार बहरारहा है। फिलहाल आज की बैठक में पारित योजनाओं से आने वाले कुछ दिनों में चतरा का होगा कायाकल्प।

मंत्री, विधायक एंव सांसद प्रतिनिधि क्रमशः सत्यानंद भोगता, किशुन कुमार दास, अम्बा प्रसाद और निर्भय ठाकुर ने संयुक्त रूप से कहे कि ग्राम पंचायत से लेकर प्रखंड मुख्यालय एंव जिला मुख्यालय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, भवनों का निर्माण एंव जीर्णोद्धार,खेल के लिए स्टेडियम का निर्माण आदि से सम्बंधित प्रस्तावों को जनहित में सर्वसम्मति से पारित किया गया। आगे डीसी श्री इमरान के द्वारा की जा रही कार्यों को प्रशंसा किये।

एक सवाल के जवाब में कहे कि लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के लिए सम्बंधित विभगों एंव एजेंसियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज का छात्र बना प्रमंडल टॉपर

**गढ़वा।** डीएलएड सत्र 2020-22 में इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज गढ़वा का छात्र प्रदीप गुप्ता प्रमंडल टॉपर रहा। प्रदीप ने कुल 1225 अंक प्राप्त किया। इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अजय पांडेय ने बताया कि प्रदीप काफी मेधावी छात्र है। उसमें मेहनत करने की काफी छमता है। अपनी मेहनत के बदौलत पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज एवं अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। उसकी इस सफलता पर महाविद्यालय के सचिव गिरिनाथ सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे सम्मानित करने का निर्णय किया है।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** रा.उ.म.विद्यालय सेल, चतरा में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने पुस्तकालय का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर किया। वहीं उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय की स्थापना से स्कूल के बच्चों को शिक्षा में बहुत मदद मिलेगी कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय में खेलकूद की जो सुविधा उपलब्ध कराई गई है वह सराहनीय है।

पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर जिला परिषद सदस्य निशा कुमारी,डाढा पंचायत मुखिया अमिता कच्छप, उप मुखिया अनीता देवी,पंचायत सचिव ए के चौबे, दिपांशु मैडम, विद्यालय प्रधानाध्यापक महेश लकड़ा, रोजगार सेवक राजेश शर्मा समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चेक बाउंस के मामले में छह माह का कारावास, तीन लाख रुपये भुगतान करने का आदेश

**लातेहार।** मंगलवार को अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार के द्वारा सुनाया गया फैसला। ज्ञात हो कि परिवादी बालूमाथ निवासी कौशल कुमार सिंह द्वारा चेक बाउंस का मुकदमा तीन लाख का बालूमाथ निवासी शशि भूषण सोनी के विरुद्ध दाखिल किया गया था। जिसमें उभय पक्षो के सुनवाई के उपरांत दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर शशि भूषण सोनी को दोषी पाया गया। जिसमें 6 माह का साधारण कारावास व तीन लाख रुपये क्षतिपूर्ति की राशि एवं क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं करने पर तीन महीने का अतिरिक्त कारावास शशिभूषण सोनी को दिया गया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता मिथिलेश कुमार के द्वारा बहस किया गया।

### एकदिवसीय सेंसेटाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय सेन्सेटाइजेशन प्रोगाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायती राज अन्तर्गत उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत अपने अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु शपथ दिलाया गया तथा उन्हे संसेटाईज किया गया। साथ ही साथ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को पंचायत को टीबी मुक्त करने में सहयोग करने की अपील की गई। उनके द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के टीबी मुक्त प्रथम पंचायत को उपहार स्वरूप प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष उपहार स्वरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की गोल्डेन रंग तथा सिल्वर रंग एवं कांस्य रंग की प्रतिमा देने की बात कहीं गई है। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, जिला परिषद् अध्यक्षा पुनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि, टीवी विभाग के कर्मी आदि मौजूद थे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, दिलायी गयी शपथ

**चंदवा।** विश्व मलेरिया दिवस पर मंगलवार को चंदवा प्रखंड के परियोजना उच्च विद्यालय सासंग, मवि आन, पन्ना टांड, प्रावि नेवाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जागरूकता रैली निकाली गई व विद्यार्थियों को शपथ भी दिलायी गयी। चंदवा सीएचसी के एमटीएस कृष्णकांत, विकाश रंजन, एमपीडब्ल्यू सीताराम कुमार ने मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग करने, अपने आसपास गंदगी को दूर कर और कुछ घरेलू उपाय कर मलेरिया जैसे भयावह बीमारी से बचने की जानकारी दी। इन्होंने कहा कि मलेरिया प्लाजमोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इस क्रम में मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार भी बताया।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ आज से नहीं होगा भूमि का निबंधन

**लातेहार।** दस्तावेज नवीस संघ की बैठक मंगलवार को आहूत की गई। बैठक में दस्तावेज नवीस संघ के कई सदस्य उपस्थित थे। बैठक में जिला अवर निबंधन पदाधिकारी के क्रिया कलाप तथा पक्ष पात रवैए पर विचार विमर्श किया गया। वही निबंधन पदाधिकारी द्वारा भूमि बिक्री करने वाले तथा खरीदने वालों को हो रहे परेशानी पर भी विचार किया गया। बैठक में सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए संघ के सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि 26 अप्रैल से अनिश्चित कालीन भूमि दस्तावेज लेखन कार्य बंद रहेगा। वही बताया गया कि आए दिन निबंधन पदाधिकारी द्वारा रजिस्ट्रेशन अधिनियम के विरुद्ध कुछ न कुछ नियम दस्तावेज नविस को थोपा जा रहा है। जिससे भूमि निबंधन का कार्य नहीं हो पा रहा है। वही विक्रेता तथा खरीदार समेत कई लोग परेशान हो रहे हैं तथा बिना कार्य किए घर वापस लौटने को मजबूर हो रहे है। बैठक में मो. मुस्तकिम, कामेश्वर तिवारी, मो. बक्सू, सजमुल हुसैन, दिलीप सिन्हा, सईद अनवर, ओम प्रकाश तिवारी, विपिन ठाकुर, संदीप चौधरी, शोभा सिंह, असगर हुसैन, सतीश कुमार सिंह, भुनेश्वर राम, आशीष कुमार, अमलेश कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मनरेगा लोकपाल ने रजिस्टर 7 के अवलोकन को लेकर की बैठक


बैठक करते मनरेगा लोकपाल।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित ने रोजगार सेवकों के साथ रजिस्टर सात के अवलोकन को लेकर बैठक किया। बैठक मे उनहोंने ने संबंधित रोजगार सेवकों से सातो रजिस्टर का समीक्षा किया। वहीं रजिस्टर के अवलोकन से असंतुष्ट होकर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कुछ त्रुटिपूर्ण रजिस्टर को एक सप्ताह के अंदर पुर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके पश्चात मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। साथ ही कहा कि गांव के जॉब कार्ड धारियों को हर हाल में रोजगार से जोड़े रखना है। इसके पश्चात कहा कि मनरेगा योजना में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक समापन के पश्चात डाढ़ा पंचायत के रत्नादाग पहुंचे, जहां संचालित मनरेगा योजनाओं स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाए गए रामपति उरांव के आम बागवानी का निरीक्षण किया। इस क्रम में संबंधित लाभुक मेट एवं रोजगार सेवक को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर बीपीओ रवि कुमार यादव, रोजगार सेवक नईम खान, संतोष कुमार यादव, राजदेव सिंह, आजाद वर्मा, अविनाश पाठक, रेखा कुमारी मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर राजसात वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग ने निकाली निविदा

# 9 मई को उपायुक्त की गठित समिति के समक्ष होगी नीलामी

➲ हाइवा, लोडर, ट्रैक्टर एवं ट्रक की होगी नीलामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश के आलोक में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त वाहनों की जब्ती के बाद राजसात वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग के द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा के माध्यम से कुल सात वाहनों की नीलामी की जाएगी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि लातेहार जिलान्तार्गत कोयला खनिज के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर निविदा आमंतित्रत किए गए है। निविदा 9 मई को उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष समाहरणालय सभागार में 3 बजे खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि निविदा में भाग लेने वाले संवेदको को निविदा की शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा एवं कोविड-19 की शर्तों को पालन करना होगा।


फाइल फोटो

**संवेदक पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित थाना में दर्ज नहीं हो मामला :** जिला खनन विभाग की ओर जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर निकाली गयी निविदा में भाग लेने के लिए संवेदक पर किसी भी थाने में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर मामला दर्ज नहीं होना चाहिए एवं किसी भी विभाग के द्वारा उनका नाम संस्था का नाम काली सूची में दर्ज नहीं हो।

### सात वाहन होंगे नीलाम

जिसमें हाइवा 2019 मोडल निबंधन संख्या ओडी14यू-1391, राशि अनुमानित बाजार मूल्य-20 लाख, 50 हजार अग्रधन की राशि 2 लाख, 5 हजार, लोडर 2017 मोडल निबंधन संख्या जेएच 13 ई 3293, राशि अनुमानित बाजार मूल्य 22 लाख, अग्रधन की राशि 2 लाख 20 हजार, ट्रैक्टर 2021 मोडल निबंधन संख्या-जेएच23ए-2610, राशि अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 75 हजार, अग्रधन की राशि 27 हजार 5 सौ, ट्रक 2018 निबंधन संख्या जेएच13एफ 6105, राशि अनुमानित बाजार मूल्य 13 लाख, अग्रधन की राशि 1 लाख 30 हजार, ट्रक निबंधन संख्या जेएच02एडब्लू-7103 राशि अनुमानित बाजार मूल्य 16 लाख 30 हजार अग्रधन की राशि 1 लाख 63 हजार, ट्रक मोडल 2017 निबंधन संख्या-जेएच19बी-2577, राशि अनुमानित बाजार मूल्य 15 लाख 50 हजार, अग्रधन की राशि 1 लाख 55 हजार, ट्रक मोडल 2013 निबंधन संख्या जेएच1बीए 9784 राशि अनुमानित बाजार मूल्य 8 लाख, 50 हजार, अग्रधन की राशि 85 हजार की राशि तय किया गया है।

### निविदा में भाग लेने के लिए शर्त

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले संवेदको को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, आयकर निर्टन की छायाप्रति, पासपोर्ट साइस फोटो की दो प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

## बाघ को लेकर दिग्भ्रमित कर रहा है विभाग : सोनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बाघ की उपस्थिति दिखाकर देश की जनता और केंद्र सरकार को वर्षो से दिग्भ्रमित करने का काम वन विभाग के अधिकारी करते आ रहें हैं। बाघ के संरक्षण और संवर्धन के नाम पर सालाना करोड़ों रुपए का बंदरबांट होता आ रहा है। उक्त बातें भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने खबर मंत्र से दूरभाष पर बातचीत में कही। उन्होंने पूरे मामले के संबध में लिखित आवेदन चतरा सांसद सुनील सिंह को भी दिया हैं। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि पीटीआर में एक भी बाघ की उपस्थिति नहीं होने के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों केंद्र सरकार को पीटीआर अंतर्गत चार से पांच बाघ होने की रिपोर्ट दी गई थी। उन्होंने कहा कि पीटीआर अंतर्गत सैकड़ो गांव है, जहां वर्षो से निवास करने वाले लोग पिछले एक दशक से अधिक समय से एक भी बाघ नहीं देखें है, जबकि वह पूरे दिन रात जंगलों में ही निवास करते है। वहीं पीटीआर के अधिकारी साल में किसी दिन सड़क पर घूमने निकल जाते है तो उन्हें बाघ दिखाई देता है, और यही नहीं बल्कि बाघ उन्हें फोटो शूट करने और वीडीओ बनाने के लिए पोज भी देता है। अजय सोनी ने सांसद सुनील सिंह को आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए मामले की जांच केंद्रीय कमेटी के माध्यम से कराने की मांग की है, ताकि वन विभाग के कारनामे जनता और सरकार के समक्ष उजागर हो सकें।


सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी।

**चप्पे-चप्पे में लगाया गया है ट्रैप कैमरा**

ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों की माने तो वन विभाग की भक्ति व गुणगान करने वाले चंद लोग बाघ को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के कई तौर तरीके आजमाते रहते है, लेकिन धरातल पर सच्चाई इससे बिल्कुल विपरित है, ऐसे लोगों का गुजारा भी विभाग से ही चलता है। विभाग द्वारा पीटीआर अंतर्गत चप्पे चप्पे पर करोड़ों रुपए खर्च कर ट्रैप कैमरा लगाया गया है, लेकिन बाघ की उपस्थिति के एक भी प्रमाण अब तक कैद नहीं हुए है।

### बरवाडीह में केक काटकर मनायी गयी एआइआरएफ की 100वीं वर्षगांठ



**बरवाडीह।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के 100वें स्थापना दिवस पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने सोमवार को बरवाडीह के बाबा चौक स्थित यूनियन कार्यालय में केक काटकर स्थापना दिवस की खुशी मनायी। इस दौरान कर्मचारियों ने एक दूसरे को केक खिलाकर 100वें स्थापना दिवस की बधाई दी। जहां कर्मचारियों ने बताया कि 24 अप्रैल 1924 को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की स्थापना हुयी थी। वहीं यूनियन के पदाधिकारियों ने एआईआरएफ के अब तक की उपलब्धियों का बखान किया। कहा कि रेल कर्मचारियों के हित में हमेशा से पूरी मजबूती के साथ खड़ी रहने वाली यूनियन सरकार के हर कर्मचारी विरोधी मुद्दों का विरोध करती रही है और उन्हें कयी मुद्दों पर सरकार को झुकने के लिए मजबूर भी किया है। वहीं यूनियन के पदाधिकारियों ने अब तक की ऐतिहासिक यात्रा पर सभी को बधाई दी, और प्रथम वर्ष से लेकर अब तक की यात्रा की चर्चा की। बताया की देश के हर यूनियन कार्यालय में 100 वीं वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार, एच कुमार, युवा अध्यक्ष उपेंद्र पाल, युवा सचिव ऋषि राज, बशीर अहमद, मनीष कुमार, अमित कुमार, जैकी कुमार, आरके सिंह, आशिफ इकबाल (राजू रहमान), सीबी कुमार, श्याम तुरी, संदीप कुमार, रणधीर वर्मा, सुधीर कुमार, जीके पटेल, नीतीश कुमार, प्रदीप कुमार और एके रजक सहित सैकड़ो कर्मचारी मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय करकट में पीटीएम की बैठक

### अभिभावकों के सामने रखी गयीं विद्यालय की सारी गतिविधियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** राजकीय मध्य विद्यालय करकट में मंगलवार को पीटीएम की बैठक मोहन प्रसाद प्रभारी प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में विद्यालय के सभागार में किया गया। वहीं उन्होंने विद्यालय की सारी गतिविधियों को सभी अभिभावकों के सामने रखी। इस दौरान अन्य शिक्षको में जितेंद्र प्रसाद, संतोष पाण्डेय ने सभी अभिभावकों से नियमित बच्चो को समय से स्कूल भेजने, स्कूल में अनुशासन बनाए रखने पढ़ाई आदि पर ध्यान देने की बात कही। वरीय शिक्षिका उमा कुमारी ने अपने संबोधन में सभी से अनुरोध किया कि बच्चो को प्रतिदिन गृह कार्य दिया जाता है। उसे घर पर बना कर लाने के लिए आप सभी खुद उनको एक घंटे जरूर अपने निगरानी में प्रतिदिन पढ़ाए। साथ ही वार्षिक परीक्षा जो आगामी छह मई से होने वाली है। उसके बारे में भी बताया। सहायक अध्यापक अतुल कुमार ने कहा की इस विद्यालय की वर्ग पांच की विद्यार्थी बूसरा ने राज्य स्तर पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर पूरे विद्यालय के साथ साथ जिले का नाम रौशन किया है। सरकारी विद्यालय में अब सारे शिक्षक विधिवत रूप से नियमित पढ़ाते है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे और उनके पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे। नामांकन अभियान के बारे में भी सभी को जानकारी दी गई। कुछ अभिभावकों ने कहा की उनके बच्चो का छात्रवृति का पैसा खाते में नही गया है। जिस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया की विभाग को वैसे बच्चो की सूची दे दी गई है। खाता में तकनीकी खराबी के कारण भी छात्रवृति का पैसा नहीं जा सका है। आप सभी बच्चो के खाते को हमेशा अपडेट रखे। इस बैठक में अध्यक्ष मंजू देवी, सईदा बीबी, ज्ञान प्रभा मिंज, सुचिता मिंज, बबिता देवी, कविता देवी, नूर जहा, नसीरुद्दीन मिया, रियासत अंसारी, विफनी देवी, मुमताज अंसारी, संजना कुमारी, भुनेश्वर भुईया, अक्षय कुमार, संगीता देवी, मंजू देवी, नजरीन फातिमा, रुखसाना बीबी, अयूब अंसारी समेत अन्य अभिभावक ग्रामीण शिक्षक आदि उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित अभिभावक।

## बनहरदी कोल ब्लॉक के लिए एफआरए को लेकर आहूत ग्रामसभा स्थगित

➲ जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार के बाद ही करेंगे बात : ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी मौजा में पतरातू विद्युत ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा कोल ब्लॉक स्थापित करने को लेकर मंगलवार को बनहरदी के जामुनटोला में वनभूमि के अंतर्गत पड़ने भूमि के संबंध में एफआरए को लेकर आहूत ग्रामसभा ग्रामीणों के विरोध के कारण स्थगित करना पड़ा। ग्राम सभा में चंदवा अंचलाधिकारी विजय कुमार, अंचल कर्मी समेत पीवीयूएनएल के अधिकारी मौजूद थे। जिनके समक्ष ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि हाल सर्वे में हुए त्रुटि के कारण व्यापक पैमाने पर जमीन संबंधी मामलों में गड़बड़ी है। रैयतों का जमीन इधर का उधर हो गया है, काफी जमीन अनाबाद बिहार सरकार में भी चला है। जमीन संबंधित त्रुटियों में सुधार नहीं हो जाती तब तक हम ग्रामीण कोई बात नहीं करेंगे और न ही जमीन देंगे। रैयतों व ग्रामीणों के विरोध के बाद ग्रामसभा करने गयी प्रशासन की टीम बिना ग्रामसभा पूर्ण किए ही वापस लौट आयी। मामले को लेकर अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि ग्राम सभा के लिए गए थे, लेकिन ग्रामीण कई मांगो को लेकर विरोध जता रहे थे, इस कारण ग्राम सभा को स्थगित करना पड़ा। बनहरदी कोल परियोजना अंतर्गत आने वाले वन भूमि को लेकर कई बार एफआरए की बैठक आहूत हो चुकी है लेकिन हर बार ग्रामीणों के विरोध के ग्राम ग्राम सभा को स्थगित करना पड़ा है।


आहूत ग्रामसभा में मौजूद ग्रामीण।

### अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति ने की बैठक



बैठक में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विधालय मे प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रघुनंदन राम की अध्यक्षता में शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक संपन्न। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापिका अनिता देवी ने बताया की राज्य परियोजना निदेशक के पत्रांक एसएमसी05/140/2018-19-1878 दिनांक 21 अप्रैल 2023 के निर्देश के आलोक में योगात्मक मुल्यांकन दुसरा वार्षिक परीक्षा के संबंध में शिक्षकों व अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक मे वार्षिक परीक्षा के तिथियों की जानकारी, लू एवं गर्म हवाओं की जानकारी एवं माता पिता की जिम्मेदारी, वार्षिक परीक्षा में सभी बच्चों की उपस्थिति, नए शैक्षणिक सत्र की जानकारी, अगले शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के पोषक क्षेत्र में सर्वे के अनामांकित एवं दिक्षित बच्चों की जानकारी प्रदान करना एवं नामांकन हेतु आवश्यक समिति तैयार करना, विधालय विकास में सामुहिक सहयोग में चर्चा सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दिया गया। मौके पर विधालय प्रबंधन समिति के सचिव अकिता देवी, शिक्षक राजेश्वर सिंह, एलिजाबेद मिंज, अभिभावक सुषमा देवी, अनिता देवी, प्रमिला देवी, देवंती देवी, रूबी देवी, मिना देवी, बजरंगी साव सहित कई अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे।

## जिला परिषद की बैठक में उपाध्यक्ष ने कई मुद्दे उठाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार समाहरणालय परिसर में मंगलवार को जिप अध्यक्ष पुनम देवी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, आईटीडीए डायरेक्टर बिदेश्वरी ततमा, सांसद प्रतिनिधि मनिका लव कुमार दुबे, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिप सदस्य विनोद उरांव मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं बैठक में लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड से संबंधित समस्याओं को उठाया है। अनीता देवी ने बताया कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जो पिछले 7 वर्षों से एक ही जगह में पदस्थापित हैं। उसका स्थानांतरण किया जाए। उन्होंने कहा कि बालूमाथ में पिछले कई वर्षों से एक ही स्थान पर कई कर्मी जमे हुए हैं। जो नियम के विरुद्ध है। प्लस टू उच्च विद्यालय की जमीन की मापी विद्यालय को दी गई दान पत्र के आधार पर जल्द कराया जाए। लातेहार जिला परिषद के जमीनों का सीमांकन करते हुए समय पर पिलर लगाया जाए। मॉडल स्कूल धाधु में ट्रांसफार्मर लगाया जाए। बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप बने जल मीनार से आज तक जल पूर्ति नहीं किया गया है। उसे जांच करते हुए वॉटर सप्लाई की व्यवस्था की जाए। कोमर ग्राम के अनुसूचित जाति एक टोला है। जहां किसी भी व्यक्ति के घर में शौचालय नहीं है। इसलिए यहां शौचालय निर्माण कराई जाए। बालूमाथ शहरी क्षेत्र में रात्रि में ही अंधेरा हो जाता जाता है। जिससे अपराध होने की संभावना बढ़ जाती है। बालूमाथ सहित पूरे क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट, नाइट विजन कैमरा के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने की व्यवस्था की जाए। छठ तलाब कासुंदरीकरण, पीसीसी निर्माण कराया जाए। जल जीवन मिशन के संवेदक के द्वारा की जा रही लापरवाही की जांच करते हुए समिति के विरुद्ध कार्रवाई की जाए समेत 25 जन हित के मुद्दे मुद्दे को उठाया है। इनके द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे पर बालूमाथ के लोगों ने साधुवाद किया है।


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## एक नजर में

### वाहन चेकिंग अभियान में 55 हजार रुपये की वसूली


वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**चंदवा।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाहर वाहन चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में दर्जनों की संख्या में दो पहिया-चार पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, बाइक के कागजात, इंसुरेंस, लाइसेंस व बड़े वाहनों से सीट बेल्ट, लाइसेंस व कागजातों की जांच की गई। जांच के क्रम नियमो का उलंघन करते पकड़े गए वाहन चालकों से लगभग 55000 हजार रुपये राजस्व वसूला गया। अभियान में जिला परिवहन कार्यालय कर्मी के अलावे एएसआई चंदवा और झारखंड पुलिस के जवान शामिल थे।

### विशेष थाना दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन दर्जनों जमीन संबंधी मामलों का किया गया निष्पादन


थाना दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**चंदवा।** चंदवा थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना दिवस कार्यक्रम में बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की मौजूदगी में दर्जनों फरियादियों ने अपनी जमीन संबंधी समस्याओं को रखा, जिसका जांच कर मामलों का निष्पादन किया गया साथ ही कई मामलों में अग्रतर कार्रवाई को लेकर जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया गया व वरीय अधिकारियों को भी अग्रसारित किया गया। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने बताया कि थाना दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुलभ तरीके से आमजनों के जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन करना है, ताकि लोगो को परेशान न होना पड़े। मौके पर सीआई ऋषि देव कमल, अंचल कर्मी सुशील कुमार, कर्मचारी, चंदवा थाना के अधिकारी व जवान व अन्य लोग मौजूद थे।

### दो दिवसीय दौरे पर बेतला पहुंचे माले के शीर्ष नेता सह राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य


बैठक करते दीपांकर भट्टाचार्य व अन्य।

**बेतला।** बेतला में दो दिवसीय माले के द्वारा राज्य स्तरीय कार्यशाला में शिरकत किए माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य और झारखंड के बागोदर विधानसभा क्षेत्र के चर्चित विधायक कॉमरेड विनोद कुमार सिंह पहुंचे बेतला जहां भट्टाचार्य ने भाजपा पर साधा निशाना, साथ ही उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि देश की भाजपा के सरकार ने नौ वर्ष तक राज किया। जिससे भारत के संविधान को आघात पहुंचाया है। जिस देश में सभी धर्म वर्ग जाति सौहार्दपूर्ण वातावरण में धर्मनिरपेक्ष देश में निवास करते है वहीं भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार देश हित के लिए खतरा है। हमें तमाम विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर आने की जरूरत है। जिस देश में नीलाम्बर पीतांबर, सिद्धू कान्हू, अंबेडकर जी की विचारधारा को दबाने और कुचलने का प्रयास भाजपा के लोगों ने किया है। यहां के अमन चैन को खतरे में डाला है। हम सभी को एकजुट होकर इससे रोकना है।

### विश्व मलेरिया दिवस पर चिकित्सा कर्मियों को दिलायी गयी शपथ


शपथ लेते चिकित्सा कर्मी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया रोग से बचाव के लिए चिकित्सक व कर्मियों को शपथ दिलाई गई। चिकित्सा प्रभारी सुरेश राम ने मलेरिया रोग के लक्षण व उसके संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। सभी कर्मचारी मलेरिया जागरूकता के तहत लोगों को जागरूक करें। मलेरिया रोग को समाप्त करने में अपना सहयोग दें। अपने घर के आस-पास जलजमाव नहीं होने दें मच्छरों को पनपने नहीं दें। जब भी सोए मच्छरदानी के अंदर ही सोए और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करें। वही डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने कहा की मलेरिया रोग से ग्रसित होने के बाद लोग काफी परेशान हो जाते है। इससे बचाव की एक रास्ता है। अगर हमलोग घर के आसपास सफाई रखे तो मलेरिया रोग से बचा जा सकता है। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, मुकेश आनंद, बीटीटी हीरामन पांडे, एएनएम विमला देवी, गंगोत्री कुमारी, एमपीडब्ल्यू अरुण कुमार, दीपांशु कुमार, राजीव कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए दवा का हुआ छिड़काव

**लातेहार।** नगर पंचायत अंतर्गत सभी वार्डो में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप को ध्यान में रखते हुए उन पर नियंत्रण रखने हेतू नगर पंचायत लातेहार द्वारा फौमिंग मशीन से दवा का छिड़काव 25 अप्रैल से किया जा रहा है। आप सभी नगर पंचायन निवासी को सूचित किया जाता है कि दवा छिड़काव के समय अपने घरों की सभी खिड़कियां एवं दरवाजे खुला रखेंगे तथा खाने पीने की वस्तु को ढक कर रखें ताकि उन पर दवा का असर नहीं हो पाये। उपयुक्त जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत शेखर कुमार ने दी।

## स्पीड न्यूज

### पिकअप वैन पलटी कई मजदूर घायल

**धनबाद ।** धनबाद मे मंगलवार को एक पिकअप वैन पलट गयी । टाटा 407 पर कई मजदूर सवार थे। इस हादसे में दर्जनभर मजदूर बुरी तरह से घायल हो गये हैं। सभी को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज जारी है। बताया जाता है कि सभी काम के सिलसिले में जा रहे थे, तभी स्कूटी चला रही महिला को बचाने के चक्कर में पिकअप वैन असंतुलित होकर बीच सड़क पर पलट गयी। वैन में सवार दर्जनों मजदूरों को गंभीर चोटे आई है ।सभी का इलाज जेपी हॉस्पिटल में चल रहा है।

### घर में लगी आग, 25 हजार की संपत्ति राख

**कुमारधुबी।** शिवलीबाड़ी पूरब पंचायत के अंसार मोहल्ला निवासी ऑटो चालक सफीक अंसारी के घर में सोमवार की शाम को आग लग गई। जिसमें लगभग 25 हजार की संपत्ति जलकर राख हो गई। भुक्तभोगी ने बताया कि घर में कोई नहीं था उन्हें सूचना मिली कि घर में आग लग गई है वह तुरंत पहुंच कर देखा तो घर में आग लग गई है। ईद में लाया हुआ सभी समान लगभग 25 हजार की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग कैसे लगा इसका पता नहीं चल पा रहा है क्योंकि घर में बिजली भी सुचारू रूप से चल रहा है। यह तो किस्मत अच्छी-अच्छी कि जिस जगह आग लगी थी उसे कुछ दूर पर गैस सिलेंडर रखा हुआ था। वहां तक आग नहीं पहुंची नहीं तो बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### कथारा क्षेत्र के जीएम बने दिनेश गुप्ता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता बने। मंगलवार को उनके स्वांग स्थित आवास और कार्यालय में दिनभर बधाई देने वाले का तांता लगा रहा। पूछने पर श्री गुप्ता ने कहा कि सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्गदर्शन में कथारा क्षेत्र नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से चालू वित्तीय वर्ष में मिले कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में पूरा करेंगे। सीसीएल के अधिकारीए श्रमिक नेता व व व्यवसाई पिंटू सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### नये ओपी प्रभारी ने पदभार संभाला

**पुटकी।** मुनीडीह ओपी प्रभारी रोशन बाड़ा के स्थानांतरण पर मंगलवार को ओपी परिसर में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। मौके पर श्री बाड़ा का विदाई एवं नए प्रभारी सालो हेम्ब्रम का स्वागत किया गया। क्षेत्र के वही श्रीबाडा का जितने दिनो तक ओ0पी0 में कार्यरत रहे उनका छात्र छात्रोंयो के प्रति अपनी एक पहचान छोड़ कर गये ।मुनिडीह ओ0पी0 क्षेत्र के आस पास क्षेत्रो से पढ़ाई करने वाले एवं प्रतियोगिता का तैयारी करने वाले छात्रों को अपनी ओर से प्रशिक्षण देने का काम किया करते बहुतों को ओ0पी0 प्रभारी रोशन बाड़ा जीवन को सुधर दिये ।इस बिदाई समरोह में सैकड़ों छात्र व छात्रऐ ने केक काटकर शॉल एवं बुके देकर स्वागत एवं बिदाई किया ।मौके पर भागाबाँध ओपी प्रभारी राजीव कुमार तुरी, बिजय पासवान,प्रीतम रवानी, रमेश सिंह, जितेश सिंह, चक्रधर महतो विष्णु सिंह, शब्दर अंसारी, मंटू वर्मा, लक्ष्मी महतो, इंद्रजीत शर्मा, संजय पासवान, रवि कुमार, रंजीत टुडू, ज्वाला सिंह, प्रीति चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### जिला परिषद की बैठक में हंगामा

**धनबाद।** मंगलवार को जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में बैठक की गई । वही कई ऐसे सदस्य थे जिन्होंने अपनी बातो को रख भी नही सके । इससे कई सदस्य नाराज दिखे, वही जिला परिषद सदस्यों का कहना है की डीडीसी का अगर मीटिंग था, तो यह बैठक बुलाना ही नही चाहिए था। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से सदस्य अपनी समस्या को लेकर आते है, और अपनी समस्या को रख नही पाते है, और डीडीसी साहब उठ कर चले जाते है तो फिर बैठक किस बात की होती है। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा की अगर डीडीसी ही उठ कर चले जाते है तो बैठक का कोई मकसद नहीं रह जाता है।

# धनबाद : तेतुलमारी टॉउनशिप के ऑफिसर कॉलोनी में बिजली के नाम पर बड़ा घोटाला

**यूनिफाइड इलेक्ट्रिकल कंपनी को बिना काम किये कोयला भवन के अधिकारियों ने कर दिया 1.74 करोड़ का भुगतान**

बिनोद रजक

**धनबाद/कतरास।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड भारत की मिनी रत्न कंपनी बीसीसीएल में पैसे की बबार्दी देखना है तो बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या चार में चले आइए। जहां कोयला भवन धनबाद के द्वारा तेतुलमारी टाउनशिप में 731 बी टाइप सी टाइप एवं डी टाइप क्वार्टर में विद्युतीकरण का कार्य एम/एस यूनिफाइड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कंपनी को दी गई थी। जिसमें 1-एनआईटी पत्रांक बीसीसीएल/जीएम(ई&एम) आई/सी/एफ टेंडर/2019-20/688 दिनांक- 24-07-2019 एवं 2 - एल ओ ए पत्रांक बीसीसीएल/ई&एम/एफ टेंडर/एल ओ ए/2019-20/51-56 दिनांक 11-01-2020 के तहत कुल लागत एक करोड़ चौहत्तर लाख उनचालीस हजार तीन सौ तिरेसठ रुपए (17439363/-) में बीसीसीएल कोयला भवन के द्वारा यह कार्य एमएस यूनिफाइड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कंपनी को दी गई थी। और इस टेंडर पर हस्ताक्षर किए थे तत्कालीन जीएम ईएनएम पी के सिन्हा जो अब अवकाश प्राप्त कर चुके हैं। इस कंपनी का रजिस्टर्ड पता एम/एस यूनिफाइड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग हेड ऑफिस ठाकुर बाड़ी रोड, नियर सूर्य मंदिर, औरंगाबाद, बिहार पिन संख्या 824202 है। तेतुलमारी टाउनशिप में वर्ष 2016 में ऑफिसर कॉलोनी का निर्माण हुआ था जो अब खंडहर का रूप धारण कर चुकी है। अधिकांश क्वार्टरों के में लगे शीशे को तोड़ दिया गया है। शौचालय के पेन गायब है, रूम से दरवाजा गायब है। आखिर अरबों रुपए की लागत से निर्माण हुए इस ऑफिसर्स कॉलोनी की बबार्दी का जिम्मेदार कौन है? कोयला भवन के अधिकारी या बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के अधिकारी या फिर संवेदक? बिजली घर तो है लेकिन ट्रांसफार्मर गायब है, खंभे तो है लेकिन बिजली के तार गायब है, क्वार्टर तो है लेकिन वायरिंग गायब है। अब इसमें खबर निकलकर यह आ रही है कि कोयला भवन के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यूनिफाइड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के संवेदक बिना काम किए हुए टेंडर में निर्धारित रकम उठाकर रफूचक्कर हो गया है, और काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। सूत्रों की माने तो कोयला भवन के चीफ मैनेजर इएनएम इंद्रानिल मुखर्जी एवं इलेक्ट्रिकल इंचार्ज पीके मिश्रा के मिलीभगत से संवेदक द्वारा इतने बड़े गबन को अंजाम दिया गया है।



**बीसीसीएल के 1000 केवी के चार ट्रांसफार्मर गायब**

तेतुलमारी टाउनशिप ऑफिसर्स कॉलोनी में बिजली सप्लाई के लिए बीसीसीएल के द्वारा हजार केवी का चार ट्रांसफॉर्मर दिया गया था, जो अब बिजली घर से गायब है। इन 4 ट्रांसफार्मर में से तीन ट्रांसफार्मर ऑफिसर्स कॉलोनी में सप्लाई देने के लिए था, जबकि एक ट्रांसफार्मर एरिया ऑफिस में बिजली सप्लाई देने के लिए था। एक ट्रांसफार्मर का दाम उस समय के हिसाब से लगभग 9 लाख रुपए था। इस हिसाब से लगभग 36 लाख रुपए का ट्रांसफार्मर भी बिजली घर से गायब है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

**जीएम इंचार्ज को फोन लगाया तो उन्होंने नहीं उठाया**

उपरोक्त मामले की जानकारी लेने के लिए जब कोयला भवन के चीफ मैनेजर एएनएम इंद्रानिल मुखर्जी एवं मास्टर प्लान इलेक्ट्रिकल इंचार्ज पीके मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बात को टालते हुए ऑथेंटिक पर्सन से बात करने के लिए कहा एवं जीएम इंचार्ज इएनएम सौमित्रों राय का मोबाइल नंबर दिया, लेकिन जब सौमित्रो राय को फोन की गई तो उन्होंने कॉल नहीं उठाया। अगर बीसीसीएल विजिलेंस के द्वारा उपरोक्त मामले की जांच गंभीरता पूर्वक कराई जाए तो कई अधिकारियों का गर्दन फंसना तय है।

## अनाज व्यापारी से अपराधियों ने लूट लिये 3.72 लाख रुपये

**धनबाद में अपराधियों के हौसले बुलंद**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है । कभी किसी से फिरौती मांगी जाती है तो कभी किसी को धमकी दी जाती है। ताजा मामला है सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप का जहां अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने छीनतई की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान विरोध जताने पर अपराधियों ने युवक के साथ हाथा-पाई व मार-पीट करते हुए हथियार दिखा कर जान मारने की धमकी दी।

## विदेशी शराब की अवैध फैक्ट्री का खुलासा, पांच धराये

**266 पेटी विदेशी शराब सहित स्प्रिट, खाली बोतल, लेबल और बोतल के ढक्कन जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** आबकारी विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के अवैध निर्माण में लगी एक फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से 266 पेटी तैयार विदेशी शराब, 1550 लीटर स्प्रिट, चार हजार बोतलों के ढक्कन, पांच हजार विभिन्न ब्रांडों के लेबल, शराब तथा स्प्रिट लदा एक वैन बरामद किया और शराब कारोबारी विनोद साव सहित शराब निर्माण में लगे पांच अन्य को धर दबोचा। उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेटरवार थाना क्षेत्र के अंगवाली के खेतको के जंगली इलाके में अवैध रूप से निर्मित उक्त विदेशी शराब की कीमत करीब 50 लाख है। एक बोलेरो वाहन और दो बाइक भी टीम को मिली है। शराब सरगना के निशानदेही पर घटनास्थल से महज एक किलोमीटर दूर स्थित इसके गोदाम पर भी टीम ने जांच कर शराब बरामद किया है।



### मंदिरों में चोरी की घटनाओं का खुलासा, चार गिरफ्तार

बोकारो। बोकारो जिले के कई थाना क्षेत्रों के मन्दिरों में चोरी की लगातार हो रही घटनाओं का उद्भेदन करने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा के निर्देश पर गठित एसआईटी ने चोरी की घटनाओं में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ हीए उनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त औजार व दानपेटी सहित एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में बोकारो जिला निवासी सदाकत राय उर्फ सदाकत हुसैनए सूरज रजवार तथा आफताब राय उर्फ आफताब अली के नाम शामिल हैं। पकड़े गए अभियुक्त कसमार थाना कांड संख्या 38, माराफारी थाना कांड सं. 35, 36, बालीडीह ओपी कांड सं- 96ए चास थाना कांड सं- 154, जरीडीह थाना कांड सं- 53, 55 तथा सेक्टर-4 थाना कांड सं- 63 में वांछित हैं। पकड़े गए सभी आरोपी चोरी सहित अन्य आपराधिक मामलों में शामिल हैं।

### ईस्ट बसुरिया खेमका आउटसोर्सिंग में चक्का जाम पांच को

**तेतुलमारी।** सोमवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक ईस्ट बसुरिया शहीद मैदान में संदीप बाउरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक का संचालन आनंद रवानी ने किया।

बैठक में मुख्य रुप से मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे ।बैठक को संबोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि 6 अप्रैल को खेमका आउटसोर्सिंग, ईस्ट बसुरिया कोलियरी में बी सी के यु एंव मायुमो की तीन सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त बंदी था। जिसमें ओ पी प्रभारी की पहल पर ओ. पी. परिसर में कंपनी प्रबंधन,बी सी के यु एवं मायुमो के साथ वार्ता हुई जिसमें सभी मांगों पर विचार करते हुए सारी मांगों को मान लिया गया था।

## धनबाद जिले के 14 थाना और ओपी में नये प्रभारी तैनात

**नंदू पाल बरोरा, नीतीश अश्विनी बाघमारा के प्रभारी**

**योगेश महतो महुदा, सतेंद्र पाल अंगारपथरा प्रभारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस कप्तान संजीव कुमार ने सोमवार की रात सब इंस्पेक्टरो की पोस्टिंग की। 14 थानों एवं ओपी प्रभारियों को अलग-अलग थानों में पदस्थापित किया गया नई पोस्टिंग में कई था ने आरोपी बदले गए जबकि कई को पुलिस लाइन भेजा गया। एसएसपी ने तत्काल सभी दारोगा को नए पोस्टिंग स्थल पर ज्वाइन करने का आदेश दिया है। धनबाद थाना में पदस्थापित शालो हेंब्रम को पहली बार मुनि डीह ओपी का प्रभारी बनाया गया है भूली ओपी प्रभारी नंदू पाल को बरोरा थाना प्रभारी बनाया गया है हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद बरवाअड्डा के पूर्व थाना प्रभारी सुमन कुमार को फिर से थानेदारी मिली है। उन्हें नक्सलियों के गढ़ में स्थित मनियाडी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। सभी थाना प्रभारी अपना-अपना पदभार संभाल लिये हैं। सभी प्रभारियों ने कहा कि आम लोगों को सुरक्षा को लेकर काम किया जाएगा।

**दारोगा कौन कहां थे, कहां के बने प्रभारी**

शालो हेंब्रम धनबाद अब मुनिडीह ओपी प्रभारी कृष्णा कुमार अंगारपथरा अब प्रभारी पूर्वी टुंडी कुंदन कुमार भूली ओपी अब गोंदू डीह ओपी प्रभारी नंदू पाल भूली अब बरोरा प्रभारी नीतीश अश्विनी बरोड़ा अब जेएसआई बाघमारा, सुमन कुमार पुलिस लाइन एवं मनियाडीह, नीरज झा बैंक मोड़ अब पंचेत ओपी प्रभारी ,अशफाक आलम मनिहारी प्रभारी अब गलफर बाड़ी प्रभारी, रोशन बाड़ा मुनीडीह प्रभारी अब भूली प्रभारी ,योगेश महतो हरिहरपुर प्रभारी महुदा प्रभारी सोनू गुप्ता बाघमारा खरखरी ओपी प्रभारी, एम विनोद कुमार 1पुलिस लाइन अब हरिहरपुर प्रभारी, सतेंद्र पाल टुंडी अंगारपथरा ओपी प्रभारी, रोहित कुमार सिंह निरसा अब धमार्बाद ओपी प्रभारी बनाए गए हैं।

## रोड सेल से हो कोयले का उठाव : शमशेर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** कथारा वासरी रिजेक्ट सेल में होने वाले रिजेक्ट उठाव को लेकर मंगलवार को विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति की बैठक रेलवे कॉलोनी में हुई। बैठक में रेलवे रेक लोडिंग के बजाय रोड सेल चालू करने पर बल दिया गया। बैठक में प्रभावित 5 पंचायतों के बेरोजगार युवाए महिला-पुरुष शामिल हुए। बैठक में चांपी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सीताराम मुर्मू ने कहा कि हम लोगो का जमीन वासरी तथा कोलियरी विस्तार में गया है। आज हमारे गांव तथा परिवार के लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। ऐसे में सीसीएल प्रबंधन द्वारा हाल ही में 19 डी रिजेक्ट स्टॉक से सेल आर्डर आने से ग्रामीणों में रोजगार के प्रति आस जगी है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन रैक लोडिंग के माध्यम से इसे भेजना चाह रही है यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। मोर्चा के शमशेर आलम ने कहा कि रोड सेल के बजाय रैंक से कोयला लोडिंग होने पर क्षेत्र के हजारों युवाओं के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इसलिए किसी भी हालत में रिजेक्ट कोल को रेलवे रैक से लोडिंग नहीं करने दिया जाएगा।

## बोकारो : वर्चुअल रियलिटी लैब का उद्घाटन

**बीएसएल प्रबंधन समिति ने कहा- मील का पत्थर साबित होगा लैब**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में स्थापित जिले की पहली वर्चुअल रियलिटी लैब का उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के ईडी पी एंड ए सह डीपीएस बोकारो प्रबंधन समिति के प्रो वाइस चेयरमैन राजन प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्रांति के इस युग में इस प्रकार की शिक्षण व्यवस्था निश्चय ही मील का पत्थर साबित होगी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा अह्म कड़ी है। लगभग 100 वीआर उपकरणों की व्यवस्था यहां की गई है। एडटेक कंपनी मेटाबुक एक्सआर की साझेदारी से स्थापित इस वर्चुअल रियलिटी लैब के उपकरणों से कांसेप्ट क्लियर होने में काफी मदद होगी। वर्चुअल रियलिटी के उपकरणों में कक्षावार सीबीएसई के सिलेबस पर आधारित तैयार मॉड्यूल को सेल्फ स्टडी मोड में विद्यार्थी स्वयं ऑपरेट कर सकते हैं। वहीं टीचर गाइडेड मोड में शिक्षक जो दिखाना चाहेंगेए बच्चे वही देख सकते हैं। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी की भी सुविधा है। मौके पर मेटाबुक एक्सआर के वाइस प्रेसिडेंट राकेश पांडेय एवं असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट संतोष कुमार उपस्थित थे।

## अवैध ढंग से हो रहा इंदिरा व पीएम आवास का निर्माण

**जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायतें, दिये निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में गोपीनाथपुर पंचायत से आए शिकायतकर्ता ने मुखिया, मुखिया पति, पंचायत सचिव एवं पंचायत समिति के खिलाफ उपायुक्त को एक आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि इन सभी के मिलीभगत से अवैध तरीके से इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास, विधवा आवास बनाया जा रहा है जो कि जांच का विषय है। उन्होंने गोपीनाथपुर पंचायत में हो रहे अवैध कार्य की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

जनता दरबार में धनबाद के हीरापुर क्षेत्र से आए रेखा कुमारी ने नगर निगम द्वारा लगाए गए होल्डिंग टैक्स एवं अतिरिक्त टैक्स की विसंगति के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने पर आवेदन के माध्यम से बताया कि जिस अपार्टमेंट में वो रहते हैं उस अपार्टमेंट में 15 फ्लैट हैं इसमें से अधिकांश को होल्डिंग टैक्स के साथ अतिरिक्त टैक्स नहीं लगता है। लेकिन उन्हें होल्डिंग टैक्स ज्यादा और अलग से 50% अतिरिक्त टैक्स भी लगाया जाता है। जिसकी शिकायत नगर आयुक्त में लिखित रूप से की गई है। बावजूद इसके अब तक कोई सुधार नहीं हो पाया है। उपायुक्त ने इस मामले को नगर आयुक्त को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

**जनता दरबार में आये आवेदन**

जनता दरबार में मुख्यत: शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

## पेज 1 का शेष

### अपने वीर सपूतों को...

**पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह शहरीकरण हो रहा है, उससे पर्यावरण का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। आज शहर कंक्रीट के जंगल बनते जा रहे हैं। अगर हम सचेत नहीं हुए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे पर्यावरण को साथ लेकर आगे बढ़ें, उसे पीछे नही छोड़ें। पर्यावरण सरंक्षण के लिए हर मुमकिन कदम उठायें। उन्होंने कहा कि कम से कम अपने वीरों, शहीदों के सम्मान स्वरूप पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपनी भूमिका निभायें। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार विशेष तौर पर गंभीर है, आम लोग भी सहयोगी बनें। इसी कड़ी में शहरों में एक पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा हमारी सरकार ने की है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रोत्साहित करना है। **हरमू में रहा हूं और यहां का वोटर भी हूं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरमू इलाके से हमारा पुराना नाता रहा है। मैं यहां रहा भी हूं और यहां का मतदाता भी हू। ऐसे में यहां हो रहे बदलाव को देखता भी आ रहा हूं। इसी क्रम में वर्ष 2012-13 में जब नगर विकास मंत्री था, तो यहां के छोटे- बड़े मैदानों को सुसज्जित करने की योजना बनाई थी। लेकिन, सरकार से अलग होने के बाद यह योजना अधूरी रह गयी। पुनः जब हमारी सरकार बनी तो मैंने अपनी इस योजना को हकीकत रूप देने का कार्य शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज शहरों में मैदान काफी कम रह गये हैं। ऐसे में जो मैदान हैं, उन्हें व्यवस्थित और सुसज्जित करने का काम सरकार कर रही है। इसी कड़ी में हरमू स्थित इस मैदान को पार्क के रूप में विकसित किया गया है। इस अवसर पर विधायक सरयू राय, कमलेश सिंह, नवीन जायसवाल और कुमार जयमंगल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन और वीर कुंवर सिंह विचार मंच के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह और अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### राज्यों का विकास...

इस बात की सराहना करते हैं कि मुश्किलों के बीच विकास का जीवंत प्रतीक माने जाने के साथ ही भारत के विकास के वादे को विश्व स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम एक सेवा-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं। देश तभी तेज गति से प्रगति कर सकता है जब केरल का भी विकास हो सके। पीएम ने कहा कि अब तक जितनी भी वंदे भारत ट्रेनें हैं, वे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन महत्व के स्थानों को जोड़ रही हैं।

### संजय तिवारी की...

इडी ने उक्त आरोप में 22 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। जेल में रहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उसे बैंक को पैसा लौटाने की शर्त पर 43 दिनों की अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। लेकिन वह इसका दुरुपयोग किया। **अमित सरावगी, अभिषेक को मिली अग्रिम जमानत :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी व्यवसायी अभिषेक अग्रवाल और अमित सरावगी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने इन दोनों को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं ऋषभ कुमार ने पैरवी की। इन पर बैंकों से कपड़ा के बिजनेस को लेकर लोन लिया गया था, लेकिन लोन की राशि को बिल्डिंग के बिजनेस के कार्य में लगा दिया गया था। इससे बैंकों को बड़ी राशि का नुकसान हुआ। ये दोनों आरोपी श्री बद्री केदार उद्योग एवं सनबीम के निदेशक पद पर थे। दरअसल, अभिषेक अग्रवाल और अमित सरवागी करीब 31 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी है। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया से 31 करोड़ रुपये रुपए से अधिक की राशि की जालसाजी से जुड़े मामले में ज्ञान प्रकाश सरावगी अन्य के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की थी। यह मामला बैंकों से जालसाजी करने से जुड़ा है। ज्ञान प्रकाश सरावगी और अन्य कंपनियों ने मिलकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की थी।

### चार राज्यों में...

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल सितंबर में पीएफआइ और उसके सहयोगियों को 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया था। छापामारी के दौरान एनआइ ने कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज और सामान बरामद किये हैं। एनआइ ने बिहार के दरभंगा जिले में उर्दू बाजार के डेंटिस्ट डॉ सारिक रजा और सिंघवारा थाना क्षेत्र में रहने वाले महबूब के ठिकाने पर छापेमारी की। साथ ही मोतिहारी, पूर्वी चंपारण के चकिया के कुआंवा गांव में छापेमारी की गयी। वहीं, कथित रूप से पीएफआइ से संबंध रखने वाले सज्जाद अंसारी के ठिकानों पर तलाशी ली गयी। एनआइए की टीम ने सज्जाद का आधार कार्ड, पैन कार्ड और उसके आवास से कुछ दस्तावेज जब्त किये हैं। सज्जाद दुबई में काम करता है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि संगठन की नापाक गतिविधियों पर लगाम लगाना जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल सितंबर में पीएफआइ और उसके सहयोगियों को 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया था। जिसमें कहा गया था कि पीएफआइ और उसके सहयोगी या सहयोगी या मोर्चों को गंभीर अपराधों में शामिल पाया गया है। इनमें आतंकवाद और इसके वित्तपोषण, लक्षित भीषण हत्याएं, देश के संवैधानिक ढांचे की अवहेलना, सार्वजनिक व्यवस्था को परेशान करना आदि शामिल हैं, जो प्रतिकूल हैं। ये देश की अखंडता के लिए खतरा है।

### देश की आर्थिक...

मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा के मार्च संस्करण में कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के अनुमानों के अनुरूप है, लेकिन कुछ कारक ऐसे भी हैं जो वर्तमान की अनुमानित वृद्धि और मुद्रास्फीति के परिणामों के अनुकूल संयोजन को प्रभावित कर सकते हैं। समीक्षा में कहा गया, अल नीनो से सूखे जैसे हालात बन सकते हैं। साथ ही कृषि उपज में कमी और दामों में बढ़ोतरी, भूराजनीतिक परिवर्तन और वैश्विक आर्थिक स्थिरता जैसे संभावित जोखिमों को देखते हुए सतर्क रहना होगा, यह आवश्यक है। **अमेरिका-यूरोप जैसा खतरा नहीं :** समीक्षा के मुताबिक जमा की तेजी से निकासी होने की आशंका नहीं है क्योंकि 63 प्रतिशत जमा परिवारों द्वारा किए जाते हैं जो निकासी जल्द नहीं करते। इन सब कारकों की वजह से भारत के बैंक अमेरिका और यूरोप के बैंकों से अलग हैं।

स्पीड न्यूज

## बालू लदे ट्रैकर के ऊपर सीओ ने कराया थाना में मामला दर्ज

**महेशपुर (पाकुड़)।** अवैध रुप से बालू के परिवहन के खिलाफ विगत सोमवार देर शाम सीओ रितेश जायसवाल ने अंचल गार्ड के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के समीप बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को रोका। ट्रैक्टर रोकने के साथ ही चालक गाड़ी छोड़ कर भाग निकला। चालक के भाग जाने के कारण बालू परिवहन से संबंधित किसी प्रकार के आवश्यक कागजात यथा चलान एवं ट्रैक्टर से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं हो पाया। इससे प्रतीत होता है कि उक्त ट्रैक्टर से अवैध बालू परिवहन किया जा रहा था। इस संबंध में सीओ सह वादी रितेश जायसवाल के टंकित शिकायत के आधार पर महेशपुर थाने में सोनालिका ट्रैक्टर इंजन संख्या जेएसएएसई 9444253 के मालिक एवं चालक के खिलाफ अवैध रुप से बालू का परिवहन करने के आरोप में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## 9 लाख रुपये उड़ाने का मामला प्रकाश में आया

**पाकुड़।** पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के एक व्यवसायी के खाते से 9 लाख रुपये उड़ाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम जांच हेतु गिरिडीह जिला के गांवा प्रखंड गई हुई थी। पुलिस के अनुसार नगर के व्यवसायी अनिल अग्रवाल की पत्नी के बैंक खाते में जो मोबाइल रजिस्ट्रेशन था,उपभोक्ता ने बाद में उस मोबाइल का प्रयोग बंद कर दिया परन्तु बैंक में वही मोबाइल नम्बर रजिस्ट्रेशन रह गया। लगभग 6 माह बाद वह मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति को जारी कर दिया गया। ऐसे में बैंक से आने वाले सभी मैसेज और ओटीपी उसी मोबाइल नबंर जाने लगे और ठग ने पेट्रोल पंप आदि को एक एक लाख का टांसफर कर कुल 9 रुपये की निकासी कर ली और खाते में कुल 30 हजार रुपया छोड़ दिया।

## पोक्सो एक्ट का फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**दुमका।** नाबालिग से गलत करने का पोक्सो एक्ट फरार वारंटी को मुफस्सिल थाना पुलिस गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी सोनालाल टुडू है। पुलिस वारंटी को थाना कांड 59/17 के पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजी है। आरोपी को न्यायालय में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में पुलिस जेल भेजी है।

## बंदरजोड़ी में खुला लिटिल स्टेप्स पब्लिक स्कूल

**दुमका।** शहर से सटे बंदरजोरी पंचायत के नीचे टोला में लिटिल स्टेप्स पब्लिक स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया रेनुका सोरेन ने फीता काट की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर माधव पंडित ने बताया कि विद्यालय समाज की रीढ़ है। क्षेत्र के विकास के लिए विद्यालय का होना आवश्यक है। शहर से सटे बंदरजोड़ी पंचायत शैक्षणिक दृष्टिकोण से पिछड़ा है। इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने को लेकर सोशल वेलफेयर सोसाईटी दुमका द्वारा स्कूल खोलन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रचार्या राजेश कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए डिजिटल शिक्षा के साथ परांपरिक शिक्षा का मिश्रण होगा।

## ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का शताब्दी वर्ष मना

**पाकुड़।** ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुर शाखा द्वारा अपने शाखा कार्यालय कक्ष में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का शताब्दी वर्ष मनाया गया। शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का गठन 1923 में कर्मचारियों के नेतृत्व में अंग्रेजों द्वारा रेलवे में कार्यरत भारतीय मजदूरों के साथ किए जाने वाले भेदभाव एवं उत्पीड़न के विरुद्ध सामूहिक संघर्ष को मजबूती प्रदान करने के लिए किया गया था। उस समय अंग्रेजों का शासन था और ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में रेल की स्थापना के समय से ही रेलवे में अंग्रेजों द्वारा भारतीय कामगारों के साथ भेदभाव किया जाता था जिसके विरूद्ध ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन का गठन किया गया था।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया गया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


शपथ लेते छात्र-छात्राएं

**दुमका।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर मंगलवार को जिला के मध्य विधालय दुधानी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का अध्यक्षता प्राचार्य डॉ डुमराज साहा ने किया। कार्यशाला कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं ग्राम ज्योति के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बाल विवाह को रोकना है। इस अवसर प प्राचार्य डॉ साहा ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह समाज की कुरीति है। बाल विवाह कर हम जाने अंजाने में अपने ही बच्चे को जोखिम में डाल रहे है। सरकार का कानून किताबो में है। इसके लिए जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जब तक समाज जिम्मेदार नहीं होगा। कोई भी कुरीति समाज से नहीं दूर होगी। प्राचार्य ने सभी को जागने और भुक्तभोगी से आवाज उठाने का अपील किया। तब ही बाल विवाह रुकेगा। इस अवसर पर फाउंडेशन सदस्य शांतिलता हेम्ब्रम ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान और कानूनी पहलू पर प्रकाश डाली। उन्होंने कहा कि बच्चों को तो नुकसान है ही साथ ही उनके माता पिता और समाज को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। साहूकार से अधिक व्याज दर पर पैसा लेने और उसे नहीं चुका नहीं पाना इत्यादि बताया। यह माता पिता को आर्थिक नुकसान है। इसलिए इस अभियान का उदेश्य मात्र बाल विवाह में कमी लाना ही नहीं परिवार के आर्थिक नुकसान से भी कानूनी जानकारी दे कर बचाना है। यह अभियान स्कूल के साथ मुस्लिम समाज के बीच भी आयोजित की गई। जिसमें उनके समाज के मान्य लोगो जैसे मौलाना, हाफिज, सरदार के साथ समाज के नवाजी, युवा को भी शामिल किया गया। जिससे यह सभी समाज के लिए एक नुकसान दायक प्रथा है। हमें इसे रोकना होगा। इसी संकल्प के साथ यह अभियान को चरणबद्ध तरीके से चलाने की भी बात की गई। अभियान को फाउंडेशन, ग्राम ज्योति व चाइल्डलाइन के केंद्र समन्यवक मुकेश कुमार दुबे की अगुवाई में चलाया जा रहा है। जिसमे चाइल्डलाइन के सदस्य निक्कू कुमार साह, इब्नुल हसन, निशा कुमारी, सनातन मुर्मू की सराहनीय भूमिका रही।

## युवती से छेड़खानी के मामले में अधेड़ को दो साल की सजा, जुमार्ना

**दुमका।** युवती से छेड़खानी मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने दो साल की सजा और जुमार्ना की सजा मंगलवार को सुनाया है। सजा न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा की अदालत ने सुनाया। दोषी अभियुक्त जिले के रानेश्वर प्रखंड निवासी पंचू मियां है। न्यायालय ने मामले में दस साल के बाद सजा मुकर्रर किया। न्यायालय ने युवती से छेड़खानी में अभियुक्त पंचू मियां को दोषी करार देते हुए दो साल और 10 हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जानकारी के अनुसार रानेश्वर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने एक नवंबर 13 को पंचू मियां के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज कराया थी।

## एसपी कॉलेज में पुस्तकालय भवन का कुलपति ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी परिसर में पुस्तकालय भवन का उद्धघाटन मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने की। प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद के नेतृत्व में उद्धघाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो (डॉ) सोना झरिया मिंज, अतिविशिष्ठ अतिथि प्रतिकुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि छात्रों के लिए ये भवन भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय के अनेकों लाभ के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिकुलपति डॉ सिंह ने छात्रों के साथ शिक्षकों से भी लगातार पुस्तकालय से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कॉलेज प्राचार्य डॉ यादव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, पुस्तक एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बांग्ला विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार शील द्वारा स्वलिखित पुस्तक का लोकार्पण कर पुस्तक भेंट की गई। कुलपति डॉ मिंज ने यूजीसी द्वारा संचालित ई लाइब्रेरी की भूमिका पर जोर दी। जिससे अब तक 1200 से भी अधिक छात्र इससे लाभान्वित होने की बात कही। कार्यक्रम में मंच संचालन हिंदी विभाग के डॉ यदुवंश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग की डॉ सुमित्रा हेम्ब्रम ने किया।

## सरकारी राशि गबन के आरोपी दोषी करार, तीन साल की सजा, जुमार्ना

**वर्ष 2012 में इंदिरा आवास योजना में गबन को लेकर 380 अभिलेख गायब करने का था आरोप**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सरकारी राशि गबन के मामले में न्यायालय ने एक को दोषी करार देते हुए हुए मंगलवार को सजा सुनाया। सजा न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव की अदालत से सुनाया। दोषी अभियुक्त तत्कालीन सहायक उर्दू अनुवादक सह इंदिरा आवास योजना के रामगढ़ प्रखंड प्रभारी मो अशरफ अली है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2012 में रामगढ़ में इंदिरा आवास में सरकारी राशि का लूट और आवास संबंधित 380 अभिलेख गायब करने के मामले में न्यायालय ने दोषी करार दिया। न्यायाल ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल और 10 लाख मुआवजा भुगतान की सजा सुनायी है। मुआवजा की राशि सरकारी कोष में नहीं जमा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। रामगढ़ प्रखंड में मो. अशरफ के कार्यकाल में वर्ष 11 से 12 के बीच इंदिरा आवास की राशि में जमकर घोटाला हुआ था। जब इसकी जानकारी तत्कालीन बीडीओ ज्ञान शंकर जायसवाल को लगी तो उन्होंने टीम बनाकर इसकी जांच कराई। जांच के क्रम में आवास से संबंधित 380 अभिलेख गायब मिले। जिस कारण यह पता नहीं चला कि कुल कितनी राशि का गबन किया गया है। लेकिन अभिलेख का नहीं मिलना यह साबित करता था कि व्यापक स्तर पर राशि का गबन किया गया है। बीडीओ ने 11 जुलाई 12 को प्रभारी के खिलाफ रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाद में उसे जमानत मिल गई। अदालत ने एपीपी खुशबूददीन अंसारी की बहस व छह गवाह के बयान के आधार पर दोषी को सजा सुनाई। सजा की खास बात यह है कि अभियुक्त पर जो 10 लाख का जुमार्ना लगाया है। उस पैसे को उसे सरकारी कोष में जमा करना होगा।

## एसकेएमयू प्रशासन ने देवनागरी लिपि में संताली की पढ़ाई की छात्रों की मांग को ठहराया जायज

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते एसकेएमयू के संताली शिक्षक

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने संताली प्राध्यापकों की बैठक मंगलवार को आहूत की। बैठक की अध्यक्षता पीजी संताली विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू ने किया। बैठक में छात्रों द्वारा कुलपति के माध्यम से मुख्यमंत्री को नर्सरी से पीजी तक देवनागरी लिपि में पढ़ाई यथावत रखने को लेकर सौंपे गये सौंपे गए ज्ञापन पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के आवेदन पर मंथन करने के लिए बैठक आहूत की। बैठक में छात्रों के आवेदन के आलोक में गंभीरता पूर्वक मंथन किया। जिसमें छात्रों द्वारा दिए गए देवनागरी लिपि में संताली की पढ़ाई नर्सरी से पीजी तक के पक्ष में दिए गए सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक जांच उपरांत कई अहम निर्णय लिये गये। जिसमें छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन सही ठहराते हुए उनके द्वारा रखे गए पक्ष भी सही बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामूली सुधार किया। बैठक कर कमेटी ने कहा कि बैठक में विभिन्न स्रोतों, आधार, इतिहास एवं लिपि पर विचार विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि छात्रों द्वारा दिया गया आवेदन सही है और झारखंड में नर्सरी से पीजी तक देवनागरी लिपि से पढ़ाई यथावत जारी रखना लाभकारी होगा। बैठक में पीजी संताली विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ शर्मिला सोरेन, इग्नासियस मरांडी, निर्मल मुर्मू, साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज संताली विभागाध्यक्ष प्रो. जिसू हांसदा,प्रो सनातन मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## एसकेएमयू के पीजी मनोविज्ञान विभाग में विश्व मलेरिया दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष सह नोडल ऑफिसर ऑफ मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि मलेरिया एक प्रेवेंटिवल व ट्रीटेबल रोग के साथ-साथ एक अवसरवादी रोग है। जहां सुविधाविहीन व गंदी स्वास्थ्य व्यवस्था में जी रहे लोगों के लिए महामारी जैसा और जानलेवा है। वहीं वो एचआईवी एड्स से प्रभावित लोगों के रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम होती ही अवसर वादी रोग मलेरिया की शिकायतें भी प्रबल होने लग जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की माने तो भारत में 15 मिलियन केसेस मलेरिया के होते है। जिसमें करीब 20 हजार लोगों की मौत हो जाती है। वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट 2021 की माने तो भारत ने जहां 83 फीसदी मलेरिया के केस को नियंत्रण मे लाने में सक्षम साबित हुआ है, तो वहीं 82 फीसदी मलेरिया से होने वाले मृत्यु पर नियंत्रण भी पाया है। मलेरिया जलवायु व एकोलॉजी में परिवर्तन से गंदे जगहों, जमा पानी या नाली (कुँआ, चापाकल), डोभा आदि जगहों में उत्पन्न मादा एनोफेलस मच्छर के काटने से फैलता है। जिससे व्यक्ति बुखार, अत्यधिक ढंड आदि सहित बड्र्स फ्लू की तरह लक्षण दिखते है। कोमोर्बिड ( मलेरिया व एचआईवी) से प्रभावित गर्भवती महिलाएं में एनिमिया की स्थिति बन जाती है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर निकली प्रभात फेरी

**पाकुड़ ।** विश्व मलेरिया दिवस की अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी सदर अस्पताल से शुरू होकर सिद्धू कानू पार्क होते हुए वापस पुराना सदर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉक्टर मंटू टेकरीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ प्रभात फेरी के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूक किया गया। मलेरिया से अपने परिवार को बचाओ, मच्छरदानी अपनाओ आदि स्लोगन और नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव सहित इसके कारण, लक्षण एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई और सामुदायिक स्तर पर लोगों को इससे बचाव के लिए जागरूक भी किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार सदर एम ओ आई सीके डॉक्टर के के सिंह पीसीआई से मोहम्मद अनीश भी बीडी इंचार्ज राजू अग्रवाल सदर केटीएस हाफिजुल रहमान सहित चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों ने मलेरिया मुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया।

## हंसडीहा में बनकर तैयार अस्पताल जल्द होगा चालू

खबर मन्त्र संवाददाता


निरीक्षण करते अधिकारी

**सरैयाहाट।** हंसडीहा में 300 करोड़ की लागत से बनकर तैयार अस्पताल का मंगलवार को देवघर एम्स की टीम ने निरीक्षण किया। इस अस्पताल में एम्स द्वारा ओपीडी चालू करने की तैयारी की जा रही है।साथ ही अस्पताल में लगे ऑक्सीजन प्लांट के अलावा ब्लड बैंक व भवन में लगाये गये यंत्रो की टीम ने जानकारी ली।बताते चले कि हंसडीहा अस्पताल में करीब 300 करोड़ की लागत से 100 बेड की बिल्डिंग तैयार की गई है।

निर्मित इस अस्पताल को अगर जल्द चालू कर दिया जाता है तो संताल परगना के लोगों के लिए राहत की बात होगी।इस मौके पर एम्स डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ वार्ष्णेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सरैयाहाट डॉ विमल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरैयाहाट दयानंद जायसवाल, प्रशिक्षु आईएस सनी राज, के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़ ।** सदर अस्पताल के सभागार में मंगलवार को उपायुक्त वरुण की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित की गई।इस कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त वरुण रंजन, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, एसीएमओ डॉ अरविंद कुमार, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एस.के.झा, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो सालों से लोगों को अपना शिकार बनाते आयी है। हर साल 25 अप्रैल को मलेरिया के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के विश्व मलेरिया दिवसह्य यानी वर्ल्ड मलेरिया डे मनाया जाता है। मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जिससे भारत में हर साल हजारों लोग संक्रमित होते हैं। मलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। यह मादा एनाफिलीज मच्छर के जरिए इंसानों के बीच फैलता है। मलेरिया प्लाज्मोडियम विवेक्स नाम के वायरस के कारण होता है। जब मादा एनाफिलीज मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो इस वायरस का अंश मच्छर के शरीर में स्थानांतरित हो जाता है। इसके बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो यह वायरस उन व्यक्ति के शरीर में स्थानांतरित हो जाता है। इसके बाद वह भी मलेरिया से संक्रमित हो जाता है। गंदगी मलेरिया का सबसे बड़ा कारण है। घरों इत्यादि के आसपास गंदगी होने के कारण वहां मच्छर पनपते हैं। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने घर के पास साफ सफाई रखें व मच्छर पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करें। इस बीमारी से बचने के लिए आप अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें और साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें। मच्छरों से सुरक्षित रखने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने बताया की मलेरिया के लक्षण मिलने पर खुद उपचार करने से बचते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया जांच व उपचार कराएं। इसके साथ ही अपने घर और आसपास का वातावरण हमेशा साफ सुथरा रखें। हैं। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति को मच्छर के काटने के 6 से 8 दिन के बाद लक्षण दिखाई देते हैं।

एक नजर में

## वाणिज्य-कर विभाग के प्रयासों को केंद्र ने सराहा

**पटना(हि.स.)।** वित्त-वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि वाणिज्य-कर विभाग को विभिन्न सर्विस सेक्टर में की गई अपनी कार्रवाई में उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व संग्रहण में 27.23 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि विभाग ने भौगोलिक आधार पर अंचल के पदाधिकारियों का क्षेत्राधिकार तय किया गया है, जिससे कर अप वंचकों के पहचान की जिम्मेदारी निर्धारित हुई है। साथ ही सेवा क्षेत्र जैसे- रियल इस्टेट, बैंकिंग एवं इंश्योरेंस प्रक्षेत्र, टेलीकॉम, ई-कॉमर्स, मैरिज हॉल, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सर्विस सेक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे इस क्षेत्र से भी बेहतर राजस्व संग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र ने भी वाणिज्य-कर विभाग के प्रयासों को उत्तम प्रयास माना है एवं 24 अप्रैल 2023 को केन्द्रीय राजस्व सचिव की अध्यक्षता में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सभी राज्यों के जीएसटी आयुक्त एवं केंद्रीय माल और सेवा कर के पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न नेशनल को-आर्डिनेशन बैठक में बिहार के अलावा देश के कुछ अन्य राज्यों ने भी अपने उत्तम प्रयासों के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया था। विजय चौधरी ने कहा कि विभाग के ऐसे प्रयासों से रियल इस्टेट प्रक्षेत्र में प्रारंभिक जांच में 147 करोड़ रुपये की विसंगति पायी गई, जिसमें 18 करोड़ रुपये की वसूली भी की जा चुकी है, जबकि कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई से इस क्षेत्र के करदाताओं के कर-दायित्व में लगभग दोगुनी अभिवृद्धि हुई है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि वाणिज्य-कर विभाग के इन प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 34532 करोड़ रुपये का कुल राजस्व संग्रहण हुआ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27.23 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के राजस्व सचिव ने बिहार के वाणिज्य-कर विभाग के ऐसे नवाचारों की सराहना किया जाना बिहार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के राजस्व सचिव ने अन्य राज्यों से भी थर्ड पार्टी इंफॉर्मेशन के आधार पर राजस्व संग्रहण के प्रयास करने का अनुरोध किया गया। चौधरी ने कहा कि बिहार ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल करके देश के अन्य राज्यों के लिए नजीर बनने का काम किया है। यह राज्य के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## देश की सुरक्षा केंद्र की प्राथमिकता है : राय

**पटना (हि.स.)।** देश के अलग-अलग राज्यों के साथ ही एनआईए की छापेमारी बिहार के मोतिहार, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीवान और कटिहार समेत 17 लोकेशन पर चल रही है। इस छापेमारी को लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यहां कहा कि देश की सुरक्षा केंद्र सरकार की पहली प्राथमिकता है और उसी के तहत यह कार्रवाई की गई है। नित्यानंद राय ने कहा कि देश की सुरक्षा और शांति व्यवस्था हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है और उसी के तहत कार्रवाई की जा रही है। भारत के कानून ने एनआईए को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकार दे रखा है। बिहार को आरामगाह मान रहे पीएफआई के खिलाफ एनआईए स्वतंत्र रूप से उसी कानून के तहत काम कर रही है। बिहार में अपराध की बढ़ती घटनाओं को लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय नीतीश-तेजस्वी की सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने के बाद बिहार में जघन्य अपराध बढ़ा है। बिहार से लोग पलायन कर रहे हैं। बच्चों के माता-पिता डरे और सहमे हुए हैं। नीतीश और तेजस्वी की सरकार अपराध के सही आंकड़े नहीं दें रही है।नीतीश के विपक्षी एकजुटता वाली मुहिम पर नित्यानंद राय ने कहा कि नीतीश अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं। उन्हें कोई पूछ नहीं रहा और वे समर्थन मांगते फिर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पीएफआई कनेक्शन को लेकर एनआईए की टीमें बिहार, यूपी और मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में छापेमारी कर रही हैं। बिहार के मोतिहार, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीवान और कटिहार में एनआईए की टीम ने छापेमारी की है।

## सीवान से पीएफआई से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**सीवान (हि.स.)।** शहर के पटवा टोली मुहल्ला में मंगलवार की सुबह ही पटना से आई नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम ने छापेमारी करके अल्पसंख्यक समुदाय के दो लोगों को गिरफ्तार किया और पटना ले गई। एनआईए की टीम सोमवार की रात्रि ही सीवान पहुंच गई थी। स्थानीय पुलिस से संपर्क करके मंगलवार को सूर्योदय से पहले पटवा टोली में छापेमारी कर के मोहम्मद जोहरम मियां और उनके एक रिश्तेदार मोहम्मद राज को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की टीम जोहरम मियां के पुत्र शदाकत मियां को ढूढ़ रही थी। शदाकत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े मामलों में आरोपित है। एनआईए की टीम ने छह माह पहले भी सदाकत मियां की तलाश में सीवान में कई स्थानों पर छापेमारी की थी। स्थानीय लोगों की मानें तो शदाकत पिछले कुछ वर्षों से पटना के फुलवारी शरीफ में रहकर पढ़ाई करता था। वहीं पर वह पीएफआई के संपर्क में आकर अवांछित गतिविधियों में शामिल हो गया है। सीवान में एनआईए की छापेमारी के संबंध में सीवान पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि पटना से एनआईए की टीम आई थी और छापेमारी में सहयोग मांगा, जिस पर स्थानीय पुलिस ने सहयोग किया। इस से ज्यादा जानकारी मेरे पास नहीं है।

## भीषण विस्फोट से मकान उड़ा, लाखों का नुकसान

**नवादा (हि. स.)।** नवादा नगर के बड़ी दरगाह मोहल्ले में सोमवार की देर रात एक मकान में भीषण बम विस्फोट में लाखों की संपत्ति नष्ट हो गई है। वहीं मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई है। एसपी से लेकर तमाम पुलिस अधिकारी इस संबंध में कुछ बताने को तैयार नहीं है । एसपी का कहना है कि मकान में ताला लगा था। मकान के सभी किरायेदार बाहर गए हुए थे। मकान मोहम्मद शफीम का बताया जा रहा है। जिसमें मोहम्मद शमीम सहित तीन किरायेदार रह रहे थे ।धमाका इतना जबरदस्त था कि इलाके को दहला दिया। धमाके की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घर का अगला हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक टीम को बुलाया जा रहा है। जांच के बाद ही सही स्थिति का पता लगाया जा सकता है।इलाके के लोगों का कहना है कि निश्चित तौर पर घर के अंदर बम बनाने का काम किया जा रहा था। जिसके बाद भीषण विस्फोट हुआ है। बम विस्फोट के नजारे से यह साफ जाहिर है कि बम बहुत शक्तिशाली रहा होगा। तभी इतने बड़े घर तक को उड़ा डाला है। इलाके के लोग इस घटना के बाद भयभीत दिख रहे हैं। वहीं पुलिस जांच में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक एसपी घटना के संबंध में कुछ भी विशेष बताने की स्थिति में नहीं थे।फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है ।

## दिनकर व सूरदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा (हि.स.)।** राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर एमएलटी कॉलेज में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग के तत्वावधान में आईक्वेक भवन में आयोजित दिनकर जयंती पर दिनकर जी की रचनाओं से चयनित कविताओं का पाठ किया गया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो.डॉ.पवन कुमार ने राष्ट्रकवि दिनकर की कविताओं में ओज, विद्रोह, आक्रोश और क्रांति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा राष्ट्रकवि दिनकर जी की कविताओं में देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। डॉ.उदय कुमार ने कहा दिनकर की प्रमुख रचनाओं में कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी और उर्वशी है। डॉ.मयंक भार्गव ने उनके कविता का गान कर उसमें चार चांद लगा दिया। वहीं मंगलवार को हिंदी विभाग के तत्वावधान में सूरदास जयंती का आयोजन किया गया। सूरदास जयंती के अवसर पर सूरदास जी के विभिन्न पदों की भावमय प्रस्तुति दी गई। जिसमें मौजूद श्रोतागण आनंद विभोर होते रहे। सूरदास जयंती के अवसर पर डॉ.अजय कुमार सिंह ने सूरदास जी को हिंदी का अनन्य महाकवि बताते हुए कृष्ण काव्य परंपरा में उनके विशेष योगदान को रेखांकित किया। डॉ.उदय कुमार ने सूरदास के वियोग एवं संयोग श्रृंगार की विशेषताओं की अभिव्यक्ति पर चर्चा की। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक शिव शंकर झा, चन्द्र शेखर अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।